अधिकतम :26° C
न्यूनतम: 12° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 29 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 105 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों: राष्ट्रपति पेज 2

मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा खेल टाइम्स

जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम सम्पादकीय

अमेरिका में अब इंडियन शब्द के इस्तेमाल पर रोक !, ट्रम्प का फिर विवादित बयान पेज 12

संक्षिप्त समाचार

चार दिसम्बर को भारत आएंगे राष्ट्रपति पुतिन

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चार दिसम्बर को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। श्री पुतिन पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत यात्रा पर आ रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रूसी राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में भोज देंगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि श्री पुतिन चार से पांच दिसम्बर तक भारत यात्रा पर आ रहे हैं, जहां वह भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यात्रा के दौरान श्री पुतिन श्री मोदी के साथ बातचीत करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू श्री पुतिन की अगवानी करेंगी और उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी किया जाएगा। श्री पुतिन की यह यात्रा भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और विशेष तथा विशेषाधिकार रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का विज़न तय करने और परस्पर महत्व के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान- प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी।

कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले बुलाई बैठक

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शीतकालीन सत्र से पहले संसद में पार्टी की रणनीति बनाने के लिए 30 नवम्बर को संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर 'संसदीय रणनीतिक समूह' की बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ राज्यसभा और लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार आ रहे बयानों, चीन के साथ बिजनेस समझौतों तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग करेगी। इसके अलावा मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को बड़ा मुद्दा बनाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने की भी तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक संसद सत्र में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली प्रदूषण पर भी दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस रणनीति समूह की बैठक में चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू हो रहा है, जो 19 दिसम्बर तक चलेगा।

कपिल के कनाडा के कैफे में फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैप्स कैफे में हुई फायरिंग के आरोपी को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम बंधु मान सिंह सेखों है, जो गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लो गैंग का अहम हैंडलर बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पीएक्स-3 हाई-एंड पिस्टल (मेड इन चाइना) बरामद की है, जिसमें 8 जिंदा कारतूस भी मिले। पुलिस के मुताबिक सेखों के भारत में छिपे होने की सूचना मिली थी। सेखों पर आरोप है कि उसने फायरिंग की साजिश रची थी और शूटरों से लेकर लॉजिस्टिक सपोर्ट तक मुहैया कराया था।

सहारनपुर: बेकाबू डम्पर कार पर पलटा, सात की मौत

मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी

सहारनपुर। गागलहेड़ी थाने के गांव सोना सैयद माजरा के पास टोल प्लाजा पर शुक्रवार सुबह ओवरब्रिज के अंडर पास में बजरी से भरा डम्पर बेकाबू होकर सामने से आ रही आई-20 कार पर पलट गया, जिससे कार सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

बड़ी मुश्किल से शवों को कार से निकाल कर जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पंचनामा भर कर सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर कमिश्नर डा. रूपेश कुमार, डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी घटना स्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। जिला अस्पताल पहुंचकर कमिश्नर एवं डीआईजी ने सभी शवों को देखा मृतकों के परिजनों को दिलासा दिया। उन्होंने वहां मौजूद मीडिया कर्मियों से कहा कि यह बहुत दुखद हादसा है और प्रशासन इसकी जांच कराएगा। उन्होंने बताया कि डम्पर के चालक को हिरासत में ले लिया गया है। जिला अस्पताल में मौजूद एसपी सिटी व्योम जिंदल और सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने बताया कि मृतकों में संदीप (25), रानी (55), जॉली (30), शेखर (35) दामाद, छांगामाजरी थाना भगवानपुर उत्तराखंड और 2 वर्षीय बालक अनिरुद्ध और विपिन निवासी ग्राम दौलतपुर थाना चिलकाना -शेष पृष्ठ दो पर

- शवों को बड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला
- भीड़ ने पांच घंटे तक सहारनपुर-देहरादून हाईवे पर लगाया जाम

बुलंदशहर में हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की मौत

बुलंदशहर। जिला में गुरुवार देर रात एक विवाह समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की गोली लगने से मृत्यु हो गई। यह घटना थाना चोला क्षेत्र के ग्राम खानपुर की है, जहां ककोड़ थाना क्षेत्र के अजय नगर निवासी शिवम की बारात आई हुई थी। समारोह के दौरान सुग्रीव नामक व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग की जा रही थी। इसी दौरान गोली भाजपा नेता धर्मेन्द्र भाटी की छाती में जा लगी। गंभीर रूप से घायल भाटी को नोएडा स्थित एक अस्पताल में मौत हो गई।

अब आधार कार्ड से जन्म तिथि साबित नहीं होगी

योगी सरकार का नया आदेश, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य वैध दस्तावेज होंगे अनिवार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्पष्ट किया है कि अब किसी भी सरकारी प्रक्रिया में आधार कार्ड को जन्मतिथि साबित करने के दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सरकार के इस आदेश के बाद अब नियुक्ति, प्रवेश, पेंशन, लाइसेंस सहित सभी ऐसे कार्यों में जहां जन्मतिथि का प्रमाण आवश्यक होता है, आधार कार्ड का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। शासन ने निर्देश जारी कर कहा है कि आधार में दर्ज जन्मतिथि अधिकतर स्थिति में स्वयं घोषित होती है और यह आधिकारिक अभिलेखों के आधार पर सत्यापित नहीं होती, इसलिए इसे जन्मतिथि के विश्वसनीय स्रोत के रूप में नहीं माना जा सकता। सरकार के आदेश के अनुसार अब जन्मतिथि साबित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र को प्राथमिक दस्तावेज माना जाएगा, जो नगर निगम, नगर निकाय अथवा ग्राम पंचायत में दर्ज जन्म पंजीकरण अभिलेखों से जारी होता है। इसके साथ ही हाईस्कूल की मार्कशीट या विद्यालय द्वारा जारी किया गया मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी जन्मतिथि के वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अस्पताल रिकॉर्ड या अन्य किसी सक्षम सरकारी -शेष पृष्ठ दो पर

- अधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश

घर बैठे आधार में मोबाइल नंबर बदल सकेंगे

मुंबई। जल्द ही आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकेंगे। आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने नई डिजिटल सर्विस की घोषणा की है। इसके जरिये यूजर्स आधार एप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस आथेंटिकेशन से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर पाएंगे।

इस सर्विस से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग और सीनियर सिटिजन को आसानी होगी। यूआईडीएआई ने शुक्रवार को मोबाइल नंबर अपडेट करने वाली सर्विस के लॉन्च की घोषणा की। यूआईडीएआई के मुताबिक मोबाइल अपडेट करने की प्रोसेस काफी सिंपल रखा गया है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है।

- एप पर ओटीपी और फेस आथेंटिकेशन से अपडेट होगा
- किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी

ऑपरेशन सिंदूर ने बढ़ाई भारत की सैन्य रैंकिंग, मेजर पावर बना

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट ने शुक्रवार को बताया कि भारत अब एशिया पावर इंडेक्स-2025 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बन गया है। रैंकिंग में अमेरिका पहले और चीन दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक ये दर्जा तेज आर्थिक वृद्धि और बढ़ती सैन्य क्षमता के आधार पर मिला है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के प्रदर्शन ने भी डिफेंस रेटिंग बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

2024 में भारत 38.1 स्कोर के साथ मध्यम ताकत की श्रेणी में था। 2025 में स्कोर बढ़कर 40 पाइंट हो गया, जिसके बाद भारत बड़ी ताकत की श्रेणी में शामिल हो गया। लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान 14.5 प्वाइंट के साथ 16वें नंबर पर है। अमेरिका का कुल स्कोर 1.2 पाइंट घटा है। एशिया पावर इंडेक्स 27 देशों का 131 पैरामीटर्स पर मूल्यांकन करता है। इसमें संसाधन, अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव शामिल हैं। अमेरिका एशिया में न होते हुए भी अपने बड़े प्रभाव के कारण इसमें शामिल है। इंडेक्स के अनुसार भारत निवेश के लिए तेजी से आकर्षक बन रहा है। अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आता है और इस मामले में उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि कंपनियां अपनी सप्लाई चेन को चीन से बाहर फैलाना चाहती हैं। ऑपरेशन सिंदूर में मिले अनुभव ने रक्षा क्षमता की रेटिंग को और मजबूत किया है। भारत आर्थिक क्षमता में जापान को पीछे छोड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। भारत में विदेशी निवेश बढ़ा है, जिससे इकोनामिक रिलेशन इंडेक्स में यह 9वें स्थान पर पहुंचा। भारत की इकोनॉमी, कनेक्टिविटी, टेक्नोलॉजी और मिलिट्री क्षमता लगातार बेहतर हो रही है।

- दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य ताकत बना, लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे और पाकिस्तान 16वें नंबर पर
- ऑपरेशन सिंदूर बढ़ाने में अहम भूमिक चीन को पीछे छोड़ा

वायु प्रदूषण संकट पर संसद में चर्चा जरूरी: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुएपीएम मोदी से इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है और हर घर की अपने बच्चों लेकर यह बघे चिंता बन गई है, इसलिए देश के बच्चों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए उन्हें स्वच्छ हवा में सांस लेने का हक है और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि मैं जिस भी मां से मिलता हूं, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा जहरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। वे थके हुए, डरे हुए और गुस्से में हैं।

- कांग्रेस नेता ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

व्यापक सुधार विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक जरूरत: राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद सहित विभिन्न क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत बनाने के लिए सेनाओं सहित सभी संस्थाओं में व्यापक सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि ये विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। जब हम दुनिया के माहौल और अपने पड़ोस की असलियत को देखते हैं, तो एक बात बहुत साफ हो जाती है, हम भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पुरानी व्यवस्था पर भरोसा नहीं कर सकते।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता हुई और खराब

नई दिल्ली। दम घोंटने वाले धुआं और धूल (स्मॉग) के साथ राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को भी वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' स्तर का दर्ज किया गया और तड़के दृश्यता भी कम रही।

वायु गुणवत्ता संबंधी सूचनाओं से पता चला कि आज पूर्वाह्न 11 बजे शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 315 था, जो खतरनाक श्रेणी के अंतर्गत आता है। पीएम 2-5 (227) और पीएम10 (295) दर्ज की गई, जो सुरक्षित सीमा से कई गुना अधिक है। उच्च आर्द्रता (68 प्रतिशत), बादलों तथा हवा की कम गति की वजह से प्रदूषक जमीन से कुछ ही ऊपर बने रहे। आनंद विहार सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक था, जहां दिन की शुरुआत में निगरानी डेटा के अनुसार एक्यूआई 408 तक पहुंचने के कारण घना 'धूल और धुआं' छा गया। प्रदूषण की 'गंभीर' श्रेणी वाले कई प्रमुख इलाके अशोक नगर (417 एक्यूआई), बवाना (413), चांदनी चौक (408), जहांगीरपुरी (420), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (401), और बुराड़ी क्रॉसिंग (403) शामिल हैं।

चुनाव आयोग से मिला टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची के एसआईआर के बीच यहां चुनाव आयोग के साथ मैराथन बैठक की और इस दौरान पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों की सुरक्षा का मुद्दा विशेष रूप से उठाया। डेरेक ओब्रायन ने नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की टीम ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों आयुक्तों डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जारी के साथ एसआईआर के साथ ही अन्य मुद्दों पर लंबी बातचीत की।

जीडीपी वृद्धि दर रही दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2025) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें सेवा क्षेत्र और विनिर्माण की वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही।

इस दौरान निजी खपत में तेजी दर्ज की गई, जबकि सरकारी खपत में एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में हल्की गिरावट रही। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दूसरी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान तिमाही के 44.94 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक है। यह जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के बाद सबसे तेज बढ़ोतरी है। इससे पहले, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही -अप्रैल-जून 2025 के दौरान जीडीपी 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आलोच्य तिमाही में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत और विनिर्माण क्षेत्र की 9.1 प्रतिशत दर्ज की गई। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल-सितम्बर 2025 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर आठ प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह 6.1 प्रतिशत और दूसरी छमाही में 6.9 प्रतिशत रही थी। विशेषज्ञों ने बताया कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की विकास दर देश की अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती को दिखाती है। उन्होंने कहा कि मांग की स्थिति मजबूत बनी हुई है। जीडीपी में तेज वृद्धि को पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारक द्वितीयक क्षेत्र का प्रदर्शन है, जिसमें विनिर्माण भी शामिल है।

- सेवा और विनिर्माण का जोरदार प्रदर्शन, वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही

गरीबों के लिए आधी रात तक बैठ सकता हूं: सीजेआई

नई दिल्ली। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि गरीबों को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, उनके लिए वे आधी रात तक कोर्ट में बैठ सकते हैं।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची के साथ बेंच में बैठे सीजेआई ने यह टिप्पणी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। उन्होंने कहा कि मेरी अदालत में कोई लग्जरी मुकदमेबाजी नहीं है। ऐसे मामले अमीर लोग ही लड़ते हैं। मैं आपको बता दूं, मैं यहां सबसे छोटे, सबसे गरीब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए हूं। अगर जरूरत पड़ी, तो मैं उनके लिए आधी रात तक यहां बैठूंगा।

- जस्टिस सूर्यकांत बोले- मैं यहां सबसे छोटे व्यक्ति के लिए हूं, मेरी कोर्ट में लग्जरी केस नहीं

संक्षिप्त समाचार

तेंदुए के लिए लगाए पिंजरे में दो घंटे तक फंसा रहा युवक

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के फखरपुर थाना क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक युवक के फंस जाने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में पिंजरे के अंदर घुसे युवक को लगभग दो घंटे बाद ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। घटना उमरी दहलो गांव की है, जहां प्रदीप (45) के घर से लगभग 500 मीटर दूर तेंदुए की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। दो दिन पहले इसी इलाके में तेंदुए के हमले में एक वृद्ध की मौत हो गई थी। तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक बकरी को चारे के रूप में बांधा गया था। गुरुवार रात करीब 10 बजे नशे में धुत प्रदीप पिंजरे के पास पहुंचा और अंदर चला गया। जैसे ही वह भीतर गया, पिंजरे का दरवाजा बंद हो गया। प्रदीप ने बाहर निकलने की काफी कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उसने मोबाइल फोन से ग्रामीणों को सूचना दी।

लेखपाल की आत्महत्या से नाराज लेखपालों का धरना प्रदर्शन

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या से क्षुब्ध प्रदेश भर के लेखपालों ने शुक्रवार को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसी में लेखपाल संघ के बैनर तले राजातालाब तहसील परिसर में बड़ी संख्या में लेखपालों ने धरना देकर जमकर नारेबाजी की। लेखपालों का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अत्यधिक कार्यभार और दबाव के कारण अधिकारियों ने सुधीर कुमार को अपनी शादी के लिए भी छुट्टी नहीं दी, जिससे मान. सिक रूप से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली।

यूपी के लोगों को बिजली बिल के ब्याज पर 100 फीसदी छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- उपभोक्ताओं को योगी सरकार ने दी बड़ी राहत

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत का ऐलान किया है। इसमें एक दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान में बिजली बिल के ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी, इसके साथ ही मूलधन में भी भारी छूट का प्रावधान किया गया है।

इसमें घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 2 किलोवाट और कमर्शियल उपभोक्ता 1 किलोवाट तक शामिल हैं। 90 दिन तक चलने वाली इस योजना में बिजली के बकाया बिल पर सरचार्ज पूरी तरह खत्म होने के साथ इसे आसान किश्तों में जमा किया जा सकेगा। इस योजना में घरेलू उपभोक्ता 2 केवी और दुकानदार 1केवी को उनके लंबित बिजली बकाया में विशेष छूट दी जाएगी। उपभोक्ता पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन पर 25 प्रतिशत तक की भारी छूट प्राप्त कर सकेंगे। छोटे-छोटे बकायों के निस्तारण हेतु उपभोक्ताओं को आसान मासिक किश्तों में भुगतान की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे बिना किसी दबाव के देय राशि का समायोजन कर सकें। प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए योजना बेहद राहत देने वाली है।

उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए बोले मंत्री कपिल देव अग्रवाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए योगी सरकार कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के त्रिकोणीय मॉडल को मजबूती से आगे बढ़ा रही है। इसी कड़ी में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने ने कहा कि योगी सरकार एक ऐसा मॉडल विकसित कर रही है, जो उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के साथ युवाओं को आर्थिक स्थिरता देगा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय, अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण ही नहीं, युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित युवा शक्ति ही आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को मजबूत कर सकती है। इसके लिए सेवा मित्र पोर्टल को और उन्नत करने, अधिकाधिक आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के युवाओं को जोड़ने और व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया, ताकि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित समय में हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की रियल टाइम आउटकम ट्रैकिंग अत्यंत आवश्यक है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किस संस्थान से प्रशिक्षित युवक वर्तमान में कहां कार्यरत हैं, उनकी कौशल वृद्धि कितनी हुई है और किस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है। डेटा कैप्चर की गुणवत्ता सुधारने और इसे रियल टाइम सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सेवा प्रदाताओं और आईटीआई छात्रों का एकीकरण उद्योगों से सीधा संपर्क स्थापित करेगा और युवाओं को तत्काल रोजगार अवसर मिलेंगे।

मुजफ्फरनगर के बच्चों की पूरी जिम्मेदारी मेरी: कपिल देव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने उन्नीसवीं नेशनल जम्बूरी में प्रतिभाग करने पहुंचे मुजफ्फरनगर जिले के स्काउट्स एवं गाइड्स दल का शुक्रवार को लखनऊ स्थित आवास पर आत्मीय स्वागत किया। मंत्री ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि ये बच्चे मुजफ्फरनगर के हैं, और इनकी पूरी जिम्मेदारी भी मेरी है। इनके ठहरने, भोजन, सुरक्षा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की निगरानी मैं स्वयं कर रहा हूं। मुजफ्फरनगर से आए स्काउट्स-गाइड्स का दल 22 नवम्बर से 30 नवम्बर तक मंत्री आवास पर ही ठहरा हुआ है। आवास, भोजन, परिवहन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था मंत्री अग्रवाल ने अपने प्रत्यक्ष निर्देशन में सुनिश्चित की है। बच्चों और प्रशिक्षकों ने मंत्री द्वारा किए गए इस विशेष सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्काउट्स- गाइड्स संगठन को देश का सबसे अनुशासित और संस्कारित युवाओं का समूह बताते हुए कहा कि योगी सरकार युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार मानती है।

विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों

वसुधैव कुटुम्बकम आज के समय प्रासंगिक:मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ध्यान (योग) समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

लखनऊ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व. विद्यालय द्वारा लखनऊ में आयोजित 'विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान (योग)' के राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए कहा कि विश्वास का आधार शांत मन, स्वस्थ विचार और शुद्ध भावनाएं ही होती हैं। उन्होंने कहा कि जब मन स्थिर होता है, तब व्यक्ति समाज और दुनिया में शांति का माध्यम बनता है।

सशक्त आत्मा ही विश्व एकता की संकल्पना को साकार करने की आधारशिला रही है और यही एक बेहतर, शांतिपूर्ण विश्व का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन की शुरुआत 'ओम शांति' से करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का जो संदेश दिया है, वह आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। जब विश्व अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब 'सारा विश्व एक परिवार' का यह भाव मानवता को जोड़ने और सहअस्तित्व की नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ध्यान अभियान विश्व में एकता, करुणा और विश्वास की भावना को और प्रबल बनाएगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार समाज को अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और मूल्य-आधारित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। योग और ध्यान को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाना, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मूल्य-आधारित शिक्षा का समावेश इसी दिशा में उठाए गए सार्थक प्रयास हैं। उन्होंने मिशन लाइफ, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समावेश और पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को मानवता के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन तनाव, अविश्वास और एकाकीपन भी बढ़ा है। ऐसे समय में आत्मचिंतन, ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास अत्यंत आवश्यक हो उठते हैं। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजयोग ध्यान जीवन को संतुलित और उद्देश्यमय बनाता है। उन्होंने समाज में शांति और विश्वास की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सभी से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन कुछ समय आत्मिक अभ्यास और ध्यान के लिए अवश्य निकालें। उन्होंने ब्रह्मकुमारियों को कलश और भाइयों को संगठन की ध्वजा सौंपकर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया।

महापौर ने सौंपी नगर की चाभी

लखनऊ। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के लखनऊ आगमन पर शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा औपचारिक स्वागत एवं सम्मान के महत्वपूर्ण अवसर का साक्षी बना। राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए प्रदेश और नगर के शीर्ष जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ की गरिमामई परंपरा के अनुरूप राष्ट्रपति को नगर की चाभी भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। नगर की चाभी सौंपना लखनऊ की ओर से सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक माना जाता है। इस सम्मान को ग्रहण करते हुए राष्ट्रपति ने लखनऊवासियों के प्रति अपना स्नेह एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा बृजेश पाठक भी उपस्थित रहे।

अमर सिंह की बेटियों पर टिप्पणी मामले में आजम खां को राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

रामपुर। समाजवादी पार्टी के महासचिव आजम खान अभी जेल में बंद है, इस बीच कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अमर सिंह की बेटियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बड़ी राहत दी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। 2018 में अमर सिंह ने अपनी बेटियों पर एसिड अटैक की धमकी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

राज्यसभा सदस्य रहे अमर सिंह का निधन हो चुका है। उन्होंने आजम खान के विवादित बयान पर लखनऊ के गोमत. िनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। रामपुर कोर्ट ने मामले में आजम खान को जेल से पेश होने के आदेश दिए थे। पुलिस की कैदी गाड़ी रामपुर जेल लेने गई थी, लेकिन वह तबियत का हवाला देते नहीं बैठें। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। आजम खान ने जौहर यूनिवर्सिटी में एक निजी चैनल को दिए इंटर्व्यू में विवादित बयान दिया था। इस पर उस समय खूब हंगामा मचा था, अमर सिंह ने इसके लेकर दिल्ली से लखनऊ तक विरोध प्रदर्शन किया था। आजम के खिलाफ आईपीसी की धारा 153।, 295। और 506 के तहत कार्रवाई हुई थी। अमर सिंह ने शिकायत में अपनी बेटियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए न्याय की मांग की थी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी। मंगलवार को कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश को रिजर्व रख लिया था। आज कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आजम खान को बरी कर दिया।

अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 85700.29 | निफ्टी 26200.60

सोना रु. 127890 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 173100 प्रति किलो

शेयर बाजारों में तेजी थमी, मामूली गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता

निजी बैंकों, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। दोपहर बाद तक तेजी में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.71 अंक (0.02 प्रतिशत) टूटकर 85,700.29 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई का निफ्टी.50 सूचकांक भी 14.95 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट में 26,200.60 अंक पर रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को 14 महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.21 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत फिसल गया। एनएसई में कुल 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,527 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,555 के शेयर गिर गए। अन्य 105 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। ऑटो, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों और सार्वजनिक बैंकों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, तेल एवं गैस, निजी बैंकों, रियलिटी और वित्तीय क्षेत्रों पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.07 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सनफार्मा में 1.20 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अडानी पोर्ट्स के शेयरों में भी तेजी रही। पावरग्रिड का शेयर सबसे ज्यादा 1.39 फीसदी लुढ़क गया। इटरनल में 0.83 फीसदी, भारती एयरटेल में 0.70 और एक्सिस बैंक में 0.55 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, ट्रेंट, बीईएल, एलएंडटी और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 0.34 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ।

सोने के दाम में गिरावट चांदी में तेजी बरकरार

नई दिल्ली। देश में शुक्रवार सुबह सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव गिरकर 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। दूसरे शहरों में भी कीमत लुढ़की है। प्रॉफिट बुकिंग, कमजोर वैश्विक रुख और घरेलू स्तर पर कम खरीद की वजह से सोने की कीमतों को झटका लगा। वैश्विक बाजार में सोने का हाजिर भाव गिरकर 4,158.38 डॉलर प्रति औंस रह गया। सोने से उलट चांदी की कीमत में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को चांदी का भाव 173100 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। अमेरिकी बिजनेसमैन और किताब 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी का अनुमान है कि चांदी जल्द ही 70 डॉलर और शायद 2026 में 200 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच जाएगी। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट का भाव 117240 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इस बीच यह उम्मीद बनी हुई है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व दिसंबर की मीटिंग में ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है। अगर फेड की ओर से ब्याज दर में और कमी की जाती है, तो सोने की कीमत में तेजी आ सकती है। रेट कट से बॉन्ड कम आकर्षक हो जाते हैं और निवेशक सोने-चांदी जैसे सेफ एसेट्स में निवेश बढ़ाते हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.472 अरब डॉलर घटकर 688.104 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.69 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 560.60 अरब डॉलर रह गया। इसमें डॉलर के अलावा जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं, जिनका मूल्य उनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है। स्वर्ण भंडार 2.675 अरब डॉलर घटकर 104.182 अरब डॉलर पर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की आरक्षित निधि 2.3 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 8.4 अरब डॉलर घटकर क्रमश: 4.757 अरब डॉलर और 18.566 अरब डॉलर पर आ गया। पिछले कुछ समय से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के आसपास बना हुआ है। देश की आर्थिक मजबूती को दिखाता है और रिजर्व बैंक की जरूरत पड़ने पर रुपये को समर्थन देने की गुंजाइश को बढ़ाता है।

औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े एक दिसम्बर को आएंगे

नई दिल्ली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अक्टूबर के आंकड़े अब 1 दिसम्बर को जारी होंगे। पहले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर) के आंकड़े और आईआईपी के अक्टूबर के आंकड़े 28 नवम्बर को एक ही दिन जारी होने थे। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि जीडीपी के आंकड़े आज जारी होने के कारण आईआईपी के आंकड़ों का प्रकाशन टाल दिया गया है। अब ये आंकड़े 1 दिसम्बर को जारी किए जाएंगे।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

सहारनपुर: डम्पर...

सहारनपुर और उमेश सिंह (52) निवासी मो. हद्दीपुर रावली हरिद्वार उत्तराखंड शामिल है। जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुई आई-20 कार को संदीप सिंह चला रहा था। घटनास्थल पर सांसद इमरान मसूद, पूर्व मंत्री डा. धर्म सिंह सैनी, एमएलसी शाहनवाज खान, विधायक आशु मलिक और पूर्व विधायक जगपाल सिंह आदि ने जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी से मांग की कि मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा दिया जाए। डीएम मनीष बंसल ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख का मुआवजा देने की घोषणा की। पांच घंटे के सड़क जाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई, पुलिस प्रशासन ने कई वाहनों को मार्ग बदलकर निकलवाया। डीएम, एसएसपी ने जाम खुलवाने के बहुत प्रयास किए, लेकिन गुस्साई भीड़ कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं थी। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर जाम खुलवाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने लोग सहारनपुर जिले के नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव मोहद्दीपुर फन्दपुरी में अपनी रिश्तेदारी में हुई मौत में शोक जताने के लिए जा रहे थे कि सहारनपुर जनपद के थाना गागलहेड़ी के इस दर्दनाक हादसे में इन सभी की जान चली गई। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्यों और उनके दो निकट सम्बन्धियों की मौत हो गई।

अब आधार...

विभाग द्वारा जारी दस्तावेज भी परिस्थितियों के अनुसार मान्य माने जाएंगे। शासन स्तर पर यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि विभिन्न विभागों में दस्तावेज सत्यापन के दौरान हो रही भ्रांतियों, फर्जीवाड़े और स्वघोषित जन्मतिथि के आधार पर बन चुके आधार कार्ड के उपयोग से उत्पन्न विवादों को समाप्त किया जा सके। कई मामलों में पाया गया कि आधार बनवाते समय लाभार्थी स्वयं जन्मतिथि अंकित कर देते हैं, जिससे आधिकारिक रिकॉर्ड और आधार में दर्ज तिथि में असंगति सामने आती है। सरकार का कहना है कि जन्मतिथि जैसे महत्वपूर्ण अभिलेख केवल उन दस्तावेज़ों के आधार पर ही स्वीकार किए जाने चाहिए जिनका स्रोत सरकारी पंजीकरण या मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थान हों। इस नए आदेश के लागू होने के बाद अब राज्य के सभी विभागों में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया अधिक स्पष्ट और विश्वसनीय मानी जा रही है। शासन ने विभागों को यह भी निर्देशित किया है कि भविष्य में किसी भी अभ्यर्थी के दस्तावेजों की जांच करते समय आधार कार्ड को जन्मतिथि से संबंधित प्रमाण के रूप में कतई न माना जाए, बल्कि केवल वैध प्रमाणपत्रों के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाए। सरकार का यह कदम प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आधिकारिक अभिलेखों की विश्वसनीयता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया: गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को कहा कि व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है।

गोयल यहां उद्योग मंडल फिक्की की 98वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वाणिज्य मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है। हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है, जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं। उन्होंने व्यापार समझौतों को लेकर सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब विकसित देशों के साथ एफटीए पर काम कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं। मारीशस के साथ विस्तृत आर्थिक भागीदारी का समझौता किया गया है।

पचास देशों के साथ एफटीए पर बात कर रहा है भारत: गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत मौजूदा समय में 14 देशों और देश के समूह के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर बात कर रहा है जिसमें कुल 50 देश शामिल हैं। गोयल ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में हमने देखा है कि किस तरह से व्यापार को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। इस दौरान हमने दुनिया में विश्वसनीय सहयोगियों की जरूरत को भी महसूस किया है और यह समझा है कि हमें उन देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जो निष्पक्ष व्यापार और समान अवसर में विश्वास करते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काली जादा, मुरादाबाद-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक सांसृष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
गुर्दा की कमी, बढ़ज़गर्दी जॉन्डिस, पेटी लीवर, एल्कॉलिक लिवर डिजीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फ्रिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

मॉडर्न ऐरा स्कूल की प्रिंसिपल की मां ने दम घुटने से गंवाई जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। माडर्न एरा पब्लिक स्कूल में आज सुबह हादसे में प्रिंसिपल डा.सीमा विश्वास की वृद्ध माता की अग्निकांड के दौरान दम घुटने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इससे स्कूल परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मॉडर्न एरा स्कूल की प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास स्कूल परिसर में बने आवास में अपनी 78 वर्षीय वृद्ध मां अर्चना विश्वास के साथ रहती है। शुक्रवार की सुबह उनकी मां अर्चना विश्वास घर में अकेली थीं। पूर्वाह्न करीब 11 बजे अचानक शार्ट सर्किट से घर के एक कमरे में आग लग गई। वृद्धा अर्चना श्वांस सम्बंधी रोग से पीड़ित थीं। घर में धुआं होने के कारण उनका सांस फूल गया और वह बेहोश हो गईं। बताया जाता है कि अर्चना विश्वास मामूली रूप से झुलस भी गई थीं। घर से धुंआ उठता देख स्कूल

स्टॉफ दौड़ कर वहां पहुंचा। बेहोश वृद्धा को आनन फानन में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां थोड़ी ही देर बाद उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। घटना से स्कूल में मातम पसर गया। लोग हादसे पर अफसोस व्यक्त करते हुए प्रिंसिपल डा.सीमा विश्वास को ढांढस बंधा रहे थे। मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अनिल चौधरी एड. ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण घर में धुआं ही धुआं हो गया था। अर्चना विश्वास सांस की रोगी थीं। उनसे धुआं बर्दाश्त नहीं हुआ। उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। स्कूल स्टाफ भी सदमे में है।

शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सामाजिक पतन : तेजी से बढ़ती जा रही समलैंगिकों की संख्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। इंटरनेट क्रांति की वजह से समाज का पतन हो रहा है। तेजी के साथ परिवार टूट रहे हैं और समलैंगिकों की संख्या बढ़ती जा रही है। गंभीर बात यह है कि युवतियां भी इस पाप की तरफ बढ़ रही हैं।

गौरतलब है कि इंटरनेट क्रांति की वजह से समाज को उतना फायदा नहीं हुआ है, जितना की नुकसान हो गया है। अशिक्षित समाज के द्वारा इसका लाभ नहीं उठाया जा रहा है। बल्कि इसकी बुराइयों को अपनाया जा रहा है। इंटरनेट और सोशल मीडिया की वजह से समाज में अपराध बढ़ रहे हैं। अपराध किसी एक वर्ग व समाज तक सीमित नहीं है। सभी समाज में तेजी के साथ बुराइयां पनप रही हैं। चिंता की बात यह है कि युवा पीढ़ी अपराध की दुनिया में कदम रख रही है। जिन युवाओं के कंधों पर देश का भार है, वह युवा ही गलत दिशा में जा रहे हैं। पूर्व में युवक ही अपराध करते थे। मगर अब तो युवतियां भी अपराध की दुनिया में कदम रख रही है। खास बात यह है कि समाज जिन बातों और

इंटरनेट क्रांति की वजह से बढ़ रहे पाप

कामों कों स्वीकार नहीं करता है, युवतियां और किशोरियां वो कर रही हैं। युवतियां और किशोरियां युवकों के साथ तो भागती ही थी, मगर अब समलैगिंक बन कर घर से फरार हो रही है। सूत्र बताते है कि अब किशोरियों में भी यह बुराई पैदा हो रही है। कच्ची उम्र में ही यह गलत रास्ते पर जा रही है। परिवार के जिम्मेदार अपने बच्चों पर नजर नहीं रखते है और जब कोई अनहोनी हो जाती है, तो हल्ला कर शांति भंग करते है। पुलिस के लिए सिरदर्द पैदा किया जाता है। जबकि गुनहगार वह खुद होते है। उनकी लापरवाही खुद उन पर भारी पड़ती है। वह यह नहीं देखते है कि उनकी औलाद क्या कर रही है। वह अपने बच्चों के मोबाईल की भी जांच नहीं करते है। बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में यह बीमारी तेजी के साथ फैल रही है। वह मोबाईल में अश्लील सामग्री देखते है। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

एक नजर

बीएलओ मौहम्मद शहजाद सम्मानित

बढ़ापुर। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण कर लेने पर जिलाधिकारी ने क्षेत्र के ग्राम तारापुर के शिक्षामित्र बीएलओ मौहम्मद शहजाद को मोबाइल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। क्षेत्र के ग्राम तारापुर निवासी व ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र पद पर कार्यरत मौहम्मद शहजाद विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत ग्राम तारापुर के भाग संख्या 121 के बीएलओ बने। इस भाग के गणना प्रपत्रों की संख्या 820 थी। शहजाद ने लगन से कार्य करते हुए मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए। प्रपत्रों को पूर्ण कराकर जमा करने के बाद 25 नवंबर तक डिजिटाइजेशन का शत प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया था। सराहनीय कार्य करने पर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में हुए कार्यक्रम में बीएलओ मौहम्मद शहजाद को मोबाइल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

हादसे में बाइक सवार की मौत

नूरपुर। क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर के पास सुबह सेवरे एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में खलबली मच गई। मृतक की पहचान 31 वर्षीय दिनेश पुत्र मूलचंद के रूप में हुई है। मृतक जिला अमरोहा के ग्राम छाई देहात का निवासी था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक दिनेश यहां एक रिश्तेदारी में ससुराल पत्नी को छोड़ने आया था और वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी मौत हो गई है। परिवार में कोहराम मच गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने युवक की मौत की पुष्टि की है। बताया कि सुबह तड़के अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। युवक की मौत से बीवी बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। उसकी मौत से ग्राम में उदासी छाई हुई है।

ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

बिजनौर। ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज पीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी एवं एससी/एसटी कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा ने यह कह कर ब्राह्मण समाज का अपमान किया है कि जब तक ब्राह्मण मेरे बेटे को अपनी बेटी दान न कर दे, तब तक आरक्षण मिलना चाहिए। ज्ञापन में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को नौकरी से बर्खास्त करने एवं इनके पूरे परिवार को आरक्षण के लाभ से वंचित करने की भी मांग की गई। ज्ञापन में सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने की भी चेतावनी दी गई है।

हाईटेंशन लाइन से गन्ना जला

झालू। ग्राम कान्हा नंगला में खेतों के ऊपर से गुजर रही जर्जर हाईटेंशन लाइन एक बार फिर किसानों के लिए आफत बन गई। शुक्रवार दोपहर अचानक लाइन में तेज धमाके के साथ फॉल्ट होने पर चिंगारियां खेतों में गिरने लगीं, जिससे किसान मलखान सिंह पुत्र कृपाल सिंह की करीब चार बीघा खड़ी गन्ने की फसल जल गई। इस घटना से किसानों में भारी आक्रोश है। स्थानीय किसानों के अनुसार जिस लाइन में फॉल्ट हुआ वह लंबे समय से खराब हालत में लटकी हुई है। किसान के पुत्र सौरभ ने बताया कि वह मजदूरों के साथ गन्ना कटाई कर रहे थे कि अचानक ऊपर चल रही हाईटेंशन लाइन से चिंगारी बरसने लगी। उन्होंने तत्काल झालू विद्युत उपकेंद्र पर फोन कर आपूर्ति बंद कराई। लेकिन कर्मचारियों ने स्थिति का सही आकलन किए बिना कुछ देर बाद बिजली दोबारा चालू कर दी, जिससे चिंगारियां और तेज होकर नीचे गिरने लगीं और फसल में आग भड़क गई। ग्रामीणों ने बाल्टी से पानी और मिट्टी की मदद से आग को काबू में किया, लेकिन तब तक करीब चार बीघा गन्ना जल चुका था। किसानों का कहना है कि एक माह पहले भी इसी लाइन में फॉल्ट की शिकायत की गई थी, लेकिन विभाग ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। घटना के बाद भाकियू (टिकैत) के हल्दौर के युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष शुभम कुमार राणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग की लापरवाही किसानों को आर्थिक क्षति पहुंचा रही है। क्षेत्र में कई जगह हाईटेंशन लाइनें बेहद नीचे लटकी हुई हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। भाकियू (टिकैत) के झालू नगर अध्यक्ष डॉ. कामेंद्र सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जर्जर लाइनें दुरुस्त नहीं की गईं और किसानों की शिकायतों का समाधान नहीं हुआ, तो संगठन को आंदोलन और प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

बिजली राहत योजना के तहत किया जागरूक

नहटौर। विद्युत विभाग की टीम ने बिजली राहत योजना के तहत मिलने वाली छूट के बारे में जागरूक करते हुए चोरी प्रकरणों के नोटिस प्रपत्र बांटे।

शुक्रवार की दोपहर विद्युत विभाग के जेई चेतराम सिंह, टीजीटू सुशील कुमार, अमित कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, नसीम अहमद मोहल्ला जोशियान, मोलवियान, लकड़हारान आदि में पहुंचे। वहां उन्होंने 1 दिसंबर से शुरू होने वाली बिजली बिल राहत योजना 2025 के बारे में उपभोक्ताओं को जानकारी दी। विद्युत के चोरी प्रकरणों में राजस्व निर्धारण धनराशि में छूट के बारे में भी बताया और नोटिस प्रपत्र का वितरण किया। विद्युत विभाग के जेई चेतराम सिंह ने बताया कि इस योजना का लाभ तीन चरणों में दिया गया है। प्रथम चरण में 100% छूट दी जाएगी। इसके अलावा विद्युत चोरी के प्रकरणों में भी छूट मिलेगी। इसके अलावा पहली बार अधिभार के साथ-साथ मूलधन पर भी विशेष छूट दी जा रही है। उपभोक्ता रूपए 2000 जमा कर पंजीकरण करा सकते हैं।

शेख खलीलुर्रहमान की याद में फुटबाल टूर्नामेंट

एसडीएम व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। हर साल की तरह इस साल भी नगर में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन उपजिलाधिकारी नितिन कुमार व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व गुब्बारे उड़ा कर किया गया।

शुक्रवार की दोपहर हिंदू इंटर कॉलेज के पास मैदान में सात दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन ढोल नगाड़ों के साथ फुटबॉल प्रेमियों से खचाखच भरे मैदान में किया गया। गणमान्यों ने खिलाड़ियों से जान-पहचान की और उन्हें आशीर्वाद देते हुए खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही चेयरपर्सन द्वारा युवाओं को खेलों की तरफ आकर्षित करने के प्रयासों की भी सराहना की। यह टूर्नामेंट पूर्व की भांति इस वर्ष भी नगीना फुटबॉल क्लब द्वारा लोकप्रिय पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष व वर्तमान अध्यक्षा के पति स्वर्गीय शेख खलीलुर्रहमान की याद में आयोजित

किया गया है। उद्घाटन मैच सिरसी व काशीपुर के बीच खेला गया, जिसे सिरसी ने 2-1 के स्कोर से जीत लिया। सिरसी के कप्तान कसीम अहमद व काशीपुर के कप्तान हरेंद्र नेगी के नेतृत्व में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच में रेफ्री सुभाष कपूर उर्फ पप्पी रहे जबकि कमेंट्री इरफान अंसारी, मास्टर शहजाद, आजम मुल्तानी ने की। अपने पिता की याद में आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम में आमंत्रित विशिष्ट अतिथि चेयरमेन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने भावुक होकर आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने आदर्श स्वर्गीय पिताजी को याद करते हुए नगर में हुए विकास कार्यों की बात की। खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में व्यायाम व खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नगर में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए किसी भी प्रकार की सहायता करने का आश्वासन दिया। क्लब के अध्यक्ष सुभाष कपूर उर्फ पप्पी ने बताया कि टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच कादराबाद व धामपुर और दूसरा मैच नगीना व हरिद्वार के बीच खेला जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में अतीक अहमद भारती, शारिक सुल्तान, इश्तियक अहमद उर्फ बाबू भाई लाठी वाले, अब्दुल समद, सुनील कुमार, प्रदीप गर्ग, मोहित गोयल, मंजीत बिश्नोई, डा. दिनेश, ब्रजमोहन बल्ली, मकसूद उस्मानी, इकबाल कुरैशी, शेख जमशेद, राकेश कर्णवाल, शाहिद अली गौहर, इसतेखार कुरैशी, जुबैर जैदी, अंजार सैफी, शेख शददन, ताहिर मुल्तानी, जुनैद कुरैशी, सिद्दीक मुल्तानी, इरफान सिद्दीकी, अब्दुल मालिक, विनोद अग्रवाल, शेख नौशाद, मास्टर शहजाद, इरफान अंसारी, आजम मुल्तानी, सुभाष कपूर पप्पी, शिब्ली निसार, गफ्फार मुल्तानी, तफसीर अहमद गुड्डे, आलमगीर खलीफा, आरिफ मुल्तानी, जहांगीर खलीफा, शमशाद मुल्तानी, आबिद मुल्तानी, शाकिर उस्मानी, मास्टर शहजाद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, खिलाड़ी, वरिष्ठ जन आदि मौजूद रहे।

ट्रक ने तोड़ी विद्युत पोल की एंगिल

अफजलगढ़। बीती शाम सुआवला की ओर से द्वारिकेश शुगर मिल गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक जा रहा था। ओवरलोड होने की बजह से भूतपुरी तिराहे पर खड़े खम्बो में गन्ने की पूली केबिल में फंस गई, जिससे एंगिल टूट गई। ग्रामीण शोर न मचाते तो खम्बा भी टूट सकता था। ग्रामीण पिंटू, जयप्रकाश, रिहासत, सुनील आदि ने बताया कि दो खम्बों की एंगिल टूटी है। गन्ने में बिजली का केबिल फंस गया था। गनीमत रही उस समय लाइट नहीं आ रही थी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को सूचना देकर लाइट को बंद कराया। एक घंटे के बाद बिजली को सही कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के ओवरलोड ट्रक से कभी भी हादसा हो सकता है। उन्होंने जिलाधिकारी से ओवरलोड गन्ने से लदे ट्रक पर अंकुश लगाने की मांग की है।

सफाई कर्मचारियों को जैकेट वितरित

स्वास्थ्य और सुविधा का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता: आसिफ शान

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडावर। ठंड के मौसम को देखते हुए नगर पंचायत मंडावर के चेयरमैन आसिफ शान ने सफाई कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए सभी सफाईकर्मियों को गर्म कपड़े (वर्दी) वितरित किए।

यह कार्यक्रम आज नगर पंचायत प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन आसिफ शान ने स्वयं कर्मचारियों को गर्म जैकेट/वर्दी प्रदान की और कहा कि सफाई कर्मचारी नगर की स्वच्छता के सच्चे योद्धा हैं, इनकी मेहनत से ही मंडावर को स्वच्छ रखा जा रहा है। ठंड में भी ये बिना रुके अपना काम करते हैं, इसलिए इनके स्वास्थ्य और सुविधा का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है।

इस मौके पर लिपिक राजकुमार, साहिल अहमद, सफाई नायक कुनाल बाल्मीकि, चंचल कुमार, रामातार, अंकुर सहित नगर पंचायत का

अन्य स्टाफ एवं सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेयरमैन आसिफ शान का आभार व्यक्त किया और बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया।

28 करोड़ की सौगात, 35 पेड़ों में उलझी

हाईवे चौड़ीकरण कार्य पर वन विभाग ने नहीं दी हरी झंडी, निर्माण पर एक माह से लगी रोक

धामपुर में सड़क खुदाई के बाद काम ठप, जनता परेशान, विभागीय लापरवाही बनी मुसीबत

अभिषेक गुप्ता

धामपुर। 28 करोड़ की लागत से बनने वाला धामपुर का महत्वपूर्ण सड़क चौड़ीकरण प्रोजेक्ट 35 पेड़ों के आगे बौना साबित हो गया है। दुर्गा विहार कॉलोनी से नगीना चौक होते हुए राजपूताना तक 8 किलोमीटर लंबी इस सड़क का कार्य बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ था, लेकिन वन विभाग की वर्किंग परमिशन न मिलने के कारण सड़क की खुदाई के बाद ही निर्माण पर अचानक ब्रेक लगा दी गई है। जिसका परिणाम यह हुआ कि पिछले करीब 1 महीने से विकास रुका, धूल-गड्ढों में जनता फंसी और जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते दिखाई दे रहे हैं।

दुर्गा विहार कॉलोनी से नगीना चौक होते हुए राजपूताना तक लगभग 8 किलोमीटर लंबे हाईवे चौड़ीकरण कार्य पर वन विभाग द्वारा वर्किंग परमिशन न मिलने के कारण निर्माण कार्य ठप पड़ गया है। सड़क के दोनों तरफ 14 मीटर चौड़ाई में सड़क निर्माण होना है और बीच में डिवाइडर बनाया जाना प्रस्तावित है। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत लगभग 28 करोड़ रुपये है। परंतु निर्माण कार्य शुरू होने के अब एक माह से रोक लगा दी गई है, जिससे हजारों लोगों को भारी

परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय भाजपा विधायक अशोक राणा के प्रयासों से इस सड़क के चौड़ीकरण हेतु मुख्यमंत्री द्वारा मई 2025 में धनराशि स्वीकृत की गई थी। इसके बाद विधायक अशोक राणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी की मौजूदगी में कार्य का विधिवत शुभारंभ पीडब्ल्यूडी ने शुरू कर दिया और बीच में डिवाइडर व विद्युत पोलों की शिफ्टिंग की तैयारी भी शुरू कर दी गई। लेकिन अब वन विभाग से करीब 35 पेड़ों की कटान की अनुमति न लेने के कारण यह कार्य बीच में ही अटक गया है। यह मुख्य मार्ग हमेशा जाम में घिरा रहता है। यहां आधा दर्जन से अधिक स्कूल, कॉलेज, मंदिर और विवाह स्थल होने के कारण प्रतिदिन भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं। वर्तमान में विवाह समारोहों का सीजन होने से भीड़ बढ़ गई है। खुदाई के बाद सड़क संकरी और गड्ढों से भरी होने के कारण आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। एंबुलेंस तक के फंसने के मामले सामने आ रहे हैं।

नगरवासियों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के चलते जनता पर मुसीबत थोपी गई है। यदि अनुमति पहले ली जाती तो जनता को यह स्थिति न सहनी पड़ती। लोगों का सवाल है कि कब मिलेगा जाम और दुर्घटनाओं से निजात? कब शुरू होगा विकास? वन विभाग के अनुसार संरक्षित रोड साइड पर सड़क चौड़ीकरण हेतु विभागीय स्वीकृति अनिवार्य होती है। स्थानीय स्तर से वर्किंग परमिशन, डीएफओ कार्यालय से राज्य सरकार और फिर भारत सरकार को भेजी जाती है। भारत सरकार की स्वीकृति के बाद ही पेड़ों की कटान व निर्माण की अनुमति मिलती है। लेकिन पीडब्ल्यूडी ने नियमों की अनदेखी करते हुए बिना अनुमति खुदाई शुरू कर दी। स्वीकृति न मिलने के कारण कार्य रोकना पड़ा और जनता परेशानियों का सामना कर रही है।

दो मौतों के बाद भी मंडरा रहा खतरा

धामपुर। धामपुर-नहटौर व धामपुर-राजपूताना मार्ग पर चौड़ीकरण कार्य बिना अनुमति शुरू हुआ। खुदाई के बाद सड़क गड्ढों में बदल चुकी है। इन रास्तों पर अब तक दो मासूमों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद विभागीय फाइलें आगे नहीं बढ़ रही। जनता का सीधा सवाल है कि और कितने हादसों के बाद जागेगा प्रशासन?

नहटौर मार्ग भी इसी कारण प्रभावित

धामपुर। ओवर ब्रिज से लेकर नहटौर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है सड़क के दोनों तरफ खुदाई हो चुकी है। इस मार्ग का कार्य भी वन विभाग की एनओसी न होने के कारण लोक निर्माण विभाग को रोकना पड़ा है। अब इस सहित दोनों मार्गों के निर्माण कार्य वन विभाग की नोक के बाद ही शुरू हो सकते हैं। फिलहाल जब तक वर्किंग अनुमति नहीं आती तब तक आम जनता को इसी तरह भुगतना पड़ेगा।

वर्किंग परमिशन न होने पर लगी रोक : रेंजर

धामपुर। वन विभाग धामपुर के रेंजर शशांक गुप्ता ने बताया कि सैद्धांतिक स्वीकृति के बिना निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती। पर्यावरण और विकास दोनों का संतुलन जरूरी है। पीडब्ल्यूडी को भारत सरकार से अप्रूवल लेना है। इस मार्ग पर करीब 35 पेड़ सड़क निर्माण में तकनीकी बाधा बन रहे हैं। अप्रूवल मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग निर्माण कार्य फिर से शुरू कर सकती है। फिलहाल अप्रूवल न मिलने तक संरक्षित रोड साइड स्थल पर किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

ट्रैक्टर ट्राली व कार की टक्कर

ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

शेरकोट। नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार कार से गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली की जबरदस्त टक्कर हो जाने से ट्रैक्टर ट्राली चालक सहित कार मे सवार लोग घायल हो गये।

एक बड़ा सड़क हादसा उस समय हो गया, जब मनोटी की पुलिया पर तेज रफ्तार से आ रही एक कार अचानक सामने से आ रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। तेज आवाज के साथ हुई इस टक्कर ने आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मचा दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल ट्रेक्टर चालक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। दूसरी ओर कार में सवार लोगों को बड़ी राहत मिली क्योंकि टक्कर के समय वाहन के एयरबैग समय पर खुल गए, जिससे उनकी जान बच गई। हादसे में कार को काफी नुकसान पहुंचा, लेकिन यात्रियों को मामूली खरोंचों के अलावा किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई, जिसे बड़ी गनीमत माना जा रहा है। नजीबाबाद निवासी रक्षपाल व उनकी पत्नी लखीमपुर खीरी जा रहे थे। मनोटी की पुलिया के निकट उनकी कार की टक्कर गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली से हो गई, जिससे ट्रैक्टर चालक छोटे घायल हो गया। टक्कर के तुरंत बाद सड़क पर जाम लग गया और देखते ही देखते राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। लखीमपुर खीरी जा रहे थे। गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्राली चालक ने बिना देखे मनौटी कट पर यू-टर्न ले लिया, जिसके कारण हादसा हो गया।

महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर समाज सुधार के संकल्प का आह्वान

शिक्षा की अलख जगा कर जीवन भर किया संघर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। समाज सुधारक एवं शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर शुक्रवार को स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके जीवन एवं विचारों को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि फुले ने समाज में शिक्षा की अलख जगाकर अंधविश्वास, छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया।

कार्यक्रम में मौजूद सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने उनके द्वारा स्थापित सत्यशोधक समाज और स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहन देने के योगदान को याद करते हुए कहा कि फुले के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि समाज को वास्तविक रूप से समानता की दिशा में आगे बढ़ाना है तो हमें फुले के आदर्शों को जीवन में उतारना होगा। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा व समाज सेवा से जुड़े लोगों को फुले के विचारों पर आधारित पुस्तिकाएं वितरित की गई और सभी ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का संकल्प लिया। इस अवसर पर जितिन सैनी बाक्सर, नूरपुर विधायक रामऔतार सिंह, कमलेश सैनी, दिनेश सैनी, मोहित सैनी, राजबहादुर सैनी, अजय सैनी, नकुल सैनी, प्रदीप सैनी, अतुल सैनी, मुकुल सैनी आदि शामिल रहे।

एक नजर

दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

धामपुर। आरएसएम पीजी कॉलेज में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम गांधी नारी कल्याण समिति द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के रूप में अपनी क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ मेरू शिखर और शैलेन्द्र चौहान तथा अंजुम सिद्दिकी एसबीआई मैनेजर द्वारा छात्र /छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। मेरु शिखर जो कि सीनियर एसोसिएट ई एक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत है, जिन्होंने म्यूच्यूअल फंड्स में निवेश योजना के विषय में जानक. री दी। कार्यक्रम में नारी गाँधी योजना से नीरा गोयल द्वारा उद्देश्य के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं एवं छात्र छात्राओं के लिए उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो दिवसीय प्रशिक्षण से सभी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या डॉ . रश्मि शर्मा रावल द्वारा राष्ट्रीय गीत गाकर किया गया। संचालन डॉ. सुमेधा चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. एसएल पाल, डॉ. भारती चौहान, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. सीमा सिंह, डा. गोपाल कृष्ण तिवारी, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. सुधीर, डॉ. नाजिम आदि उपस्थित रहे। गांधी नारी कल्याण समिति के अन्य सदस्य कंचन शर्मा, विनोद शर्मा, रजनी अग्रवाल, ऐश्वर्या चौधरी एवं बबीता गुप्ता की उपस्थिति रही।

सीएचसी में कोल्ड चैन का निरीक्षण

स्योहारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कोल्ड चैन का निरीक्षण यूनिसेफ बिजनौर के जिला मॉनिटरिंग कोऑर्डिनेटर डीएमसी गुलजार त्यागी द्वारा किया गया। निरीक्षण में कोल्ड चैन ए ग्रेड में पाई गई और 96 प्रतिशत अंक अर्जित किए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कोल्ड चैन जो लगभग 9 माह पूर्व नई बिल्डिंग में शिफ्ट की गई थी। अपनी सभी व्यवस्थाओं के साथ पूरी तरह संतोषजनक स्थिति में है। वैक्सीन का रखरखाव भारत सरकार की गाइडलाइनों के अनुसार किया जा रहा है। यहां गर्भवती महिलाओं तथा जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए लगाए जाने वाले टीकों सहित 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने वाली वैक्सीन सुरक्षित रूप से संरक्षित की जाती है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी एवं हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह 26 जनवरी 2025 से प्रतिरक्षण कार्य को पूरी मेहनत लगन और शिद्दत के साथ संभाल रहे हैं। उनके कार्य की डीएमसी द्वारा विशेष सराहना की गई। डेली मंथली एवं पोर्टल पर रिपोर्टिंग कार्य भी पूरी तरह संतोषजनक मिला। इस अवसर पर हेल्थ सुपरवाइजर राज. `श कुमार, आई.ओ. वीर सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे।

गन्ना भुगतान न होने पर रोष

चांदपुर। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र कार्यकर्ताओं की एक पंचायत ग्राम इस्माइलपुर मे हुई। पंचायत में किसानों की समस्याओं के समाधान कराने के साथ साथ पीबीएस फूड्स शुगर मिल चांदपुर द्वारा किसानों से खरीदे जा रहे गन्ने का भुगतान शासनादेशों को ताक में रखकर गन्ना भुगतान 14 दिन के अंदर नहीं दिये जाने पर रोष जताते हुए मिल में धरना दिए जाने की बात कहीं। प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान ने कहा कि गन्ने की घटतोली किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही बिजनौर के कुछ चीनी मिल समय से भुगतान नहीं कर रहे हैं। ऐसे मिल के गेट पर धरना देकर किसानों का पेमेंट समय पर दिलाया जाएगा। बिजनौर जिले में गुलदार को लेकर किसानों में एक दशत का माहौल है। इन गुलदारों को जाल लगवा कर तुरंत पकड़वाया जाने की भी मांग की गई। पंचायत की अध्यक्षता चौधरी जगदेव सिंह ने की और संचालन चौधरी जगपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष इमरान मंसूरी, चौधरी चरण सिंह, डॉ. गौतम, अमित चौधरी, मेहराम सिंह, आदित्य ठाकुर, रामपाल सिंह, धीरज सिंह आदि मौजूद रहे। पंचायत मे जिलाध्यक्ष इमरान मंसूरी का भी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

एसआईआर में मदद कर रहे आसिफ असलम

चांदपुर। पिछले दो सप्ताह से लगातार एसआईआर गणना पत्र भरने में सपा युवा नेता आसिफ असलम रष्ट्रीय सचिव (लोहिया वाहिनी) अपनी पूरी समाजवादी पार्टी टीम के साथ फॉर्म भरने का कार्य कर लोगों की मदद की। मौहल्ला मुफ्ती सराय इमामबाड़ा अंसारियां मे एक कैंप लगाकर अब तक डेढ़ हजार लोगो के फॉर्म भरकर पुण्य का काम किया। उनके साथ सपा जिला सचिव यूनुस ताऊ, शैख रईस, शकील अंसारी, आसिफ भट्टे वाले, अनवर अंसारी, शहनवाज आदि मौजूद रहे। मौहम्मद आसिफ असलम का कहना है कि सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर सपा कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचे और लोगो के फॉर्म भरवाने मे मदद की। इस दौरान कई नागरिकों ने अपने अपने बीएलओ के द्वारा उनके फॉर्म न भरने और अभद्र व्यवहार कर भगा देने जैसी शिकायते की। आसिफ असलम ने इस बाबत उपजिलाधिकारी से मिलकर कुछ बीएलओ की लिखित शिकायत करने की बात कहीं है। गौरतलब है कि जनता का वोट लेने वाली सभी पार्टियां/ दल सबसे आगे रहते है। मगर जनता के एसआईआर फॉर्म भरवाने के मामले ने जनता के साथ नहीं आये जिनमें बसपा, कांग्रेस, रालोद और कई अन्य पार्टियां/ दलों के साथ कुछ हवाई और अखबारी नेता जनता के बीच नहीं पहुंचे। इस मामले में आसिफ असलम परेशान जनमानस के साथ खड़े हुए दिखाई दिए।

एक नजर

अवैध रूप से काटे जा रहे आम के पेड़

अफजलगढ़। ग्राम मेघपुर मार्ग पर आम के बगीचे अब खतरे में हैं। आम के पेड़ सालों से तैयार होते हैं और इनको अवैध रूप से कटवाए जा रहे हैं। स्थानीय लोग दहशत में हैं कि जिस पेड़ को पल्लवित होने में 10-15 साल लगते हैं, उसे कुछ ही मिनटों में नष्ट कर दिया जा रहा है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि इस पूरे खेल में कुछ जिम्मेदार अधिकारी भी शामिल हैं, जो ठेकेदारों को खुलेआम हरियाली की कटाई करने की शे दे रहे हैं। प्रशासन की खामोशी इस घिनौने खेल को और गंभीर बना रही है। हरियाली की कटाई से क्षेत्र में ऑक्सीजन की कमी, प्रदूषण और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। लोग डरते हैं कि अगर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले सालों में अफजलगढ़ का पर्यावरण पूरी तरह तबाह हो जाएगा। अफजलगढ़ वासियों का सवाल है क्या प्रशासन सोया हुआ है या यह हरियाली की हत्या की साजिश में शामिल है। आम के बाग, बच्चों की सांस और पूरे इलाके की हरियाली पर खतरा मंडरा रहा है। अब वक्त है जागने का। प्रशासन की चुप्पी और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण हरे-भरे पेड़ पल-पल कट रहे हैं और अफजलगढ़ की हरियाली उजड़ रही है।

ज्योतिबा फुले का जन्मदिन मनाया

कालागढ़। नई कालोनी कालेज में ज्योतिबा फुले को याद कर जन्मदिन मनाया गया। उनके चित्र पर पुष्प अर्जित किए गए। आज का दिन ज्योतिबा फुलें को याद करने का दिन है। महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले 11 अप्रैल 1827 एवं 28 नवम्बर 1890 एक भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता भी थे। इन्हें महात्मा फुले एवं ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है। सितम्बर 1873 में इन्होंने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। महिलाओं व पिछड़े और अछूतों के उत्थान के लिय इन्होंने अनेक कार्य किए। समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने के यह प्रबल समथर्क थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाति पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। ज्योतिबा फुले को याद करते हुए उनके कार्यों में सक्रिय सहयोगी रहीं। उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले, मित्र उस्मान शेख, उनकी बहन फातिमा बेगम को भी याद किया गया।

गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज करना सुनिश्चित करें

बिजनौर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने और जमा हुए फार्मों को डिजिटाइज करने के लिए आज स्थानीय कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन तथा ब्लॉक मौहम्मदपुर देवमल के ग्राम तैमूरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं को यथासंभव सुविधा प्रदान करें और उनको सहयोग भी उपलब्ध कराएं ताकि सभी मतदाता अपने आवेदन पत्रों को भर कर जल्द से जल्द जमा कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवेदन पत्रों में सभी सूचनाओं को सही और ध्यानपूर्वक अंकित की जाएं। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं से प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों को प्राथमिकता के आधार पर डिजिटाइज करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा अपने फार्म भरकर तत्काल बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराएं यदि फार्म का पूरा विवरण उनके पास नहीं है, तो अपना नाम, मोबाइल नंबर माता पिता का नाम वाला कालम भर दें। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद वह शेष डाक्युमेंट देकर फार्म को पूरा करवा सकते हैं।

आईएएस संतोष वर्मा के बयान का विरोध

नगीना। मध्य प्रदेश में आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर ब्राह्मण समाज में रोष है। नगीना में समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर आरोपी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नगीना निवासी संदीप शर्मा, सचिन शर्मा, एड. दीपक जोशी, रामकुमार शर्मा, संजय शर्मा मेडिकल वाले, उमेश चंद शर्मा, सभासद संजीव दत्त शर्मा उर्फ गोपाल, दर्शन शर्मा, विकास शर्मा, हर्ष शर्मा, लक्ष्य शर्मा, रवि दत्त शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने इस मामले पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने ब्राह्मण समाज की महिलाओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की है। इस बयान से देश भर के ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। समाज के लोगों ने एसडीएम नितिन कुमार को दिए गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि ऐसे अधिकारी को उसके पद से हटाकर उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो पूरा ब्राह्मण समाज आंदोलन करने को मजबूर होगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

पिज्जा बाइट दुकानें कर रही माहौल खराब

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। कस्बे में तेजी से बढ़ती पिज्जा बाइट दुकानों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी और चिंता की लहर तेज हो गई है।

नगर में कई स्थानों पर खुले पिज्जा बाइट सुबह से रात 10 बजे तक संचालित होते हैं, जहां अक्सर युवा वर्ग की भारी भीड़ देखी जाती है। नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि कई दुकानों में बने बंद चैंबर या केबिन अनुशासनहीन माहौल को बढ़ावा दे रहे हैं। चर्चाएं हैं कि इन केबिनों में युवा लड़के-लड़कियां देर तक समय बिताते हैं, जिससे माहौल बिगड़ने और गलत गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है। कई अभिभावकों ने चिंता जताई कि कुछ नाबालिग बच्चे भी पढ़ाई के बहाने इन दुकानों में घंटों बैठते देखे जाते हैं, जिसका सीधा असर उनके भविष्य और पढ़ाई पर पड़ रहा है। इन दुकानों पर निगरानी की बेहद कमी है। नाबालिगों का देर तक बैठना सही नहीं है। प्रशासन को ऐसे केबिनों को बंद कराना चाहिए और सख्त जांच करनी चाहिए।

बंद केबिनों को लेकर नाराजगी बढ़ी

लोगों मैं चर्चा है कि कस्बे में पहले से ही भीड़भाड़ और ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है। ऐसे में इन दुकानों पर अनियंत्रित भीड़ एवं पार्किंग की समस्या भी देखने को मिल रही है, जिससे आस-पास के दुकानदार और राहगीर परेशान रहते हैं। इन दुकानों की नियमित जांच की जाए बंद केबिनों पर प्रतिबंध लगाया जाए।

सीसीटीवी व्यवस्था अनिवार्य की जाए। नाबा. लिगों की उपस्थिति पर सख्त नियंत्रण लागू किया जाए। हालाँकि इस मामले पर प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन कस्बे में लगातार बढ़ती चर्चाओं को देखते हुए लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही इस दिशा में उचित कार्रवाई की जाएगी।

संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला की मौत

ससुरालियों पर हत्या का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। आरोप लगाया कि महिला को ससुराल वाले हमेशा किसी न किसी कारण तंग करते थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम तीबड़ी मनझेड़ा अमर सिंह ने सात माह पूर्व अपनी 22 वर्षीय पुत्री का विवाह ग्राम हरगांव चांदन निवासी मनीष के साथ किया था। मृतका पांच माह की गर्भवती थी। शुक्रवार को सुबह सवेरे उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल वालों पर मृतका की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। मायके वालों का आरोप था कि ससुराल वाले मृतका को तंग करते थे। इसलिए ससुराल वालों ने ही उसकी हत्या की है। महिला की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों ने पुलिस को हत्या की तहरीर दे दी है। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर मौत होने के कारण का स्पष्ट पता चल सकेगा।

विद्युत लाइन पर टिका पोल दे रहा हादसे को दावत

शाह टाइम्स संवाददाता

बढ़ापुर। बस स्टैंड पर बस की टक्कर से उखड़ा नगर पंचायत का विद्युत पोल विद्युत लाइन पर टिका हुआ हादसे को दावत दे रहा है। लोगों ने नगर पंचायत से पोल को हटवाने की मांग की है।

स्थानीय बस स्टैंड पर पिछले लगभग एक सप्ताह से बस की टक्कर लगने के कारण उखड़ा विद्युत पोल विद्युत लाइन पर टिका हुआ हादसे को दावत दे रहा है। पोल विद्युत लाइन पर सड़क की ओर लटका हुआ है, जिस कारण वहां से गुजरने वाले पैदल लोगों और वाहन चालकों को गंभीर हादसे का डर सता रहा है। लेकिन सब कुछ जानकर भी नगर पंचायत कर्मी अनजान बने हुए है और किसी गंभीर हादसे का इंतजार कर रहे है। विद्युत लाइन पर लटके विद्युत पोल के फोटो खींचकर एक युवक ने इंटरनेट पर प्रसारित किए है। युवक ने इंटरनेट के माध्यम से संबोधित अधिकारियों से विद्युत पोल को हटवाने की भी मांग की है। वही कस्बेवासियों ने नगर पंचायत से विद्युत पोल हटवाने की मांग की है।

चेयरमैन डा. दिलशाद अंसारी ने बताया कि बस स्टैंड पर बेहतर रोशनी के लिए लगाए गए विद्युत पोल में बस द्वारा टक्कर लगने से विद्युत पोल उखड़ गया था। नगर पंचायत के विद्युत कर्मचारियों की ड्यूटी एसआईआर गणना में लगी हुई है । नगर पंचायत के विद्युत कर्मियों को मौके पर भेजकर पोल को विद्युत लाइन से हटाया जा रहा है।

नगीना में लेखपालों का धरना प्रदर्शन

मतदाता पुनरीक्षण में सहयोग की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। तहसील में लेखपालों ने फतेहपुर में एक लेखपाल की आत्महत्या के विरोध में काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी। लेखपालों ने एसडीएम नितिन कुमार को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। हालांकि, उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने पर सहमति जताई है।

यह हड़ताल लेखपाल संघ द्वारा फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या के मामले में राज्यव्यापी आह्वान के तहत की गई। नगीना तहसील के लेखपालों ने काम बंद कर नारेबाजी की और मृत लेखपाल के प्रति संवेदना व्यक्त की। दोपहर में एसडीएम नितिन कुमार लेखपालों से मिलने पहुंचे।

एसडीएम से हुई वार्ता के बाद लेखपालों ने सांकेतिक हड़ताल जारी रखते हुए मतदाता पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ का सहयोग करने का निर्णय लिया। तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने बताया कि हड़ताल जारी रहेगी, लेकिन मतदाता पुनरीक्षण कार्य में कोई बाधा न आए। इसके लिए लेखपाल बीएलओ का सहयोग करते रहेंगे। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में संघ द्वारा एसडीएम को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।

इस ज्ञापन में कई प्रमुख मांगें शामिल थीं। ज्ञापन में मांग की गई कि फतेहपुर मामले के मुख्य आरोपी का नाम एफआईआर में दर्ज किया जाए। इसके अतिरिक्त, मृतक की माता को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

अन्य मांगों में एसआईआर की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाना, कम समय में काम पूरा करने के दबाव को कम करना (जो कर्मचारियों के स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में डालता है), अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सद्व्यवहार, संवेदनशीलता और संवाद स्थापित करना शामिल था। लेखपालों ने सामान्य उप-निर्वाचन तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान प्रोत्साहन राशि के रूप में एक माह के वेतन के बराबर मानदेय भुगतान की भी मांग की। तहसीलदार दीक्षा पांडेय ने लेखपालों से ज्ञापन लेकर उसे जिलाधिकारी के यहां भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, हिमांशु सिंह, अभिषेक कुमार, अमित कुमार उत्तम, योगेश कुमार, सौरभ कुमार, अनिल कुमार, विपुल शर्मा, अनमोल, सौरभ, मुनासिर, जयपाल सिंह, अंकित, ऋषि दुबे, अभिलाष आदि मौजूद रहे।

भागवत कथा सुनने का महत्व बताया

अफजलगढ । ग्राम जामुनवाला में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के अन्तिम दिन देहरादून से आए कथा वाचक आचार्य श्यामसुंदर गौतम ने राजा परीक्षित के उद्धार व भागवत कथा सुनने का महत्व बताया गया है। कथा वाचक ने बताया की भागवत सुनने से मानव के हृदय में भक्ति ज्ञान वैराग्य की भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया रामचरित महाभारत व गीता उपदेश पर चर्चा की गई। जिसमें गीता व विभिन्न श्लोकों का वर्णन करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने बताया जब-जब धरती पर पाप अत्याचार बढ़ता है। तब-तब वह किसी न किसी रूप में अवतरित होकर मनुष्य का कल्याण करते हैं। कथा के अंत में हवन यज्ञ कर कथा का समापन किया गया।

विवेक विश्वविद्यालय में अंग्रेजी संचार पर कार्यशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एवं कॉमर्स में अंग्रेजी संचार पर तीन दिवसीय कार्यशाला का कल समापन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल प्रतिकुलाधिपति दीपक मित्तल, कुलपति डॉ. एनके गुप्ता, डीन स्कूल ऑफ मैनेजमैंट एण्ड कॉमर्स डॉ. सर्वेष कुमार शीतल एवं मुख्य वक्ता सुधांशु कुमार द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कुलाधिपति अमित गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा प्रदान करने, समग्र विकास को बढ़ावा देने और छात्रों को वैश्विक करियर के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबध है।

रिसोर्स पर्सन सुधांशु कुमार ने प्रथम दिन छात्रों को शब्दावली संवर्धन, वाक कौशल, आत्म विकास एवं संचार कौशल से सम्बन्धित जानकारी साझा की। उन्होंने बोलचाल की भाषा में आत्मविश्वास भूमिका निर्वहन और समूह चर्चा की उपयोगिता पर जोर दिया।

कार्यशाला के दूसरे दिन छात्रों को शब्दावली को समृद्ध करने पर जोर दिया गया। उन्होंने छात्रों को स्पष्ट, यथार्थवादी एवं लक्ष्य केन्द्रित करने पर ध्यान दिया गया। कार्यशाला के तीसरे दिन छात्रों को व्यावहारिक रूप से सिखाया गया कि कैसे निरन्तर अंग्रेजी भाषा क्षमता को बढ़ाया जाये। अपने धन्यवाद प्रस्ताव में डीन प्रबन्धन और वाणिज्य ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा युग में अंग्रेजी भाषा में कौशल एवं संप्रेशण विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत में सफल बनाने में उपयोगी सिद्ध होगा। सत्र का समापन एवं एक निर्देशित ध्यान अभ्यास के साथ हुआ, जिसके माध्यम से छात्रों ने ध्यान केंद्रित करने, तनाव कम करने और समग्र मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका का अनुभव और समझ हासिल की। कार्यशाला को सफल बनाने में विश्वजीत सिंह, पूर्वी अग्रवाल, डॉ. शोभित रस्तौगी, नृपेन्द्र शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैं अपने विवाहित पुत्र मौ. आजम व पुत्रवधू इशरा परवीन को इनके गलत आचरण/दुर्व्यहवार के चलते अपनी चल/अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मैं या मेरा परिवार इनके किसी भी कृत्य/लेन-देन का जिम्मेदार नहीं होगा।

मुजफ्फर अली पुत्र खलील निवासी ग्राम नीन्दडू खास, थाना व तहसील धामपुर (बिजनौर)।

एक नजर

भाकियू हिन्द ने सौंपा मांग पत्र

चांदपुर। भारतीय किसान यूनियन (हिंद) के प्रदेश प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता अकील अंसारी के नेतृत्व व जिला अध्यक्ष आफताब उर्फ बबलू के आह्वान पर सात सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी को दिया गया। मांग पत्र में कहा गया कि ग्राम मुबारकपुर कला में पिछले तीन वर्ष पूर्व बनी पानी की टंकी पूर्णरूप से तैयार होने के बाद भी ग्रामीणों को सुचारू रूप से पानी की सप्लाई नहीं किए जाने, चांदपुर से बास्टा रोड का निर्माण शीघ्र कराए जाने, चांदपुर गजरौला मार्ग का रुका पड़ा रोड़ का चौड़ीकारण के कार्य को शीघ्र शुरू कराए जाने, नगर चांदपुर में आवश्यकता से अधिक स्पीड ब्रेकर को हटाए जाने व संबंधित विभाग द्वारा बिना अनुमति लिए स्पीड ब्रेकर ना लगाए जाने, गुलदार के हमले में मरने वाले व्यक्तियों को 10-10 लाख का मुआवजा दिलाए जाने, चांदपुर नगर में रेलवे फाटकों पर अतिशीघ्र पुलों का निर्माण कराये जाने, मुख्य रूप से नगर चांदपुर में अतिक्रमणकरियों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को तुरंत हटाए जाने, तहसील चांदपुर से रोडवेज तक, बाजार बजरिया से अंबेडकर चौक तक तथा जमा मस्जिद मार्केट से रोड तक की बनवाये जाने की मांग भारतीय किसान यूनियन (हिंद) आपसे करती है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन हिन्द के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी तारीख शेख द्वारा जारी प्रेस नोट द्वारा दी गई।

नीचे लटके विद्युत तारों से खतरा

शेरकोट। विभिन्न गली-मौहल्लों में बीते कई दिनों से बिजली के तार खतरनाक रूप से नीचे लटके हुए हैं, जिससे क्षेत्र के बच्चों और आम राहगीरों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार कई बार शिकायतें करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। मौहल्ला शेखान निवासी सोमेश शर्मा बताते हैं कि तार इतनी नीचे झूल रहे हैं कि बच्चे खेलते समय अनजाने में उनके बेहद नजदीक पहुंच जाते हैं। बस किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि थोड़ी-सी लापरवाही या हल्की-सी चिंगारी भी बड़ा खतरा बन सकती है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इन तारों को ठीक नहीं किया गया, तो कोई भी हादसा हो सकता है। उन्होंने विद्युत विभाग और स्थानीय प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में सोमेश शर्मा, गोलू शर्मा, रिंकू यादव, दिनेश वर्मा, राजू आदि रहे।

डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर का निरीक्षण

बिजनौर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टेलीफोन पर प्राप्त होने वाली एसआईआरसे संबंधित शिकायत पंजिका का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि दर्ज शिकायतों का तत्काल गंभीरतापूर्वक निस्तारण करने के लिए शिकायत संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें ताकि उनके माध्यम से शिकायत का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को निर्वाध, निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय कांटेक्ट सेंटर स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा स्थापित कांटेक्ट सेंटर जिसके दूरभाष नंबर 01342- 262032 व 262033 तथा टोल फ्री नंबर 1950 पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार मौजूद थे।

एसआईआर में लापरवाही को लेकर चिंता

स्योहारा। नगर में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में लापरवाही बढ़ती दिखाई दे रही है। नगर के कई वार्डों से यह शिकायतें सामने आ रही हैं कि लोग फॉर्म तो भर रहे हैं लेकिन उन्हें अपने क्षेत्र के बीएलओ को वापस नहीं सौंप रहे हैं, जिससे पूरा संशोधन कार्य प्रभावित होने लगा है। इसी मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए भाजपा सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी निवासी मौहल्ला शेखान ने नगरवासियों से जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने कहा कि सरकार द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध सही और अद्यतन रखने के लिए एसएआर प्रक्रिया चलाई जा रही है, जिसमें प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है ।उन्होंने बताया कि कुछ लोग फॉर्म भरने के बाद उन्हें घर में ही रखे हुए हैं जबकि फॉर्म तुरंत बीएलओ को जमा करना आवश्यक है ताकि नाम जोड़ने सुधार करने और त्रुटि दूर करने की कार्रवाई समय पर हो सके। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग एसआईआर प्रक्रिया को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द अपने दस्तावेज व फॉर्म जमा कराकर मतदाता सूची को मजबूत बनाने में साझेदारी करें।

विपिन प्रजापति मंडल प्रभारी मनोनीत

धामपुर। हिन्दू राष्ट्र सेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने धामपुर के सक्रिय कार्यकर्ता को मुरादाबाद मंडल प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर मनोनयन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 108 महंत नरेंद्र गिरि जी महाराज (जूना अखाड़ा) एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री जितेन्द्र सनातनी द्वारा हस्ताक्षरित नियुक्ति पत्र में संगठन ने विश्वास जताया है कि नए पदाधिकारी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ हिन्दू राष्ट्र सेना के सेवा कार्यों को गति प्रदान करेंगे तथा संगठन के जनाधार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नए मंडल प्रभारी विपिन प्रजापति ने कहा कि यह न केवल सम्मान है बल्कि एक बड़ा उत्तरदायित्व भी है। उन्होंने कहा संगठन और राष्ट्र के हित में सदैव कार्यरत रहना ही मेरा लक्ष्य रहेगा। समाज के हर वर्ग तक संगठन की बात पहुँचाना और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना मेरी प्राथमिकता होगी।

कोर्ट के आदेश के बाद हत्यारोपी पति सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। ग्राम मेवा नवादा की मौजूदा प्रधान रहील परवीन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतका के मायके पक्ष ने पति इरशात अली सहित छह लोगों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए स्योहारा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया था। परिजनों द्वारा दायर प्रार्थना पत्र पर सीजेएम बिजनौर के आदेश के बाद अब स्योहारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महरूमुद्दीन पुत्र बजरूद्दीन निवासी ग्राम ढाकी थाना शिवालाकला ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहन रहील परवीन की शादी इरशात अली से हुई थी। आरोप है कि इशरत का एक अन्य महिला से अवैध संबंध था, जिसके चलते वह रहील परवीन को प्रताड़ित करता था। कई बार रहील ने फोन पर बहनों को बताया था कि पति और ससुराल पक्ष उसे मारने की धमकी देते हैं। परिजनों के अनुसार 19 अगस्त 2025 की शाम इरशात अली ने अपने साथियों हारुन दानिश, राशिद, पुष्पेन्द्र और वहाजुद्दीन सभी निवासी ग्राम मेवा नवादा थाना स्योहारा को घर बुलाकर रहील परवीन की हत्या की योजना बनाई थी। यह बातचीत खुद रहील ने सुन ली थी और उसी समय उसने अपनी बहन को इसकी सूचना भी दी थी। अगली सुबह गांव के ही दो लोगों ने परिजनों को फोन कर उसकी मौत की सूचना दी। परिजन पहुंचे तो बताया गया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा जा चुका है। फोटो में रहील परवीन फंदे पर लटकी दिख रही थी, पर घुटने जमीन से सटे थे। जिससे परिवार ने हत्या कर आत्महत्या का रूप देने की आशंका जताई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शरीर पर कई चोटों के निशान देखे जबकि उनका कहना है कि रिपोर्ट में इनका कोई उल्लेख नहीं था, जिससे संदेह और गहरा गया। परिजनों ने बताया कि उन्होंने हत्या की रिपोर्ट लिखाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस आत्महत्या बताकर तहरीर देने का दबाव बनाती रही।

मृतका महिला प्रधान

फांसी के फंदे पर लटका मिला था महिला प्रधान का शव

परिजनों ने उच्चाधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र दिए लेकिन उन्हें संतोषजनक कार्रवाई नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने अदालत की शरण ली। सीजेएम बिजनौर ने प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद अदालत ने स्योहारा पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने पति इरशात अली और छह नामजद आरोपियों इशरत अली पुत्र दीन मौहम्मद, हारुन पुत्र अनवार, दानिश पुत्र इस्लामुद्दीन, राशिद पुत्र फुरसत, पुष्पेन्द्र पुत्र बलवीर और वहाजुद्दीन पुत्र अहसान निवासी ग्राम मेवा नवादा के खिलाफ हत्या षड्यंत्र और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

प्रशासन ने कराया पिंडदान स्थल का निर्माण

नांगल सोती। ग्राम अभिपुरा में बीते एक माह से पिंडदान स्थल की भूमि को लेकर पक्षों में विवाद चल रहा था।

एक पक्ष के इंतखाब का कहना था कि उक्त भूमि उनसे खरीदी है, जिसका उसके पास बैनामा है। इसलिए उक्त स्थान पर पिंडदान नहीं बनाया जा सकता है। जबकि ग्रामीण सुशील कुमार, सुरेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, धर्मेंद्र सिंह, कामेंद्र सिंह, पंकज कुमार आदि का कहना था कि उक्त भूमि ग्राम समाज की है, जिस पर वर्षों से पिंडदान किया जा रहा है।

गुरुवार को कुछ ग्रामीण उक्त स्थल पर चबूतरे का निर्माण करना चाहते थे, जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने रुकवा दिया था। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी नजीबाबाद शलेंद्र सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह, नयाब तसीलदार अमित कुमार और नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक मौके पर पहुंचे और जांच के बाद अधिकारियों ने विवाद का समाधान कराते हुए उक्त स्थान पर चबूतरे का निर्माण करा दिया। जिससे एक माह से चल रहे विवाद का समाधान हो गया।

एक नजर

साईं गंगा धाम में पूजन व भंडारा

धामपुर। नगीना मार्ग स्थित श्री साईं गंगा धाम मंदिर में सामूहिक पूजन कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवारों ने पहुंचकर साईं बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान साईं बाबा के जयकारों व भजनों से मंदिर परिसर गूंज उठा। पूजन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बसेड़ा कुंवर निवासी माता क्रांति देवी चौहान, समाजसेवी विजयपाल सिंह चौहान व उनकी पत्नी सरोज वाला सिंह चौहान के संरक्षण में तथा सुरेशचंद व मीता देवी के संयोजन में किया गया। मुख्य यजमान आशीष चौहान व उनकी पत्नी मोनिका चौहान रहे। इनके साथ सूर्यप्रताप सिंह, संजना सिंह, आशा रानी, मदनपाल सिंह, सरोज देवी आदि परिजनों ने पूजन में सहभागिता की। आचार्य पंडित अनिल कुमार शास्त्री (बरेली) ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। पूजन उपरांत मंदिर परिसर के बाहर प्रसादालय में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद बिजनौर व आसपास के जनपदों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रसाद वितरण में आनंद कुमार, विपिन कुमार, महिपाल सिंह, राकेश कुमार व उनकी टीम ने समर्पण भाव से सहयोग प्रदान किया।

'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' कार्यक्रम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' कार्यक्रम के दौरान योन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि की पीड़ित महिलाओं तथा बालिकाओं से पारस्परिक संवाद स्थापित किया गया और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के लिए आश्वस्त किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बिना झिझक और संकोच के हक के साथ अपनी समस्याओं को बताएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी सजगता और गंभीरता के साथ आपके साथ है। उन्होंने महिलाओं को सलाह देते हुए कहा कि जो भी शिकायत प्रेषित की जाए, वह सत्यता पर आधारित होनी चाहिए, अनावश्यक रूप से बढ़ा-चढ़ाकर शिकायत प्रस्तुत न की जाए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा घरेलू हिंसा व उत्पीड़न, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास का आवंटन, दुकान पर अवैध कब्जा आदि शिकायतें जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की गईं, जिस पर उन्होंने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं के निवारण के लिए सभी सार्थक प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डीएमसी रविता राठी द्वारा किया गया।

शेरकोट में अंधेरा बना हादसों की वजह

शेरकोट। बैराज पुल के आगे धामपुर की ओर जाने वाला मोड़ पिछले कई महीनों से पूरी तरह अंधेरे में डूबा हुआ है। रात होते ही इस क्षेत्र में घोर अंधेरा छा जाता है, जिससे गुजरने वाले राहगीर, वाहन चालक और खेतों से लौटते किसान गंभीर खतरे का सामना करते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है और अब स्थिति दुर्घटनाओं को न्यौता देने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि मोड़ पर स्ट्रीट लाइट न होने की वजह से सामने से आने वाले वाहन के बारे में अंदाजा लगाना बेहद मुश्किल हो जाता है। कई बार वाहन एकदम पास आने पर ही दिखता है, जिससे टक्कर की आशंका बनी रहती है। बाइक सवार और पैदल चलने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। सर्दियों के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। इस क्षेत्र में सुबह और शाम को इतना घना कोहरा रहता है कि कुछ ही मीटर की दूरी देखना मुमकिन नहीं होता। ऐसे में अंधेरा और कोहरा मिलकर किसानों व यात्रियों के लिए जानलेवा स्थिति पैदा कर देते हैं। कई किसानों ने बताया कि खेतों से देर रात लौटते समय उन्हें हर पल दुर्घटना का डर सताता है। ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस महत्वपूर्ण मोड़ पर जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए। उनका कहना है कि यह सड़क किसानों, मजदूरों, छात्रों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

क्रिसेंट में संविधान दिवस मनाया

चांदपुर। मुस्लिम फंड किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं अन्य संस्थापक सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। छात्रों और शिक्षकों ने हाथ उठाकर संविधान के प्रति निष्ठा, समानता और न्याय की भावना बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में स्कूल के शहजाद खान, प्रधानाचार्य नदिम बख्त तथा मरगूब अहमद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों पदाधिकारियों ने छात्रों को भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह देश को दिशा देने वाली सर्वोच्च मार्ग दर्शिका है। नदीम बख्त ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और उन्हें संविधान के मूल्यों को समझकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा संविधान पर आधारित नाटक, भाषण, देशभक्ति गीत और पोस्टर प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। पूरे कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद आसिम ने अत्यंत संयम, स्पष्टता और प्रभावी शैली के साथ किया। उनके संचालन ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और आकर्षक बना दिया। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और संविधान दिवस को सार्थक बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया। पूरे विद्यालय परिसर में देशभक्ति और जागरूकता का वातावरण बना रहा।

एआईएमआईएम के नगर अध्यक्ष बने डा. चांद हाशमी

पार्टी की नीतियों को जन-जन जक पहुंचाएंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। डा. चांद हाशमी निवासी चांदपुर को ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रति उनकी निष्ठा एवं लगन को देखते हुए मौहम्मद रियाज मेहंदी जिला अध्यक्ष एआईएमआइ एम बिजनौर ने नगर अध्यक्ष चांदपुर मनोनीत किया है।

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तिहादुल मुस्लिमीन जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज मेहंदी कासमी ने डा. चांद हाशमी से पार्टी को और अधिक मजबूत करने के लिए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करने की अपेक्षा की है।

उधर डा. चांद हाशमी ने कहा कि मैं अपने जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार पार्टी हित में कार्य करूंगा और पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा। उधर डॉक्टर चाँद हाशमी के ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन का नगर चांदपुर अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके प्रशंसकों में हर्ष का माहौल है।

तहसीलदार को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। फतेहपुर में ड्यूटी के दौरान लेखपाल द्वारा आत्महत्या करने के मामले में लेखपालों ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए आरोपी व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

धरने पर बैठे लेखपालों ने कहा कि राजस्व कर्मियों को आए दिन असामाजिक तत्वों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है। हालिया फतेहपुर की घटना ने पूरे प्रदेश के राजस्व कर्मचारियों में भय और गुस्सा दोनों बढ़ा दिया है। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राजस्व विभाग में कार्यरत कर्मचारी फील्ड में रहकर सरकारी नीतियों के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं। फिर भी, उनके साथ लगातार हो रही घटनाओं पर न तो ठोस सुरक्षा व्यवस्था की गई और न ही ऐसे मामलों में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती दिखाई देती है। धरना स्थल पर मौजूद एक लेखपाल ने कहा, हम जनता की सेवा के लिए जाते हैं, लेकिन लौटते समय हमें अपनी सुरक्षा का डर बना रहता है। अगर हम सुरक्षित नहीं रहेंगे तो कैसे काम करेंगे। प्रदर्शन के दौरान लेखपालों ने चेतावनी दी कि यदि फतेहपुर कांड में तत्काल प्रभाव से दोषियों को गिरफ्तार कर कठोर दंड नहीं दिया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा तथा कार्य बहिष्कार पर भी निर्णय लिया जा सकता है।

लेखपालों ने धरना देकर जताया विरोध

सुदामा की मित्रता के प्रसंग का वर्णन

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। मौहल्ला गोकुलनगर चन्द्र लोक कालोनी (सिलारा) में स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम पर मॉदिर में स्थापित लक्ष्मी नारायण की के प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर प्रवचन करते हुए कथा प्रवक्ता महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज श्री संघर्षी ने कहा कि सुदामा निःस्वार्थ मित्रता एवं निष्काम भक्ति का साक्षात दर्शन है। वह इस जन्म में ही परम् मोक्ष चाहता है। वह ओर किसी नये कर्म बन्धन में बंधना ही नहीं चाहता। इसी कारण वह भगवान का परम् मित्र होकर भी वह उनसे कुछ भी मांगनें को तैयार नहीं है'।

श्री संघर्षी महाराज आगे कहते हैं कि 'भक्ति के बल पर ही ईश्वर को भी अपने मित्र तथा सखा के रूप में अपना रक्षक बनाया जा सकता है। श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता चिर काल तक भक्तों को प्रेरणा देती रहेगी। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं हम सभी के आत्मकल्याण तथा परम् गति के लिए श्रवण करायी जा रही है। कलयुग में केवल श्रीमद् भागवत कथा ही परम मोक्ष साधन हैं। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि जिस क्षण संसार में हमारा जन्म जाता है, उसी क्षण मृत्यु हमारे आगे-पीछे डोलने लगती है। जब तक हम पर ईश्वर की कृपा है, तभी तक हम सुरक्षित है। वरना थोड़ी सी भी सावधानी हटी तभी समझ लो दुर्घटना घटी। ईश्वर की शरणागति ही हमें मृत्यु के संकट से बचा सकती है।

श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम दिवस

श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि जितना समय हम दूसरों को समझने में लगा रहे हैं यदि उसका पिन बराबर समय भी हम अपने को सुधारने में लगा लें, तो मुझे विश्वास है कि विश्व में रामराज्य आ जायेगा।

कथा में मुख्य यजमान एड. प्रभात गुप्ता तथा उनके पुत्र एड. मनु गुप्ता ने व्यास पूजन के अन्तर्गत कथा व्यास महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी महाराज को माल्यार्पण कर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर यजमान तेज पाल सिंह, रविन्द्र अग्रवाल, मनोज वर्मा, प्रकाशो देवी ने भी श्री महाराज का सम्मान किया।

कथा में परीक्षित के रूप में एड. मनु गुप्ता सपत्नीक उपस्थित रहकर पूर्ण रूप से समर्पित रहे। आज की कथा में कथा प्रवक्ता ने श्री सुदामा की मित्रता, पांडवों का पर्वतारोहण, यदुवंश का माता गांधारी के श्राप के कारण विनाश, भगवान श्री कृष्ण का गोलोकधाम को पधारना, परीक्षित का मोक्ष कलिकाल का वर्णन इत्यादि प्रसंगों को बड़े ही मार्मिक ढंग से भक्तों को श्रवण कराया। जिसे श्रवण कर सभी भक्त भाव विभोर हो गए। कथा में संघर्षी महाराज के परम शिष्य श्री मद्भागवत कथा व्यास श्री राज कुमार सुदर्शन जी महाराज ने भी सपत्नीक उपस्थित होकर श्री गुरु महाराज का पूजन किया तथा बड़े मधुर मधुर भजन गाकर सभी का मन जीत लिया।

अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया, चालक की मौत

हल्दौर। बिजनौर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर स्थित गांव नवादा तुल्ला के पास गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। खुदागंज, थाना जलालपुर (जनपद शाहजहांपुर) निवासी मुदस्सिम (30 वर्ष) किरतपुर से विद्युत खंभे लेकर जोया की ओर जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जोरदार तरीके से टकरा गया, जिससे चालक मुदस्सिम की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना का दृश्य इतना भयावह था कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने इत्तेफाक में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने मामले की पुष्टि की है। उसकी मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

अंतर्महाविद्यालय पुरुष वॉलीबाल टूर्नामेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में गुरू जम्भेश्वर विश्व. विद्यालय के तत्वावधान में अंतर्महाविद्यालय पुरुष वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों के नौ महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में सर्वप्रथम कॉलेज प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिओं का बुके देकर हार्दिक स्वागत किया गया।

इस वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर सत्यव्रत सिंह रावत, प्रोफेसर आनंद सिंह, आरएसएम कॉलेज धामपुर से पर्यवेक्षक डॉ. जितेंद्र सिंह चौधरी, डॉ. जयदीप शर्मा, कृष्णा कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान, साइंस कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, निदेशक योजना एवं विकास अधिकारी डॉ. एससी जैन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

मुख्य अतिथि गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर सत्यव्रत सिंह रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेलों को अपनाकर हम खिलाड़ियों के अच्छे चरित्र और अनुशासन का निर्माण कर सकते हैं, अच्छा चरित्रवान खिलाड़ी एक अच्छे राष्ट्र और सभ्य समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है। इस दौरान चेयरमैन मनोज कुमार ने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि युवाओं की प्रतिभा और दक्षता का आकलन ऐसे ही शारीरिक खेलों द्वारा ही किया जाता है। प्रत्येक युवा के अंदर खेल का जज्बा होता है, जिससे वह दिन रात मेहनत कर देश के लिए प्रतिनिधित्व करते हैं। वॉलीबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय के कुल आठ मैच हुए जिनका पहला सेमीफाइनल कृष्णा कॉलेज बिजनौर और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद के मध्य तथा दूसरा सेमीफाइनल वर्धमान कॉलेज बिजनौर एवं आरएसएम कॉलेज धामपुर के मध्य हुआ।

इस अंतर्महाविद्यालय के फाइनल में वर्धमान कॉलेज एवं हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की टीम पहुंचीं, जिसमें से हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की टीम विजेता रही। विजेता और उपविजेता टीमों को कॉलेज प्रबन्धन द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया तथा सभी अतिथिओं का इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आज के कार्यक्रम के क्रीड़ा सचिव विशाल विक्रम सिंह, क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार, प्रदीप राठौड़, डॉ. एमए खान, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. दीपशिखा अग्रवाल, डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. पायल राठी, डॉ. शोमा, सुनील कुमार, गोपाल स्वरूप, सूरज शर्मा, अभिषेक, दीपिका, मीनू कोठारी, मंदीप चिकारा, अरमान एवं समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आन बान शान चौराहे पर लहराया 110 फीट तिरंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। नगर को डीएम और एसपी के प्रयासों से नई सौगात मिली है। करोड़ों की लागत से कराये गए कार्यों का मंडलायुक्त ने फीता काटकर उदघाटन किया। जबकि शहर का मुख्य चौराहा चौधरी सराय पर आन-बान शान 110 फीट ऊंचा तिरंगा मयीन का बटन दबाकर लहराया।

शुक्रवार को मंडलायुक्त मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह ने सम्भल को मिली पांच बड़ी सौगातों का फीता काटकर उदघाटन किया। सबसे पहले ब्लॉक परिसर में सुगम्य किन्द्र का फीता काटकर उदघाटन किया। लाव लश्कर के साथ पहुंचे मंडलायुक्त आंजनय कुमार सिंह ने पुनरूद्धार कराये गए बाज़ार चक्की के पाटा का उदघाटन किया जबकि शाही जामा मस्जिद के निकट बनी सत्यव्रत पुलिस चौकी का का निरीक्षण कर चौकी में स्थापित सी सी टी वी कैमरों के कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडलायुक्त ने शहर भर की निगरानी के लिए बनाए गए कन्ट्रोल रूम की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने यमतीर्थ पर कराये गए विकास और जीर्णोद्धार कार्य को परखकर उसका भी उदघाटन किया। जबकि चर्तुमूख कूप पर पूजन अर्चन कर विधि-विधान से उदघाटन किया और मंडलायुक्त ने शहर भर में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ओर नगर पालिका परिषद के ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी

○चौधरी सराय चौराहे को मिली नई पहचान, मंडलायुक्त ने बटन दबाते ही पोल पर लहराया तिरंगा

के प्रयासों से कराये गए कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि सुगम्य ज्ञान केन्द्र के लिए दिव्यांग बच्चों को एक सघन अभियान चलाते हुए चिन्हित किया जाए जिससे वह सुगम्य ज्ञान केंद्र में शिक्षा प्राप्त कर सकें। मंडलायुक्त ने बताया कि सुगम्य ज्ञान केंद्र का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है सुगम्य ज्ञान केंद्र पर मुख्य रूप से दृष्टि दिव्यांग,मूक बधिर,बौद्धिक, सेरेब्रल पल्सी आदि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा प्रदान की जाएगी। सुगम्य ज्ञान केंद्रों का संचालन विकास खण्डों में कार्यरत विशेष शिक्षकों के द्वारा किया जाएगा।इस मौके पर जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, ई ओ नगर पालिका परिषद सम्भल डा. मणि भूषण तिवारी परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी सम्भल/ असमोली प्रेमपाल सिंह, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शैलजा मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख असमोली संतोष देवी, ब्लॉक प्रमुख सम्भल सुषमा चौधरी, पीएम श्री विद्यालय इटायला माफी के इंचार्ज अध्यापक कपिल मलिक आदि मौजूद रहे।

सम्भल- चौधरी सराय चौराहे पर 110 फीट ऊंचे तिरंगे का फीता काटकर उद्घाटन करते व सुगम्य ज्ञान केन्द्र पर दिव्यांग बच्चों से संवाद करते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार।

पांच कार्यों से शहर को मिलेगी नई पहचान: मंडलायुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। मुरादाबाद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि ये पांच कदम सम्भल को सुरक्षित, जागरूक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त शहर बनाने की दिशा में बड़ी पहल है। उन्होने कहा कि सम्भल में पहली बार दो विशेष सुगम ज्ञान केंद्र पुस्तकालय असमोली और संभल में शुरू किए गए हैं. जहां दिव्यांग बच्चों के लिए पढ़ाई, प्रशिक्षण और स्किल डेवलपमेंट की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. मंडलायुक्त ने चौधरी सराय पुलिस चौकी के सामने अशोक स्तंभ के साथ 101 फीट ऊंचे तिरंगे का उद्घाटन भी किया है. सुरक्षा की दृष्टि से सत्यव्रत पुलिस चौकी को 250 आधुनिक कैमरों से लैस किया गया है। मंडलायुक्त ने जामा मस्जिद रोड पर स्थित चक्की के पाट का उद्घाटन किया। इस पर उन्होंने कहा कि आल्हा-ऊदल द्वारा युद्धकाल में स्थापित चक्की का पाट, जो दो वर्ष पहले क्षतिग्रस्त हो गया था, अब नगर पालिका द्वारा सुंदर तरीके से पुनर्जीवित कर दिया गया है. यह पाट केवल एक पत्थर नहीं, बल्कि सम्भल की ऐतिहासिक आत्मा है। जहां महाराजा पृथ्वीराज चौहान की उपस्थिति दर्ज है। उन्होने कहा कि इन पांचों कार्यों से सम्भल को एक नई पहचान मिलेगी।

○क्षतिग्रस्त चक्की के पाट को नगर पालिका परिषद द्वारा सुंदर तरीके से पुनर्जीवित करने की प्रशंसा

सुगम्य ज्ञान आसानी से ग्रहण कर सकेंगे दिव्यांग छात्र-छात्राएं

शाह टाइम्स संवाददाता

असमोली। दिव्यांग छात्र-छात्रायें अब सुगम्य ज्ञान आसानी से पा सकेंगे। दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए लाईब्रेरी का विधिवत उदघाटन मंडलायुक्त ने फीता काटकर किया है।

○असमोली में लाईब्रेरी का कमिश्नर ने किया उद्घाटन

विकासखंड परिसर में सुगम्य ज्ञान के अंतर्गत गरीब दिव्यांग बच्चों के लिए लाइब्रेरी का संचालन शुरू किया गया है। जिससे कि विकासखंड क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके जिनके माता-पिता अपने दिव्यांग बच्चों को बाहर पढ़ने के लिए नहीं भेज सकते उन्हीं के लिए विकासखंड परिसर में लाइब्रेरी का संचालन मंडल आयुक्त आंजन्य कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। मंडल आयुक्त ने मंदबुद्धि बच्चों से संवाद कर उन्हें सिखाए गए शब्दार्थ के बारे में पूछा और इशारों में उनके नाम जानने की कोशिश की। जबकि दृष्टि बाधित बच्चों से उनके हाथ में छाया चित्र देकर पहचान करने के लिए दिया। इस तरह की लाइब्रेरी की शुरुआत से अन्य और बच्चों को भी लाभ मिलेगा कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पसिया एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट जिला विकास अधिकारी रामाशीष ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल शर्मा खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

पत्रकार मनीष चौधरी को पितृ शोक

सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)। पत्रकार के पिता का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर पहुंचे पत्रकारों ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। ग्राम महमूदपुर कंज निवासी पत्रकार मनीष कुमार के पिता का निधन हो गया। उनका गमगीन माहौल में अन्ति संस्कार किया गया। निधन पर पत्रकारों ने भी शोक जताया।

सोये हुए मस्जिद कब्रिस्तानों के मुतवल्लियों की नहीं टूट रही नींद

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। वक्फ सम्पत्तियों को उम्मीद पोर्टल दर्ज कराने की समय सीमा करीब आती जा रही है लेकिन वक्फ सम्पत्तियों को दर्ज कराने के लिए अभी कोई जागरूक नहीं हैं। जबकि लापरवाही आगे आने वाले समय में बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकती है। लेकिन वक्फ सम्पत्तियों पर मठाधीश बने बैठे काफी मुतवल्लियों की नींद नहीं टूट रही है।

नये वक्फ कानून के तहत सभी वक्फ सम्पत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराया जाना जरूरी हो गया। पोर्टल पर दर्ज सम्पत्ति वक्फ से बाहर मानी जायेंगी। इसके लिए सरकार की ओर से उम्मीद पोर्टल बनाया गया है। जिस पर वक्फ सम्पत्तियां दर्ज करायी जानी हैं। इसके लिए चार दिसम्बर की तरीख निर्धारित की गई है। सम्भल जनपद में अनगिनत वक्फ सम्पत्तियाँ हैं। जिन पर मुतवल्ली नियुक्त है। बरसों से वक्फ सम्पत्तियों के मुतवल्ली मठाधीश बने हुए है। सम्पत्तियों का ब्यौरा दर्ज कराने के लिए बार-बार सरकार की ओर से अपील भी की जा रही है। लेकिन उम्मीद पोर्टल पर सम्पत्तियों का ब्यौरा दर्ज कराने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है परन्तु मठाधीश बन चुके मुवतल्लियों में जागरूकता नहीं आ रही है और वह घरों पर सोए हुए है। जबकि काफी वक्फ कमेटियों के पदाधिकारी भी खरीटे भरकर सो रहे है। ऐसा इसलिए नहीं कहा जा रहा है बल्कि उम्मीद पोर्टल पर सम्पत्तियां दर्ज कराने का काम करने वाले लोगों का कहना है कि पोर्टल सम्पत्तियां दर्ज कराने के लिए कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। जबकि शहर और जिले में वक्फ सम्पत्तियों की संख्या बहुत है। संख्या अधिक होने के बाद कब्रिस्त, मस्जिदों और अन्य वक्फ सम्पत्तियां दर्ज कराने के लिए मुतवल्ली नहीं पहुंच रहे है। ऐसे में समय सीमा निकल जाने पर आगे आने वाले समय में काफी दिक्कतों का सामना करेंगे। सांप निकल जाये फिर लकीर पीटने वाली कहावत को चरित्रार्थ करते हुए इसका सारे दोष का ठींकरा सरकार पर ही फोड़ेंगे।

प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना किए आपदा मित्र

○ निजि कार्यालय पर खोली पीडीए पाठशाला

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। आपदा मित्र योजना के तहत प्रथम चरण में 49 स्वयं सेवकों को आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए हरी झंडी दिखाकर राज्य आपदा मोचक बल (एस.डी.आर. एफ.) लखनऊ को रवाना किया गया।

केंद्र सरकार की ओर से सामुदायिक जागरूकता से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करने लिए इस योजना को लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों पर इन स्वयं सेवकों को आपदा प्रबंधन, आपदा पूर्व तैयारी, भूकंप सुरक्षा, खोज एवं बचाव, अग्नि सुरक्षा, बरसात के मौसम में बाढ़, आकाशीय बिजली, सी.पी.आर. आदि के लिए निर्धारित पाठयक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन्हें आपातकालीन किट, लाईटर, बहु उपयोगी रस्सी, कटर, सीटी आदि उपलब्ध कराई जायेगी। प्रशिद्वाग के लिए रवाना किए गए आपदा मित्र प्रशिक्षण लेकर जिले में होने वाली आपदाओं का सामना करने में सक्षम बनेंगें। जबकि आपदा मित्र जनपद में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगें। जिला आपदा प्रबन्धन प्रधिकरण, सम्भल द्वारा एन.सी.सी, एन.एस.एस., नागरिक सुरक्षा, अग्नि शमन से स्वयं सेवकों का चयन किया गया। इन सभी को स्वयं सेवकों को 12 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 29.11.2025 से 10.12.2025 के लिए एस.डी.आर.एफ. लखनऊ भेजा गया। केंद्र सरकार की ओर से सामुदायिक जागरूकता से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करने लिए इस योजना को लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों पर इन स्वयं सेवकों को आपदा प्रबन्धन, आपदा पूर्व तैयारी, भूकंप सुरक्षा, खोज एवं बचाव, अग्नि सुरक्षा, बरसात के मौसम में बाढ़, आकाशीय बिजली, सी.पी. आर. आदि के लिए निर्धारित पाठयक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन्हें आपातकालीन किट, लाईटर, बहु उपयोगी रस्सी, कटर, सीटी आदि उपलब्ध कराई जायेगी। इस अवसर पर सौरभ पाण्डेय डिप्टी कलेक्टर, अच्युत कुमार जिला आपदा प्रबंधन विषेशज्ञ तथा आपदा मित्र मौजूद रहे।

सम्भल- आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना होते आपदा मित्र।

आत्म हत्या के विरोध में धरने पर बैठे लेखपाल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर लेखपाल आत्महत्या मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विरोध में लेखपालो ने धरना दिया और शादी के लिए छुटटी न देने व बर्खास्तगी की धमकी देने के विरोध में सुबह से शाम तक धरना दिया।

फत्तेहपुर में जिला प्रशासन पर लेखपाल सुधीर कुमार ने प्रताड़ना से तंग आकर आत्म हत्या करने के आरोपों से लेखपालों में रोष गहराता जा रहा है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आहवान पर लेखपाल विरोध में उतर आये। शुक्रवार को लेखपालों ने सुबह दस बजे से लेकर सांय पांच बजे तक धरना दिया। धरने पर बैठे लेखपालों ने जनपद फत्तेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार को शादी के लिए अवकाश न देने और वहां के एसडीएम द्वारा बर्खास्त करने की धमकी देने का आरोप लगाकर रोष जताया। जिससे आहत होकर लेखपाल सुधीर कुमार ने आत्म हत्या कर ली। धरने पर बैठे लेखपालों ने मौन धारण दिवंगत की आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

विरोधियों को नहीं भाया पूर्व चेयरमैन को बदनाम करने का कुचक्र रच डाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। नगर पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत ईलाही अपने सामाजिक कार्यो को लेकर आये दिन चर्चा मे बने रहते हैं। उनके सामाजिक कार्यो और बढ़ती हुई लोकप्रियता कुछ विरोधियों को रास नहीं आया और बदनामी का कुचक्र ही रच डाला।

दर असल उप नगरी सराय तरीन दौलतपुर मार्ग पर तीन दिन पूर्व कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया था। दंगल में स्थानीय व दूर दराज के पहवाल अपने दांव पेंच दिखाने पहुंचे थे। दंगल में नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही भी पहुंचे थे। उन्होने कुश्ती से दांव पेंच दिखाकर अपने विरोधी को चित्त करने वाले पहलवानों को दिल खोकर नकद इनाम देकर उनको प्रोत्साहित किया। जिससे उनके विरोधियों के चेहरों की रंगत उड़ गयी। क्योंकि खाली पहलवानों को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी जेबों से हाथ बाहर रहे। बस फिर क्या था विरोधियों ने सोशल मीडिया पर तरह-तरह के संदेश और वीडियो को वायरल कर आरोप लगाकर ब्लैकमिलंग के दांव फैकने शुरू कर दिये। उनके झांसे और कमेंटसबाजी का पूर्व चैयरमेन पर कोई असर नहीं होता देख विरोधियों ने बदनाम करने की सभी सीमाओं को लांघते हुए ऐंसा कुचक्र रच डाला। दिल खोलकर पहलवानों को ईनाम देकर उनकी आंखो का तारा बनते देख विरोधियों ने खुद यह अफवाह फैलायी कि पूर्व चैयरमेन ने दो लाख 51 हजार का ऐलान किया है। जबकि ऐसा कोई ऐलान नुसरत ईलाही ने किया ही नहीं। जबकि किसी के पास ऐसा कोई प्रमाण भी नहीं की वह साबित कर सके की नुसरत ईलाही ने इतनी मोटी रकम का ऐलान किया हो। हर तरह से बदनाम करने का षडयंत्र हो रहा है लेकिन विरोधियों के आरोपों को जनता भी स्वीकार नहीं कर रही और मुंह की खानी पड़ रही है। कुछ वीडियों ऐसे सामने आये जिनमे नुसरत इलाही दिल खेलकर पहलवानों को ईनाम देकर प्रोत्साहित कर रहे है। इन वीडियों से विरोधियों के चेहरे की रंगत उड़ गयी है।

आंगनबाड़ी की शिकायत पर दो पक्षों में जमकर मारपीट

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम नवाड़ा में शुक्रवार को प्रधान आंगनबाड़ी सहायिका की शिकायत को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी। विवाद में दोनों ओर से तीन-तीन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में तनाव का माहौल बन गया। घायलों को जिला अस्पताल भेजकर उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम नवाडा में आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े किसी मामले की एक पक्ष की ओर से ग्राम प्रधान आंगनबाड़ी की शिकायत की थी। इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गयीं बात इतनी बढ़ गयी कि मारपीट होने लगी। एक पक्ष का आरोप ने शिकायत पर पुलिस पर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे पक्ष ने रंजिशन कुत्ता छोड़ने की शिकायत की। दोनों ओर से गंभीर आरोप लगाए गए हैं। घटना में पहले पक्ष के राजकुमार, हेमेंद्र और मुकेश घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष के धर्मवीर, अजय और विकास को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है, जहां उनका उपचार और मेडिकल परीक्षण चल रहा है। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों के आरोपों की सत्यता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पार्टी स्तर से एसआईआर पूरा कराने में करें सहयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। भारतीय जनता पार्टी मंडल हयात नगर के शक्ति केंद्र पीला खजाना पर एस आई आर को लेकर एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रभारी एवं क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य गोविंद चौधरी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उन्होंने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा की पार्टी स्तर से सभी कार्यकर्ता एस आई आर को पूर्ण कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। बूथ स्तर तक जाकर गहन मतदाता पुनरीक्षण सूची के कार्य पूर्ण करवाये। बैठक में विधानसभा प्रभारी पंकज गुप्ता, विधानसभा संयोजक प्रभात शर्मा, जिलापंचायत सदस्य डा. तेजपाल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा शान अली, मण्डल महामंत्री सुमित श्याम,जितेंद्र सैनी,शक्ति केंद्र संयोजक श्रवण कुमार प्रजापति,बूथ अध्यक्ष राजीव प्रजापति, बी अल ए 2 चमन लाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कचरा प्रथक्करण को आईसीसी टीम ने किया जागरूक

○नुक्कड़ नाटक कर गली मौहल्ले में बांटी गई जागरूकता सामग्री

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत घर-घर आईईसी टीम के सदस्यों ने कचरा पृथक्करण को लेकर प्रशिक्षण देने का अभियान चलाया हुआ है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को वार्ड नंबर एक, दो तीन चार आठ व वार्ड नम्बर नो में सामाजिक कार्यकर्ता संस्थान एनजीओ की सोशल जोन नामक यूनिट ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक किया।

सिरसी पालिक अध्यक्ष कौसर अब्बास के आवास पर भी एक नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक देख लोगों ने जमकर तालियां बजाई व आनंद लिया। वही पालिका अध्यक्ष कौसर अब्बास ने लोगों से कहा कि कचरा इधर-उधर ना फैंकें सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करें साथ ही कचरा रोज सुबह आने वाली कूड़ा गाड़ी को ही दें। इससे सिरसी नगर बेहद साफ सुथरा रहेगा। कहा कि हमें जनता का सहयोग चाहिए जिससे सिरसी नगर को आदर्श नगर बनाया जा सके। इन नुक्कड़ नाटकों के दौरान गली मोहल्ले में मोहल्ला पंचायत की गई व लोगों को जागरूकता से जुड़ी सामग्री भी बांटी गई। इन नुक्कड़ नाटकों में टीम नोमान को चंचल सैनी, कय्यूम, लिपिक रईस अहमद, पंकज, नईम अहमद इत्यादि का पूर्ण सहयोग मिला।

सम्भल- हल्लू सराय में श्रीशिव पुराण कथा में कथा का श्रवण करते श्रद्वालु।

एक नज़र इधर भी

मछुा समुदाय की समिति बनाने को बैठक एक दिम्बर को

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। निर्बल इण्डियन शोरिात समाज हमारा आम दल ( )निषाद पार्टी की बैठक का आयोजन एक दिसम्बर को किया जायेगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष रामलखन निषाद एवं पूव ग्राम प्रधान हरिराम कश्यप ने संयुक्त रूप से बताया कि तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत कासमपुर में मछुआ समुदाय की समिति बनाने को बैठक आयोजित की जायगी। बैठक ग्राम नूरियों सराय के निकट चन्दौसी रोड मछली मंडी में होगी। उन्होने बताया कि बैठक हरिराम कश्यप के आवास पर होगी। बैठक में समय से पहुंचने का आहवान किया गया।

तिरंगा रैली में बच्चे बोले बाल विवाह अभिशाप

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। बाल अपराधों के खिलाफ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन लगातार अभियान चला रही है। अभियान के तहत संस्था और जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयक्त तत्वाधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से चौधरी सराय में एस वी एम स्कूल के छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर बाल विवाह न करने की शपथ ली इस अवसर पर संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है भारत सरकार ने 27 नवंबर से सौ दिवसीय अभियान चलाया है जिसमे बाल विवाह के खिलाफ विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे और लोगों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल अपराध की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर दे सकते हैं। जिससे की जनपद सम्भल को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। बाल विवाह एक सामाजिक अपराधा है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर अबाज उठानी होगी, इस अवसर पर कैप्टन आर्यन फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाऊस की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि व्यवस्थाओं को चेक किया। जिलाधिकारी ने कक्षों को चेक किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बिजली बिल राहत योजना पर चर्चा की

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर पहुंचे एस.ई. हाइडिल, अधिशासी अभियंता सहित बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात की तथा सरकार की बिजली बिल राहत योजना 2025-26 पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सांसद ने अधिकारियों को अवगत कराया कि जनपद के अनेक उपभोक्ता आर्थिक तंगी के कारण अपने बिजली बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं। सांसद ने स्वयं योजना की प्रगति पर नजर रखने का आशवासन दिया।

तेज रफ्तार खनन भरे डम्फर बनने लगे जानलेवा

शाह टाइम्स,संवाददाता

असमोली। जोया-सम्भल मार्ग पर मिटटी खनन में लगे डंपरों की तेज रफ्तार एक बार फिर हादसे का कारण बन गई। शुक्रवार को गांव मदाला के पास मिटटी से भरे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जाबुल पुत्र ताहिर और आस्कि अली पुत्र शाहरुख निवासी मदला बाइक से असमोली जा रहे थे। जैसे ही वे मुख्य मार्ग पर पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे मिटटी लदे डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद भीड़ ने तुरंत घायल युवकों को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल भेजा। डाक्टरों के अनुसार, जाबुल हसन की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और डंपर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया, हालांकि चालक मौके से फरार हो गया।

○मिट्टी से भरे डम्फर ने रौंदे बाइक सवार

थाना प्रभारी राजीव मलिक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में डंपर की टक्कर से हादसा होना सामने आया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मिटटी खनन वाले डंपरों की तेज रफ्तार और पुलिस की अनदेखी को हादसों की बड़ी वजह बताया है।

बेरोज़गारी दूर करने को लगे स्टील प्लांट

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। व्यवसाइयों ने केंद्र व राज्य सरकार से क्षेत्र में एक स्टील प्लांट लगाए जाने की मांग की है। जिससे क्षेत्र में व्याप्त बेरोजगारी को कम किया जा सके और युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके।

नगर गुन्नौर के मोहल्ला सराय

○व्यवसायियों ने बैठक कर की मांग

में व्यवसाइयों की बैठक हुई।जिसमें गुन्नौर क्षेत्र में भारी उद्योगों की स्थापना की बात कही गयी। जिससे युवाओं को घर में रोजगार के अवसर प्राप्त हों। बेरोजगारों को क्षेत्र से बाहर रोजगार की तलाश में भटकना पड़ रहा है। सुनील कुमार ने कहा कि क्षेत्र में प्लांट के लिए काफी जमीन है। आवागमन के पर्याप्त साधन है। उद्योग की स्थापना से विकास की गति तेज हो जाएगी। क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हो जाएगा। रोजगार प्राप्ति के अवसर उपलब्धा होंगे। गुन्नौर क्षेत्र में विकास के लिए भारी उद्योगों की आवश्यकता है। उद्योग स्थापना से क्षेत्र में खुशहाली आएगी। युवाओं को क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हो सकेगा। अन्य शहरों में काम के लिए भटकते नहीं घूमेंगे। प्रेमपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में भारी उद्योग की स्थापना से अन्य रोजगारों को भी गति मिलेगी। क्षेत्र में बाजार का विकास होगा। क्षेत्र में प्लांट के समीप भी मार्केट आदि की स्थापना होगी। जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र में भारी उद्योग की स्थापना क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए बेहद जरूरी है। केंद्र व राज्य की सरकार क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना कराएं। इस दौरान विनोद कुमार, नन्हे वार्ष्णेय, प्रेमपाल , सुमित, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख का निधन

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। पूर्व विधायक गुन्नौर स्वख श्यौराज सिंह यादव व पूर्व विधायक प्रेमवती के सुपुत्र रजपुरा के पूर्व ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र सिंह उर्फ काली यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजघाट गंगाघाट पर किया गया। उनके निधन पर नेता गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुंचे। इसके बाद गंगाघाट राजघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गयाउनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रदीप कुमार उर्फ गुडडू यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक यादव अमित यादव रामू यादव अनुराग यादव आदि रहे। उधर पूर्व बदायूं सांसद संघमित्र मौर्य ने पूर्व ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र उर्फ काली यादव की आवास पर पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

सरकारी गाड़ी पर बैठकर रील बनाने का युवकों पर चढ़ा खुमार, वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने शुरू की जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। सोशल मीडिया पर रील बनाने का क्रेज युवाओं को लगातार जोखिम भरे और गैरकानूनी स्टंट करने के लिए उकसा रहा है। ताजा मामला मुरादाबाद से सामने आया है, जहां चार युवकों ने सरकारी वाहन के बोनट पर बैठकर सिगरेट पीते हुए इंस्टाग्राम रील बनाई।

वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जिस गाड़ी पर युवक बैठे हैं, उस पर उत्तर प्रदेश सरकार और मजिस्ट्रेट लिखा हुआ है, साथ ही ऊपर लाल-नीली लाइट भी लगी है। वीडियो में युवक वाहन के बोनट पर बैठकर सिगरेट के छल्ले उड़ाते नजर आ रहे हैं, यह हरकत न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है बल्कि सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग की श्रेणी में भी आता है।वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। युवकों द्वारा ट्रैफिक नियम तोड़ते हुए और सरकारी वाहन की गरिमा को ठेस पहुंचाते हुए बनाई गई इस रील पर सख्त कार्रवाई की तैयारी है। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जा रही है और दोषियों की पहचान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतें सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं और इसमें शामिल युवकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अब यह भी तलाश कर रही है कि सरकारी वाहन किसके उपयोग में था और युवकों ने उसमें किस तरह पहुंच बनाई। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रशासन ने अपील की है कि युवा सोशल मीडिया की लोकप्रियता के चक्कर में इस तरह की खतरनाक और कानून तोड़ने वाली गतिविधियों से बचें।

अभद्र टिप्पणी को लेकर सौंपा ज्ञापन, आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की उठाई मांग

कांठ (शाह टाइम्स)। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने आज आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर नाराजगी व्यक्ति की और भारत सरकार को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम संत दास पवार को सौंप कर उन्हें बर्खास्त किए जाने की मांग उठाई।

ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष भावेश शर्मा के नेतृत्व में आज दर्जन भर से ज्यादा लोग तहसील पहुंचे और उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि ब्राह्मण समाज ने सदैव त्याग तपस्या के माध्यम से समस्त समाज का मार्गदर्शन किया है और देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करते हुए भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने का कार्य किया है। ऐसे में एक प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा ब्राह्मण समाज के लिए की गई टिप्पणी ने केवल समाज बल्कि देश को अपमानित करने का काम किया है।

उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों से एकजुट होकर ऐसे अधिकारियों का बहिष्कार किए जाने की मांग उठाई।

इस अवसर पर तहसीलदार राजकुमार विकास शर्मा जितेंद्र शर्मा कुलदीप कौशिक मुकेश शर्मा अमित शर्मा राहुल शर्मा संदीप शर्मा बिट्टू अमरीश शर्मा रजत प्रभाकर अमित कौशिक अनिल शर्मा हर्ष शर्मा दिवाकर शर्मा प्रमोद शर्मा केशव शर्मा आदि मौजूद रहे।

जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में पूर्व स्वास्थ्य समिति की बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा करते हुए इस बार भी और बेहतर कार्य कर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी, आईपीडी में जिला अस्पताल एवं जिला महिला चिकित्सालय की स्थिति खराब होने पर कार्य प्रणाली में सुधार लाकर ओपीडी एवं आईपीडी बढ़ाने के निर्देश दिए।

जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत बिलारी, कुन्दरकी एवं अर्वन में प्रगति खराब होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने विशेष प्रयास कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। एफआरयू की समीक्षा करते हुए जिला स्तर पर योजना के गिरावट होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नोडल अधिकारी को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। परिवार नियोजन कार्यक्रम में इस वर्ष पिछले साल से प्रगति कम होने पर नोडल अधिकारी को विशेष प्रयास कर कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने आरसीएच पोर्टल की समीक्षा करते हुए और बेहतर प्रयास कर कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय मेंटल हेल्थ प्रोग्रेस योजना, नेशनल तम्बाकू कंट्रोल योजना, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर तथा नियमित टीकाकरण आदि की समीक्षा करते हुए उन्होंने बेहतर प्रयास कर सभी योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में स्वास्थ्य उप केंद्र भवनों के निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सम्बंधित तहसील प्रशासन से समन्वय करके स्थलों के चयन में तेजी लाएं। जिले में संचालित जन औषधि केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता की स्थिति के बारे में मुख्य विकास अधिकारी ने नोडल अधिकारी से जानकारी ली और कहा कि निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप इन जन औषधि केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता रहे, यह सुनिश्चित कराना विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। बच्चों में टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बच्चों में सभी निर्धारित टीके समय से लग जाएं इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए आशा और एएनएम के साथ बैठकें आयोजित करें और बच्चों में संपूर्ण टीकाकरण के लिए आने वाली समस्याओं का समाधान करके प्रगति बढ़ाई जाए। इसके साथ ही टीकाकरण से छूटे बच्चों का डोर टू डोर सर्वे कराया जाए ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छूटने पाए।

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने दवाईयों की उपलब्धता की स्थिति के बारे में जानकारी ली और कहा कि नियमित रूप से टीबी रोगियों को चिन्हित करने और उनके स्वास्थ्य में सुधार की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजीव बेलवाल, डा0 राजेन्द्र सिंह, डा0 विकास सिंह, डा0 परवीन सक्सेना, डा0 नरेन्द्र कुरैचिया, डीपीएम डा0 रघुवीर सिंह, डा0 मो. जावेद सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

अधिकारियों के दबाव से लेखपाल ने की आत्महत्या

कांठ में लेखपाल संघ ने दो मिनट का मौन रख एसडीएम को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स, संवाददाता

कांठ। जनपद फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद लेखपालों में आक्रोश फैल गया आज लेखपाल संघ ने धरना देकर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर इस मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। बताया गया कि सुधीर लेखपाल की 26 नवंबर को शादी होनी थी लेकिन एस आई आर के चलते उसे छुट्टी नहीं दी गई जिससे वह डिप्रेशन में आ गया इसके बाद एसडीएम संजय कुमार सक्सेना एवं नायब तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक शिवराम ने सुधीर कुमार के घर जाकर उन्हें कार्य पूरा न करने पर निलंबन की धमकी दे डाली। इस धमकी के बाद लेखपाल ने आत्महत्या कर ली इससे भी गलत तो तब हुआ जब 30 घंटे तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई और जब फिर दर्ज हुई तो उसमे सारा दोष कानून गो के ऊपर रख दिया गया लेखपालों ने इसे लेकर नाराजगी व्यक्त की। आज तहसील में मृतक आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखने के बाद धरना देकर उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौपा। जिसमें संजय कुमार सक्सेना को नामजद किए जाने मृतक की माता को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाने मृतक के परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिए जाने एसआईआर अंतिम तिथि बढ़ाई जाने सहित अन्य मांगो को ज्ञापन के माध्यम से उठाते हुए इन मांगों को पूरा कराए जाने की मांग उठाई।

इस मौके पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष अली हुसैन निशान्त त्यागी अर्जुन सिंह जहीरूद्दीन अंकित सक्सेना फहीम हुसैन आदि सभी लेखपाल मौजूद रहे।

सड़क बनने के साथ उखड़नी शुरू, लोगों में नाराजगी

कांठ (शाह टाइम्स)। सड़क बनने के साथ ही उखड़नी शुरू हो गई इसे लेकर लोगों में नाराजगी व्याप्त हो गई नगर के लोगों ने मानक के अनुसार सड़क बनवाए जाने की मांग उठाई है। बतादें कि सहसपुर से छजलैट तक सड़क के चौड़ीकरण का काम चल रहा है जिसमें एक सप्ताह से नगर में सड़क निर्माण चल रहा था लेकिन निर्माण के साथ-साथ ही कई जगह से सड़क उखड़नी शुरू हो गई। स्टेशन रोड पर भी चार दिन पहले सड़क बनाई गई मगर वह इस वक्त उखड़ कर उसकी बजरी सड़कों पर फैलनी शुरू हो गई है। जिसकी चपेट में आकर कई बाइक फिसल गई और बाइक सवार चोटिल हुए। लोगों ने ठेकेदार से इस मामले को लेकर नाराजगी जताई बताया गया कि ठेकेदार ने सड़क को ठीक कराने का भरोसा तो दिलाया है लेकिन इस काम में की जा रही लेट लतीफी से लोगों में नाराजगी है।



इस मार्ग पर दोनों और खड़े वाहन एवं दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण रास्ता तंग हो चुका है यहां तक की बाइक सवार लोगों को भी इस मार्ग पर निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर निकलने वाली भीड़ के कारण कोई भी दुर्घटना घट सकती है मोहल्ले के लोगों ने इस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग उठाई है।

शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री महत्वाकांक्षी शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को निर्देशित किया गया कि संबंधित शासकीय अधिष्ठानों से व्यवसायवार शिशिक्षु का मांग पत्र प्राप्त कर उनके विभागों में अधिक से शिक्षिशु योजित करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में उपश्रमायुक्त, उपायुक्त उद्योग, सहायक निदेशक सेवायोजन, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-2 ग्रामीण, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड-1 लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता नगर निगम, सहित अन्य संबंधित अधिकारीआदि उपस्थित रहें।

बैंक की लापरवाही के चलते पिन जनरेट करने गई लड़की के साथ ठगी

कांठ (शाह टाइम्स)। बैंक की लापरवाही के चलते एटीएम कार्ड का पिन जनरेट करने गई लड़की के साथ ठगी हो गई उसने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। नगर की आयुषी शर्मा पुत्री ओंकार शर्मा निवासी मोहल्ला पृथ्वी गंज का खाता केनरा बैंक हरिद्वार शाखा के शिवा. लिक नगर में है आयुषी अपने एटीएम कार्ड का पिन जनरेट करने के लिए कांठ के केनरा बैंक के एटीएम में गई थी जहां पर मौजूद युवक को उसने बैंक कर्मी समझ लिया लड़की पिन जनरेट करने लगी तो पीछे से दो लड़के और आ गए और उन्होंने उसे बातों में उलझा कर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया और दूसरा कार्ड उसे पकड़ा दिया इसके बाद वह तीनो लड़के बाहर निकल गए लेकिन कुछ ही देर बाद उसके अकाउंट से 29 हजार रुपए निकलने का मैसेज आया तो लड़की को ठगी का अहसास हुआ। लड़की का कहना था की एटीएम के पास सुरक्षा के लिए बैंक का गार्ड होना चाहिए था लेकिन बैंक कर्मियों की लापरवाही के चलते वहां कोई गार्ड तैनात नहीं किया गया जिसकी वजह से एक एक से ज्यादा लड़के एटीएम में अंदर घुस गए और इसी का फायदा उन्होंने उठाते हुए लड़की को ठगी का शिकार बना दिया। फिलहाल पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

इंतजार की पुलिया से कब्रिस्तान तक अतिक्रमण की भरमार लोग हुए परेशान

कांठ (शाह टाइम्स)। डॉक्टर इंतजार की पुलिया से कब्रिस्तान रोड पर अतिक्रमण की भरमार हो चुकी है लोगों ने इस मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अतिक्रमण हटाए जाने की मांग उठाई है।

बतादें की पुलिया से कब्रिस्तान होता हुआ यह रास्ता दयानंद कॉलेज के लिए जाता है जिससे बड़ी संख्या में सुबह और शाम को छात्र-छात्राएं निकलते हैं लेकिन

विकसित भारत के सपने को मूर्त रूप देने को कॉर्पोरेट और एकेडमिक सहयोग जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट-सीटीएलडी की ओर से इन्नोवेट, इंटीग्रेट, इंस्पायर: रेडिफाइंग इंडस्ट्री- अकेडमिया कोलाबोरेशन फॉर विकसित भारत 2047 पर ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी में उद्योग और शिक्षा संस्थानों के बीचसहयोग, कौशल संवर्धन, अनुसंधान साझेदारी, और भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं पर सार्थक विचार- विमर्श हुआ। बतौर मुख्य वक्ता सीके बिड़ला हॉस्पिटल, नई दिल्ली के जनरल मैनेजर- एचआर श्री पंकज तिवारी ने कॉर्पोरेट-एकेडमिक सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, आज के युग में अनुकूलनशीलता और मानवीय कौशल उद्योग में सफलता के मूल स्तंभ हैं। टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने उद्घाटन संबोधन में कहा, टीचर्स, इंडस्ट्री और स्टुडेंट्स इन तीनों के बीच समन्वय से ही विकसित भारत 2047 का सपना साकार हो सकता है। हमें शिक्षा को उद्योग की भाषा में और उद्योग को शिक्षा की संवेदना में ढालना होगा। अंत में हुए प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने स्किल डेवलपमेंट, इंटर्नशिप अवसरों और उद्योग आधारित पाठ्यक्रमों पर प्रश्न पूछे। सीटीएलडी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। संचालन सीटीएलडी की कन्वीनर डॉ. जैस्मिन स्टीफन ने किया। मनहरी ग्रुप के चेयरमैन श्री हरेंद्र कुमार गर्ग बोले, नवाचार और सहयोग ही भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बना सकते हैं। कॉजेंट इन्फोटेक के मार्केटिंग एंड इन्नोवेशन डायरेक्टर अनंत अग्रवाल ने कहा, छात्रों को वास्तविक उद्योग परियोजनाओं में शामिल करना ही सच्चा कौशल विकास है। उन्होंने कहा, भविष्य उन्हीं संस्थानों का होगा जो तकनीक को शिक्षण के साथ प्रभावी रूप से एकीकृत करेंगे। लिटवर्क हैदराबाद के डायरेक्टर श्री विनय सिंह ने कहा, 21वीं सदी का ग्रेजुएट केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल और दृष्टिकोण के आधार पर पहचाना जाएगा। सीटीएलडी के निद. `शक प्रो. पंकज कुमार सिंह ने उद्योग और शिक्षा के बीच सार्थक संवाद और व्यावहारिक सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 21वीं सदी में शिक्षा तभी सार्थक होगी, जब वह उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जुड़ी हो। टीएमयू का उद्देश्य है कि हमारे छात्र केवल रोजगार प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि नवाचार करने वाले बनें।

छेड़खानी के मामले में तीन वर्ष का कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। पीडित को शीघ्र न्याय मिल, यह अब जनपद संभल न्यायालय की प्राथमिकता बन चुकी है। जहाँ पहले मामलों में तारीख पर तारीख लगती रहती थी, वहीं अब न्यायालय की कार्यशैली में उल्लेखनीय बदलाव आया है। विशेष रूप से महिला व बाल अपराधों में तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। इसी क्रम में अल्प अवधि में 24 से अधिक मामलों में दोषसिद्धि व सजा सुनाई जा चुकी है, जिससे अपराधियों में भय का वातावरण बना है। बता दें कि अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह ने एक महिला संबंधी प्रकरण में तो मात्र 06 दिनों में पूरी सुनवाई पूरी की थी और 7वें दिन सजा सुनाकर जनपद में एक मिसाल स्थापित की। शुक्रवार को भी अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा 08 वर्षीय बच्ची से जुड़े अपराध के मामले में अपराधी को सजा सुनाई। बता दें कि अपराध संख्या 57/2022, धारा 376, 511 तथा 5/8 पॉक्सो एक्ट के तहत यह मामला 22 जनवरी 2022 को वादी पुष्पा द्वारा दर्ज कराया गया था। इसमें अभियुक्त जोगराज पुत्र स्व. लोचन पर 08 वर्षीय बच्ची से छेड़खानी का प्रयास करने के आरोप थे। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे धारा 354 (ख) के अंतर्गत दोषी करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को 03 वर्ष का कारावास तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना देने की सजा सुनाई। अर्थदंड न जमा करने पर उसे 01 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त जमानत पर था, जिसे निर्णय के बाद पुलिस अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

बेदखली सूचना

मैंने अपनी पुत्री खदीजा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल समत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में खदीजा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। इकरार हुसैन पुत्र अबरार हुसैन निवासी ग्राम गुलरिया मुरादाबाद थाना मूंढापांडे तहसील व जिला मुरादाबाद।

ठाकुरद्वारा पुलिस की शर्मनाक करतूत, होटल स्वामी ने किया खाना देने से इंकार, तो होटल मे की तोड़फोड़, स्टाफ को बेरहमी से पीटा

■ शराब के नशे मे धुत्त दरोगा की करतूत कैमरे मे कैद, स्टाफ ने बचाई भागकर जान, एसएसपी के आदेश पर उत्पाद मचाने वाला दरोगा और कांस्टेबल निलंबित

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। बुधवार की देर रात शराब के नशे मे धुत्त दरोगा व सिपाही ने नगर के तिकोनिया स्थित होटल मे जमकर उत्पात मचाया,होटल स्वामी के मुताबिक उसने होटल बंद होने का हवाला देकर खाना देने से इनकार कर दिया था,जिसके बाद दरोगा व सिपाही ने होटल मे तोड़फोड़ करते हुए होटल स्वामी व स्टाफ को बेरहमी से पीटा।

पुलिस यह कारनामा सोशाल मीडिया पर वायरल होने पर वरिष्ठ पुलिस ने मामले में को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की छवि बनाए रखने के लिए दरोगा और कांस्टेबल के खिलाफ निलंबित कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है।

बतादें कि बीती रात नगर में काशीपुर मुरादाबाद हाईवे पर इंडियन नाम से खाने पीने का होटल निवासी जनपद बिजनौर थाना नूरपुर के मोहल्ला इस्लामनगर फतेह बाद निवासी होटल स्वामी शारिक पुत्र मौ0 शमी का आरोप है कि आए दिन उक्त दरोगा होटल पर खाना खाने आते हैं और बिना पैसे दिए ही चले जाते हैं इतना ही नही होटल स्वामी का आरोप है कि आज उसने होटल बंद करने का हवाला देकर खाना देने से इनकार कर दिया जिसके बाद दरोगा जी आपा खो बैठे और होटल स्वामी व स्टाफ के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए होटल मे तोड़फोड़ की।

घटना के बाद होटल स्वामी ने मुख्यमंत्री हेल्प लाईन 1076 पर कॉल करके मामले की सूचना देते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है,वहीं होटल मे दरोगा द्वारा मारपीट किए जाने के दौरान स्टाफ ने भागकर व छुप कर अपनी जान बचाई लेकिन बहादुर दरोगा जी ने स्टाफ को ढूंढ ढूंढ कर लोहे के वाइपर से जमकर पीटा। वहीं पीड़ित होटल स्वामी का कहना है कि वह उक्त प्रकरण के संबंध मे पुलिस के उच्चाधिकारियों से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। साथ ही पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि स्टाफ को होटल से बाहर खींच कर मारपीट की और होटल में गाय का मीट बेचने का आरोप लगाते हुए होटल बंद करने की और फर्जी एंकाउंटर करने की धमकी दी।

एसपी देहात ने बताया कि इस मामले में सोशाल मीडिया पर वायरल वीडियो व होटल स्वामी द्वारा लगाए आरोप के आधार पर नगर दरोगा सुरेंद्र सिंह व कांस्टेबल रजत कुमार को तत्काल प्रभाव से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर निलबित कर जांच शुरू कर दी गई है।

तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। अपराधियों की धरपकड़ एवं अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली ठाकुरद्वारा पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में चल रही चेकिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा तथा प्रभारी निरीक्षक के पर्यवेक्षण में 28 नवंबर 2025 को पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम फरीदनगर निवासी इस्तकार पुत्र सगीर (उम्र 35 वर्ष) को पकड़ा। तलाशी में उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपनी सुरक्षा के लिए हथियार रखता है। साथ ही उसने यह भी स्वीकार किया कि उसके खिलाफ पूर्व में भी आईटीआई थाना, जनपद उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) में दो मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने आरो. पित के विरुद्ध कोतवाली ठाकुरद्वारा में मु0अ0सं0 0451/25, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज कर कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी इस्तकार पुत्र सगीर, फरीदनगर निवासी को दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तमंचे के साथ गिरफ्तार किया । टीम में उ0नि0 किरन्त पंवार नीरज कुमार, दिनेश कुमार ,मनीष कुमार, मौजूद रहे।

एसएस इंटर कॉलेज में आयोजित बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने कियाअपने हुनर का प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। बुध बाजार स्थित एसएस इंटर कॉलेज में शुक्रवार को जनपद स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रदर्शनी का मुख्य विषय "विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत" रखा गया, जिसके अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए 120 छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक सोच, सृजनात्मकता और तकनीकी समझ का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य रवि कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडलों का मूल्यांकन प्रोफेसर रीमा चौधरी, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार और अरविंद मोहन पांडे की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। जजों ने छात्रों की नवाचार क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।विज्ञान प्रभारी योगेंद्र कुमार के नेतृत्व में दृष्यांत और मुकेश ने प्रदर्शनी को सुचारु रूप से संचालित किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों में स्वच्छ ऊर्जा, स्मार्ट तकनीक, जल संरक्षण, अक्षय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक कृषि तकनीकों पर आधारित प्रोजेक्ट विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कई छात्रों ने स्मार्ट विलेज, सोलर पावर सिस्टम, ड्रिप इरिगेशन, स्वचालित ट्रैफिक नियंत्रण और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर

व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।प्रदर्शनी में अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। सभी ने बच्चों के उत्साह और नवाचार की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्रों में शोध भावना को बढ़ावा देती हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान करने के लिए प्रेरित करती हैं।कार्यक्रम के अंत में चयनित मॉडलों को आगामी मंडलीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अनुशंसित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और भविष्य में ऐसी और वैज्ञानिक गतिविधियों के आयोजन का आश्वासन दिया।

पुलिस की पिटाई से बचाने के लिए पचास हजार वसूलने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, यहां एक परिवार की महिलाओं ने पुलिस हिरासत मे लिए गए शख्स को पिटाई से बचाने के लिए एक सफेदपोश को पुलिस के नाम पर 50 हजार रूपये दिए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। दरअसल कोतवाली पहुंची फरीदनगर निवासी एक अधेड़ महिला ने आरा. प लगाते हुए बताया कि उसके बेटे को गौकशी के झूठे आरोप मे पुलिस ने उठाया और उसके साथ बुरी तरह मारपीट की,काफी समय तक बेटे के बारे मे पता करने के बाद भी पहले तो पुलिसकर्मी युवक को अपनी हिरासत मे लिए जाने से इनकार करते रहे और जब परिवार कोतवाली पहुंचा तब बताया कि तुम्हारा बेटा हमारी हिरासत मे है। इस दौरान गांव के ही एक संभ्रांत व्यक्ति के सामने परिजनो की हिरासत मे लिए गए व्यक्ति से मुलाकात कराई,परिजनो के मुता. बिक पुलिस की पिटाई से उसकी हालत खराब थी,जिसके बाद परि. जनो ने बेटे को छोड़ने की गुहार लगाई तो सिपाही ने रात की पिटाई न करने के एवज मे 50 हजार रूपये की मांग कर डाली।पुलिस हिरासत मे लिए गए व्यक्ति की मां के मुता. बिक उसने बीच मे पड़े गांव के ही एक व्यक्ति को 50 हजार रूपये सौंप दिए लेकिन फिर भी उसके बेटे का तमंचे के साथ चालान कर दिया गया है।

आज और कल विशेष कैंप लगाकर बीएलो करेंगे एसआईआर का काम पूरा, मतदाताओं को फार्म भरने का आज अंतिम मौका

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। तहसील क्षेत्र में सभी मतदाताओं के लिए एसआईआर फॉर्म भरने का आज और कल अंतिम मौका है। सभी बीएलओ बूथों पर बैठेंगे और फार्म भरवाने में सहयोग करेंगे। इसके लिए एसडीएम विनय कुमार सिंह ने सभी गणमान्य लोग सभासद प्रधान आदि से सहयोग मांगा है कि वह जल्द से जल्द कार्य को पूरा कराएं। कुछ ऐसे बूथ भी चिन्हित किए गए हैं जहां पर फॉर्म भरवाने में प्रगति नहीं देखी गई है। ऐसे में सभी मतदाताओं को यह अंतिम मौका है कि वह अपने फार्म बूथों पर पहुंचकर भरवा लें।

शुक्रवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह ने पालिका सभागार में सभी सभासदों को बुलाया और उनसे मौजूदा निर्वाचन कार्य में सहयोग की अपील की, कहा कि वह घर-घर जाकर लोगों के फार्म भरवाने में सहयोग करें। ऐसे मतदाता जिन्होंने फार्म नहीं भरवाए। उनके लिए शनिवार और रविवार को अंतिम बार बूथों पर बीएलओ बैठेंगे। सवेरे 10 बजे से 2 बजे तक फार्म भरवाने का कार्य चलेगा।

इसके अलावा कुछ ऐसे बूथ भी थे। जहां पर प्रगति काफी धीमी है। जिनमें चिड़िया भवन का रूम 1,3, भिड़वारी का रुम 1, कन्या जूनियर हाई स्कूल थावंला का रूम नंबर 2, पीएस देवीपुरा ऊर्फ नगला, बाल विकास परियोजना अधिकारी रूम नंबर 1, कंपोजिट स्कूल बिलारी रूम नंबर 4, जेएचएस रूम नंबर 2 नरौदा, जूनियर हाई स्कूल रूम नंबर 3 नगलिया मशकूला, नगर पंचायत महमूदपुर माफी, जूनियर हाई स्कूल कलाल खेड़ा का रूम नंबर 2, महमदपुर माफी नगर पंचायत का रूम नंबर 3 पर कार्य प्रगति धीमी है।

यहां पर बीएलओ को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

एक नजर

सीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

चन्दौसी। शुक्रवार शाम को क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह और इंस्पेक्टर मोहित कुमार बालियान ने पुलिसकर्मियों के साथ शहर में गश्त अभियान चलाया और वाहनों की सख्त चेकिंग की। इस दौरान दुपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग करने वालों के चालान काटे गए, तेज आवाज वाली मोटरसाइकिलों की भी जाँच की गई, और ओवरलोड ई-रिक्शा तथा अन्य वाहनों के चालान भी काटे गए। वाहन चालकों और आम लोगों में इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया। शहर के प्रमुख चौराहों जैसे फव्वारा चौक, बड़ा बाजार, ब्रह्म बाजार, संभल गेट और कैथल गेट पर सुबह-शाम लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। इन स्थानों पर ट्रैफिक की भीड़ और नियमों की अनदेखी के कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है, जिसे देखते हुए पुलिस ने सख्ती से वाहन जांच का अभियान चलाया। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें और खुद तथा अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

गुलडहरा रोड निर्माण न होने से वाहन हो रहे क्षतिग्रस्त

चन्दौसी। सीता आश्रम पुलिस चौकी से गुलडहरा रोड तक नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पुरानी सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई थी, जिस कारण नगरपालिका ने इसे बनवाने का काम शुरू किया था, लेकिन निर्माण की गति कछुआ-सी नजर आ रही है। सड़क के साथ नालों का भी निर्माण किया जा रहा है। यह मार्ग रोजाना हजारों वाहनों के लिए मुख्य मार्ग है और इस पर सबसे अधिक दबाव रहता है। हालांकि सड़क पर रोड़ी बिछा दी गई है, लेकिन ठेकेदार ने इसे अधूरी ही छोड़ दिया है। इसके कारण ई-रिक्शा और अन्य वाहन क्षतिग्रस्त होते दिखाई देते हैं। सड़क के दोनों ओर भवनों का निर्माण हो चुका है, जिससे मार्ग और भी संकरा हो गया है। आने-जाने के लिए यह मुख्य सड़क है और कॉलोनी के लोग टूटी सड़क की वजह से परेशान हैं।

कहां गई गांधी हॉल में लगी मूर्ति

चन्दौसी। नगर के फव्वारा चौक पर स्थित गांधी पार्क कभी फव्वारा चौक की शान माना जाता था। यहां बना गांधी हॉल लंबे समय तक जर्जर स्थिति में रहा, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय भी संचालित होता था। नीचे बना मारबल का चबूतरा गर्मियों में लोगों के आराम का प्रमुख स्थान था। नगरपालिका द्वारा जब जर्जर भवन को हटाया गया, उस समय भवन के द्वितीय तल पर स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा को भी हटाया जाना था। तत्कालीन निर्णय के अनुसार कहा गया था कि नए भवन के निर्माण के उपरांत गांधी प्रतिमा को ससम्मान पुनः स्थापित किया जाएगा। लेकिन अब बड़ा प्रश्न यह है कि वह प्रतिमा कहां है?

भाजपा महानगर व जिला इकाई की संयुक्त बैठक हुई संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर व जिला इकाई की संयुक्त बैठक पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में एमएलसी शिक्षक चुनाव और एसआईआर को लेकर चर्चा हुई।बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे भाजपा पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि विधान परिषद सदस्य मुरादाबाद-बरेली खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव भाजपा संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहने और शिक्षक मतदाताओं से संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया।

विधान परिषद सदस्य डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि संगठन ने हमेशा शिक्षक चुनाव में अपनी सक्रिय भूमिका से बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर शिक्षक मतदाताओं के बीच पहुं. चने का आग्रह किया।बैठक का

संचालन शिक्षक एमएलसी चुनाव के महानगर संयोजक नवदीप टंडन द्वारा किया गया। बैठक में शिक्षक एमएलसी चुनाव के महानगर सह संयोजक एड सर्वेश कुमार पटेल, विधानसभा संयोजक दिनेश सिसोदिया, राहुल शर्मा, अभिषेक चौबे, अजय वर्मा, ब्लॉक प्रमुख ठाकुर संतोष सिंह, ठाकुर मनीष सिंह, राजीव गुप्ता, विमल शर्मा, सुमित चौधरी, भजन लाल पाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मजलिस के जिला अध्यक्ष ने वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने के सिखाएं गुर

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष मोहिद फरगानी एडवोकेट ने वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर कैसे दर्ज कर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया। जिससे कि वक्फ संपत्तियों के मुतावल्ली अपनी संपत्तियों का ब्यौरा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कर सकें। विधानसभा 27 मुरादाबाद देहात के ग्राम सिहाली उर्फ गनीमतनगर में मदीना मस्जिद पर लोगों को मौजूदा वक्फ कानून के तहत वक्फ की जायदाद किस तरह उम्मीद पोर्टल पर अपडेट करना है और वकफ्फ बाय यूजर के लिए क्या कानूनी पहलू है किन दस्तावेजों की जरूरत है इसके अलावा आल इंडिया मजलिस ए इतहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया साथ में रहे मोहम्मद फहीम जिला मुख्य महासचिव, अतिकुर रहमान एडवोकेट जिला महासचिव, डा0 सलमान अल्लाह, डॉक्टर मोहम्मद आकिब।

मालगोदाम रोड पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित ट्रैफिक से रोजाना जाम

चन्दौसी। 35ए रेलवे फाटक से रोजाना एक दर्जन से अधिक रेलगाडियाँ गुजरती हैं, जिनमें पाँच एक्सप्रेस ट्रेनें भी शामिल हैं। दूसरी ओर 36बी रेलवे फाटक पर पिछले दो वर्षों से ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है, जिसके कारण पूरा ट्रैफिक एक ही मार्ग पर केंद्रित हो गया है। मालगोदाम रोड पर सड़क के दोनों ओर व्यापक अतिक्रमण फैला हुआ है। एक ओर रेलवे की संपत्ति है, जबकि दूसरी ओर दुकानदारों ने अपना सामान सड़क तक फैला रखा है। फाटक बंद होते ही वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्थिति तब और असहज हो जाती है जब लोग अपने वाहन आड़े-तिरछे खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क पूरी तरह जाम हो जाती है। पूर्व एसडीएम विनय मिश्रा द्वारा कब्रिस्तान पेट्रोल पंप क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने के बाद सड़कें अवश्य चौड़ी दिखाई दी थीं, लेकिन डिवाइडर न होने के कारण वाहन चालक मनमर्जी से कहीं भी वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। रोजाना लोग घंटों जाम में फँसकर परेशान होते हैं। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी की गाड़ी भी इसी जाम में फँस गई, जिससे उन्हें लगभग 30 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। दोनों ओर लंबी-लंबी कतारें लग गईं और आड़े-तिरछे वाहनों के कारण जाम खुलने में काफी समय लगा। यह स्थिति अब आम हो गई है और प्रतिदिन जाम लगना सामान्य बात हो चुकी है। लगातार बढ़ते वाहनों की संख्या और अव्यवस्थित ट्रैफिक प्रबंधन के कारण सड़कों का आकार अब छोटा महसूस होने लगा है, जिससे आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

सम्पादक

एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक

आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎ 0591-2313314

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

हत्या के मामले में आजीवन कारावास

चन्दौसी। जनपद न्यायालय संभल में न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आई है और मुक. दमों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। हत्या के मामले में अभियुक्त के दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए गए अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के तहत संभल पुलिस ने विवेचना की और अभियोजन पक्ष ने अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कर सजा सुनिश्चित की। 28 नवंबर को मुक. दमा संख्या 250/2019, धारा 302, 307, 506, शस्त्र अधिनियम 3/25 के अंतर्गत थाना बनियाठेर, जिला संभल में न्यायालय ने संबंधित अभियुक्त रिजवान पुत्र कलुआ, निवासी मोहल्ला कुरैशियान, थाना चन्दौसी, जिला संभल को दोषी ठहराया। विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी एकत्र संभल ने अभियुक्त रिजवान को आजीवन कारावास और 23,500 रुपये का जुर्माना लगाया। इस कार्रवाई में एडीजीसी रीता रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रेलवे स्टेशन पर चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान 295 केसों से 1.45 लाख से अधिक राजस्व की वसूली

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। अधिकृत रेल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और राजस्व संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मुरादाबाद मंडल में लगातार विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चैकिंग अभियान संचालित किया गया, जिसमें भारी संख्या में यात्रियों तथा ट्रेनों की गहन जांच की गई। अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देशन में किया गया। रेलवे मजिस्ट्रेट सर्वेश मिश्रा की मौजूदगी में सीआईटी भावेश शर्मा, विजयंत कुमार शर्मा सहित 20 टिकट चेकिंग स्टाफ तथा रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के 4 जवानों की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

अभियान के दौरान कुल 22 ट्रेनों की किलाबंद ढंग से जांच की गई।कार्रवाई में बिना टिकट यात्रा करते हुए 116 यात्रियों से कुल 67,230 रुपये,अनियमित यात्रा के 170 मामलों से 74,865 रुपये तथा स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के 9 मामलों से 3,800 रुपये वसूले गए।

इस प्रकार कुल 295 मामलों से रेलवे को 1,45,895 रुपये का राजस्व अर्जित हुआ।अभियान के दौरान एक महत्वपूर्ण सफलता भी हाथ लगी। ट्रेन संख्या 12392 में एक महिला यात्री का पर्स चोरी करते हुए एक चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

आरोपी को तुरंत आरपीएफ ने हिरासत में लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इसके अलावा, अनियमित यात्रा पर पकड़े गए 3 यात्रियों ने जुर्माना देने से इनकार किया, जिसके बाद उन्हें कानूनी कार्यवाही हेतु रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वह यात्रा के दौरान वैध टिकट अवश्य रखें, रेलवे नियमों का पालन कर सहयोग करें।

मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा

नई दिल्ली, वार्ता। मुंबई इंडियंस ने नई दिल्ली में हुई डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी में अपनी 2025 की विजेता टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों को सफलतापूर्वक वापस पा लिया। टीम की मालिक नीता एम. अंबानी ने कहा कि उनकी रणनीति पुराने चैंपियन खिलाड़ियों को फिर से साथ लाने की थी। उन्होंने अमेलिया केर, शबनिम इस्माइल, साईका इशाक, सजाना और संस्कृति गुप्ता की वापसी को लेकर खुशी जताई। कप्तान हरमनप्रीत कौर, नैट शिवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज़, अमनजोत कौर और जी. कमलिनी पहले से ही रिटेन थीं। नीता अंबानी ने इस मौके पर कहा कि नीलामी का दिन हमेशा रोमांचक होता है।

हमारी रणनीति यह थी कि जीत दिलाने वाली टीम को जितना हो सके वापस लाया जाए। मुझे अमेलिया केर की वापसी को लेकर बेहद खुशी है और हमारी चार 'एस' यानी शबनिम, साईका, सजाना और संस्कृति का फिर से टीम के साथ शामिल होना शानदार है।

साथ ही हम तीन युवा खिलाड़ियों-रहीला फिरदौस, नल्ला क्रांति रेड्डी और त्रिवेणी वशिष्ठ का भी टीम में स्वागत करते हैं। पूनम खेमनार, मिली इलिंगवर्थ और निकोला केरी को मुंबई-इंडियंस परिवार में शामिल करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

नीलामी में मौजूद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि शुरू में थोड़ा नर्वस थी, लेकिन जिस तरह से हमने प्लानिग की और हर किसी की भागीदारी रही। खासकर नीता मैम की, वह शानदार थी। उन्होंने हमेशा हमें सपोर्ट किया है। टीम के पुराने चेहरे फिर हमारे साथ हैं, जो बताता है कि टीम मैनेजमेंट को हम पर कितना भरोसा है।

पूरी तरह फिट हुए रजत पाटीदार

● रजत बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके है और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है

नई दिल्ली, वार्ता। रजत पाटीदार बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके हैं और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है। वह शुक्रवार को कोलकाता में मध्य प्रदेश की टीम से दोबारा जुड़ेंगे और रविवार को होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के तीसरे राउंड के लिए उपलब्ध रहेंगे। पाटीदार एमपी के कप्तान हैं। पिछले चार हफ्तों से वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए थे। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए खेलने के बाद उन्हें लगातार घुटने में दर्द हो रहा था। इसके कारण वह रणजी ट्रॉफी के कुछ मैच से भी दूर रहे। यह दर्द उन्हें 15 अक्तूबर को पंजाब के खिलाफ एमपी के पहले रणजी मैच के दौरान महसूस हुआ था। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार पाटीदार ने 10 दिन का रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और सीओई की मेडिकल टीम ने उन्हें फिर से खेलने की अनुमति दे दी है। वह नेट में दोबारा बल्लेबाज़ी शुरू कर चुके हैं। चोट से पहले पाटीदार बेहतरीन लय में थे। उन्होंने रणजी सीजन की शुरुआत पंजाब के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर की थी। इस दौरान दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल जोन के कप्तान के तौर पर वह खतिाबी सफर में दो शतक और दो अर्धशतक भी लगा चुके थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 उनके लिए आईपीएल 2025 के बाद पहला सफेद गेंद का टूर्नामेंट होगा, जहां वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को उनका पहला खतिाब दिलाने वाले कप्तान थे। इसके बाद पाटीदार को राज्य टीम की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंप दी गई, जहां उन्होंने शुभम शर्मा की जगह ली। पिछले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सीजन में एमपी उपविजेता रही थी और पाटीदार का योगदान अहम था। वह 428 रन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज थे। उन्होंने नौ पारियों में 186.08 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

संक्षिप्त खेल समाचार

भारत दिसम्बर में पांच महिला टी-20 मैचों के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

मुम्बई, वार्ता। अगले वर्ष जनवरी में शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) 2026 से पहले भारत दिसम्बर में पांच महिला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की मेजबानी करेगा। यह सीरीज 21 से 30 दिसम्बर तक खेली जाएगी, इसके पहले दो मैच विशाखापत्तनम में और आखिरी तीन तिरुवनंतपुरम में होंगे। इसके बाद डब्ल्यूपीएल नौ जनवरी से नवी मुंबई में शुरू होगा और फिर दूसरे हाफ के लिए वडोदरा जाएगा, भले ही श्रीलंका का कोई भी खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल की पांचों टीमों में से किसी में भी नहीं है। भारत और बंगलादेश के बीच दिसम्बर में भारत में होने वाली सफेद गेंद सीरीज के इस महीने की शुरुआत में स्थगित होने के बाद इस श्रीलंका के साथ टी-20 सीरीज के कार्यक्रम का निर्धारित किया। भारत और श्रीलंका के बीच पांच टी-20 अगले साल इंग्लैंड में 12 जून से खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के तौर पर काम करेंगे।

नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी जताई

नई दिल्ली, वार्ता। ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने भी भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि भारत को 2030 में शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का सम्मान मिला है, जो एक सच्चे खेल राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा में एक सशक्त कदम है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी, खेल प्रशंसक और नागरिक को अपार गर्व से भर देता है।

श्रीलंका ने पाक को हराया

● कामिल मिशारा ने 76 और कुसल ने 40 रनों की पारी खेली दुश्मांता ने चार विकेट लिए

रावलपिंडी, वार्ता। कामिल मिशारा (76) और कुसल मेंडिस (40) के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने त्रिकोणीय छठे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को छह रनों से हरा दिया।

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के बल्लेबाजों को दुष्मंथा चमीरा के घातक गेंदबाजी के आक्रमण का सामना करना पड़ा और उसने 43 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। साहिबजादा फरहान (नौ), बाबर आजम (शून्य), फखर जमान (एक) तथा सैम अयुब 27 रन बनाकर आउट हुए। ऐसे सकंट के समय कप्तान आगा सलमान ने उस्मान खान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 56 रन जोड़े। 13वें ओवर में वानिदु हसरंगा ने उस्मान खान 23 गेंदों में 33 रन को आउटकर तोड़ा। मोहम्मद नवाज 16 गेंदों में 27 और फहीम अशरफ सात रन बनाकर आउट हुए। दुश्मांता चमीरा ने शुरुआती शानदार स्पेल के बाद आखिरी ओवर में हिम्मत बनाए रखी।

उन्होंने आखिरी ओवर में तीन रन दिए और पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला छह रनों से मुकाबला अपने नाम किया। कप्तान आगा सलमान ने 44 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 63 रनों की पारी खेली। श्रीलंका के लिए दुश्मांता चमीरा ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। इशान मलिगा को दो विकेट मिले। वानिदु हसरंगा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने गुरुवार रात खेले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड की सदस्यों को 1-1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि

● भारत की टीम ने नेपाल पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूएस वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया

नई दिल्ली, वार्ता। पहले टी 20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड को आज चिटेल्स सीएसआर विग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन ने गर्मजोशी से सम्मानित किया। अपराजित रहते हुए, इस इवेंट में टीम के शानदार धैर्य, टीमवर्क और लचीलेपन को दिखाया गया। स्पोर्ट्स के ज़रिए सबको साथ लेकर चलने के अपने कमिटमेंट को दोहराते हुए, चिटेल्स ग्रुप ने पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया को अपना सपोर्ट दिया और इंडियन टीम के हर सदस्य को 1-00 लाख रुपये की प्राइज मनी दी। ग्रुप की सीएसआर विग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन एजुकेशन, हेल्थकेयर और सोशल वेलफेयर में पहल करना जारी रखे हुए है। कैप्टन दीपिका टीसी की लीडरशिप में भारत की टीम ने नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूनाइटेड स्टेट्स वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया, जिसका फाइनल 23 नवम्बर 2025 को कोलंबो में खेला गया। सेरेमनी में, चिटेल्स ग्रुप के डायरेक्टर और नोरा सोलोमन फाउंडेशन के ट्रस्टी, प्रशांत सोलोमन ने कहा: ष्टीम की जीत भारत के लिए गर्व का पल है। इन शानदार एथलीटों ने बेमिसाल जोश और पक्का इरादा दिखाया है, जिससे दिव्यांग लोगों को आगे बढ़ने और अपने सपने और उम्मीदें पूरी करने की हिम्मत मिली है। उनकी वर्ल्ड कप जीत न सिर्फ भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल है। हमें इस कामयाबी का जश्न मनाने में उनके साथ खड़े होने का मौका मिला है। टीम के शानदार सफर के बारे में बताते हुए, कैप्टन दीपिका टीसी ने कहा कि इस जीत में हमारे सामने आए हर संघर्ष का वजन है(कम रिसोर्स, कड़ी ट्रेनिग की चुनौतियां, और ऐसे पल जब हालात नामुमकिन लग रहे थे। लेकिन हमने हार नहीं मानी। वर्ल्ड कप चैंपियन के तौर पर यहां खड़े होना इस बात का सबूत है कि पक्का इरादा सबसे मुश्किल सफर को भी यादगार जीत में बदल सकता है। हमें उम्मीद है कि हमारी जीत हम जैसे और भी कई लोगों को हिम्मत के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करेगी। चिटेल्स ग्रुप ने टूर्नामेंट को को-होस्ट करने के लिए भारत और श्रीलंका की सरकारों की दिल से तारीफ की और सपोर्टम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के फाउंडर-मैनेजिग ट्रस्टी डा. महंतेश को बधाई दी, जिन्होंने टीम को उसकी इस शानदार सफलता को सराहा।

हरियाणा एक गेंद में 4/0 से जीता

कोलकाता, वार्ता। कोलक. ाता में खेले गए हैदराबाद बनाम महाराष्ट्र के एक अन्य मुकाबले में अर्शिन कुलकर्णी के 54 बॉल में नाबाद 89 और पृथ्वी शॉ के 36 बॉल में 66 रन की जबरदस्त पारियों के दम पर महाराष्ट्र ने हैदराबाद को आठ गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें चामा मिलिद (नाबाद 35), तनय त्यागराजन (32), राहुल बुि (31), प्रग्नय रेड्डी (26) और अरफाज अहमद ने (23) रनों का योगदान दिया। महाराष्ट्र के लिए जलज सक्सेना ने दो विकेट लिए। राजवर्धन हंगारगेकर, विक्की ओत्सवाल और रामकृष्ण घोष ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र के लिए अर्शिन कुलकर्णी 54 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। कप्तान पृथ्वी शॉ ने नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। इसके बाद राहुल त्रिपाठी ने 11 गेंदों में 26 रन बनाकर महाराष्ट्र को 18-4 ओव. रों में जीत दिला दी। कुलकर्णी और शॉ ने मात्र 12-1 ओवर में 117 रन की साझेदारी कर महाराष्ट्र को अच्छी शुरुआत दी।

संक्षिप्त स्कोर: हैदराबाद 20 ओवर में 191/8 (चामा मिलिद नाबाद 35, तनय त्यागराजन 32, जलज सक्सेना 2-25) महाराष्ट्र से 18-4 ओवर में 192/2 (अर्शिन कुलकर्णी नाबाद 89, पृथ्वी शॉ 66(अजय देव गौड़ 1-34)

अंशुल ने हरियाणा जीत में अहम भूमिका निभाई

● सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलिट ग्रुप सी में हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हराया

हैदराबाद, वार्ता। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी में पंजाब बनाम हरियाणा के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हरा दिया। निर्धारित ओवरों में दोनों टीमों का स्कोर बाद 207- 207 बराबर रहने के बाद हुए सुपर ओवर में अंशुल कंबोज ने अभिषेक शर्मा और सनवीर सिंह को पहली ही गेंद पर डक पर आउट कर दिया, इसके बाद हरियाणा को जीत के लिए केवल दो रन बनाने थे। निशांत सिधु ने चौका मारकर हरियाणा को जीत दिला दी। इससे पहले, कप्तान अंकित कुमार (26 गेंदों पर 51) और निशांत सिधु (31 गेंदों पर 61) ने हरियाणा के लिए नौ विकेट पर 207 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, सुमित कुमार ने 14 गेंदों में 28 रन का योगदान दिया। यशवर्धन दलाल (27) और सामंत जाखड़ 19 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के लिए अश्विनी कुमार ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए। अभिषेक शर्मा और रमनदीप सिंह, हरप्रीत बरार और मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में पंजाब ने अभिषेक शर्मा को छह रन पर जल्दी खो दिया, जबकि प्रभसिमरन सिंह 20 रन पर आउट हो गए, दोनों को अंशुल कंबोज ने आउट किया। लेकिन, अनमोलप्रीत सिंह की 37 गेंदों पर 81 रन की तेज पारी ने पंजाब को फिर से लक्ष्य के पीछे जाने में मदद की, जबकि सनवीर सिंह की 16 गेंदों पर 30 रन की पारी ने सुनिश्चित किया कि पंजाब ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 207 रन बनाकर स्कोर बराबर कर दिया। संक्षिप्त स्कोर: 20 ओवर में हरियाणा 207/9 (निशांत सिधु 61, अंकित कुमार 51, अश्विनी कुमार 3-31) और पंजाब 20 ओवर में 207/7 (अनमोलप्रीत सिंह 81, सनवीर सिंह नाबाद 30, अंशुल कंबोज 2-26) के साथ टाई रहा। सुपर ओवर: पंजाब तीन गेंद में 1/2 (रमनदीप सिंह नाबाद एक रन बनाया। मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में पंजाब ने अभिषेक

भारत सऊदी अरब से पहला मैच हारा

रियाद, वार्ता। भारतीय बास्केटबॉल टीम गुरुवार को रियाद ग्रीन हॉल में फीबा वर्ल्ड कप 2027 क्वालिफायर के अपने पहले मैच में सऊदी अरब से 75-51 से हार गई।

सऊदी अरब के लिए मुहम्मद-अली अब्दुर-रहमान ने गेम में सबसे ज्यादा 23 पॉइंट्स बनाए, जबकि हर्ष डागर 10 पॉइंट्स के साथ भारत के टॉप-स्कोरर रहे। मेजबान सऊदी अरब ने माज़ौक अलमुवालाद के टू-पॉइंटर से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, इससे पहले अरविद मुथु कृष्णन ने थ्री-पॉइंटर से भारत को आगे बढ़ाया। इसके बाद अरविद मुथु कृष्णन ने टू-पॉइंटर से भारत को 5-4 की बढ़त दिलाई, लेकिन सऊदी अरब ने जल्द ही लगातार पॉइंट्स लेकर मैच पर कंट्रोल कर लिया और पहला क्वार्टर 28-16 की बढ़त के साथ खत्म किया। दूसरे क्वार्टर में सऊदी अरब ने अपनी बढ़त बनाए रखी, जिसमें मुहम्मद-अली अब्दुर-रहकमान ने गेम को भारतीय डिफेंस के पास ले जाकर अपनी मज़ी से स्कोर किया, जिससे पीरियड के आखिर में उनकी टीम को 45-32 की बढ़त मिल गई। तीसरे क्वार्टर में भी मैच का यही पैटर्न रहा, क्योंकि भारत का डिफेंस सऊदी अरब को रोकने में नाकाम रहा। मर्जौक अलम. ुवालाद, मोहम्मद अलसुवा. इलम, खालिद एम अब्देल गबर, अली शुबैली और मुसाब तारिक एम कादी, सभी ने सऊदी अरब के लिए पॉइंट्स बनाए।

यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम भारत में बच्चों से मिले

मुंबई, वार्ता। यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम इस सप्ताह भारत की यात्रा के दौरान बच्चों और युवाओं से मिले और हर बच्चे के लिए समान अवसर, समावेशन और सशक्तिकरण की अपील की। सर डेविड बेकहम ने कहा कि मैं आज मैं जिन बच्चों और युवाओं से मिला, उनके जोश, हिम्मत और जुनून को देखकर मैं बहुत खुश हूं। वे कम उम्र में ही बदलाव के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अपने भविष्य पर अपनी बात रख रहे हैं। वे वास्तव में प्रेरणादायक हैं और कई चुनौतियों को पार कर यहां तक पहुंचे हैं। उनका सफर हमें यह याद दिलाता है कि हमें बच्चों और युवाओं में इन्वेस्ट करते रहना चाहिए।

जापान में रिकॉर्ड प्रदर्शन करने वाले डेफ्रलंपिक्स निशानेबाजों की सराहना

● माहित संधु ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया जबकि प्रांजलि और अभिनव ने 3-3 पदक जीते

जयपुर, वार्ता। पैरालंपियन अवनि लेखारा और ओलंपियन मनु भाकर ने हाल ही में जापान के टोक्यो में संपन्न 25वें ग्रीष्मकालीन डेफ्रलंपिक गेम्स में भारतीय दल के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (जयपुर) में पदक समारोह में शामिल हुई अवनि ने कहा, ष्भारत का इतना शानदार प्रदर्शन देखना अद्भुत है। विशेषकर निशानेबाजी में लगातार पदक आते देख मैं बहुत खुश और गर्व महसूस करती हूं। मैं चाहती हूं कि खिलाड़ी ऐसे ही आगे बढ़ते रहें और हम दर्शक भी उनका समर्थन करते रहें ताकि आने वाले वर्षों में वे और भी बेहतर करें। कई भारतीय निशानेबाज़ों ने डेफ्रलंपिक्स में एक से अधिक पदक जीते। माहित संधू ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया जबकि प्रांजली और अभिनव देशवाल ने तीन-तीन पदक अपने नाम किए। इसी तरह धनुष श्रीकांत ने दो पदक जीते। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने कहा कि विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों का संघर्ष उन्हें भी प्रेरित करता है। मनु ने कहा, ष्हम खुद प्रेरित होते हैं जब विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इतना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उनका जुनून और जज्बा हम सबके लिए प्रेरणा है। मैं हर खिलाड़ी को बधाई देना चाहती हूं। हम सभी आपकी ओर देखते हैं और यदि हमें कभी आपकी मदद करने का मौका मिले तो हमें खुशी होगी। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण जीत चुकी अवनि ने कहा कि भारत सरकार की पहल से जमीनी स्तर पर खेलों का इकोसिस्टम बेहद मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, ष भारत सरकार और खासकर साई बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जैसी प्रतियोगिताएं जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को बड़ा मंच देती हैं और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के लिए लॉन्चिग पैड का काम करते हैं। अगर ऐसी प्रतियोगिताएं बढ़ती रहे, तो भारत से आने वाले वर्षों में और भी अधिक एलीट खिलाड़ी निकलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को डेफ्रलंपिक में शामिल एथलीटों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा थी

अंडर-एशिया कप में भारत की अगुवाई करेंगे आयुष

● बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें वैभव सूर्यवंशी भी शामिल है

मुंबई, वार्ता। के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 12 दिसम्बर से दुबई में होने वाले एसीसी अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की, जिसमें आक्रामक ओपनर वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। म्हात्रे का हालिया फॉर्म कुछ खास नंहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के लिए अच्छा प्रदर्शन कर प्रभावित किया था, जहां उन्हें चोटिल)तुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने सात मैचों में लगभग 189 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाए। लेकिन उसके बाद से उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही। म्हात्रे ने इंग्लैंड दौरे पर चार एकदिवसीय मैचों में सिर्फ 27 रन बनाए, लेकिन दो यूथ टेस्ट में 340 रन बनाकर टॉप-स्कोरर रहे। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने तीन एकदिवसीय मैचों में केवल 10 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खलिाफ यूथ टेस्ट में उनके नाम सिर्फ 38 रन रहे। भारत के घरेलू सीजन में खेले गए चार प्रथम श्रेणी मैचों में, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ए के खलिाफ भारत ए का एक मैच शामिल था, म्हात्रे केवल 26 की औसत से सिर्फ 156 रन बना पाए। इसके बाद हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबले में उन्होंने रेलवे के खलिाफ केवल 18 रन बनाए। अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें भारत ग्रुप ए में

पाकिस्तान और दो अन्य क्वालिफाइंग टीमों के साथ है। वहीं बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, एक अन्य क्वालिफायर के साथ ग्रुप बी में है। भारत अपना अभियान 12 दिसम्बर को किसी एक क्वालिफायर के खिलाफ शुरू करेगा।

पुरुषों के अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत की टीम : आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, नमन पुष्पक, डी-दीपेश, हेनील पटेल, किशन कुमार सिंह[, उ(व मोहन, ऐरन जॉर्ज। क्लीयरेंस पर निर्भर

स्टैंडबाय खिलाड़ी: राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बी-के-किशोर, आदित्य रावत

छात्रा से छेड़खानी करने के आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने पचास हजार का इनाम किया घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। छात्रा से छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे आरोपी इब्राहिम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इनामी राशि बढ़ा दी है। आरोपी पर घोषित इनाम को 25 हजार से बढ़ाकर अब 50 हजार रुपये कर दिया गया है। घटना के 19 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है, जिसके चलते डीआईजी ने यह बड़ा कदम उठाया है।मामला मुगलपुरा थाना क्षेत्र के लाल बाग इलाके का है, जहां कुछ दिन पहले एक छात्रा से छेड़खानी की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और पीड़ित पक्ष ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी इब्राहिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए, लेकिन वह लगातार फरार है।पुलिस टीमों ने उसके संभावित ठिकानों पर दबिश भी दी, मगर अभी तक सफलता नहीं मिल सकी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी अपनी लोक. शन बदल-बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा है। डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आरोपी को

शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस का दावा है कि आरोपी की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और तकनीकी व सर्विलांस की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है। इनामी राशि बढ़ाए जाने से उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही आरोपी के बारे में पुख्ता सूचना मिल सकेगी। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि आरोपी की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। अधिकारियों का कहना है कि बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मांगों को लेकर धरने पर बैठे लेखपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। तहसील और जनपद में अधिकारियों के बदले व्यवहार और संवेदनहीनता में फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार द्वारा किए गए सुसाइड के मामले को लेकर लेखपाल संघ के तत्वाधान में बिलारी तहसील के लेखपाल धरना प्रदर्शन पर बैठे। इस बीच शाम के वक्त एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। शुक्रवार को लेखपाल संघ के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन पर बैठे उन्होंने कहा कि फतेहपुर में कार्यरत 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर को होनी थी, वह छुट्टी के लिए अधिकारियों से लगातार निवेदन कर रहा था, लेकिन अधिकारियों द्वारा एसआईआर ड्यूटी के नाम पर उसे छुट्टी नहीं दी गई। शादी की व्यस्तता के कारण वह एसआईआर बैठक में उपस्थित नहीं हो पाया, लिहाजा एआरओ ने उन्हें निलंबित करवा दिया था। वहीं राजस्व निरीक्षक आदि ने कार्य पूरा करने को कहा, कहा कि अभी तो निलंबन हुआ है फिर सेवा समाप्त कर दी जाएगी, इसको लेकर वह डिप्रेशन में आ गया और आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। इस मामले में कहा कि एफआईआर दर्ज हुई तो उसमें कुछ लोगों के नाम शामिल नहीं किया, केस को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी को लेकर लेखपाल संघ के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन पर बैठे, कहा कि मुख्य पीसीएस अधिकारी का नाम अज्ञात के स्थान पर नामजद दर्ज किया जाए,मृतक की माता को 50 लाख की आर्थिक सहायता दी जाए। वहीं मृतक परिवार को सरक. ारी नौकरी दी जाए। एस आईआर की अंतिम तिथि भी आगे बढ़ाई जाए ताकि समय पर काम पूरा करने का दबाव अधिकारियों पर ना पड़े। वहीं अधिकारियों द्वारा व्यवहार सुधारने को लेकर भी मांग उठाई गई। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, सचिव फहीम हुसैन के अलावा लेखपाल मनीष कुमार, नाजिया सुल्तान, दिनेश कुमार, आयुष ठाकुर, संजू कुमार, अजय कुमार, मेघराज सिंह, अनिल कुमार, अविनाश यादव, पंकज चंद्रा, कपिल कुमार, मोहम्मद नदीम, सुमित अग्रवाल, सुमन भारती के अलावा भारी तादाद में लेखपाल संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में यातायात सप्ताह का समापन, छात्राओं की प्रस्तुतियों ने बढ़ाई जागरूकता

मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)। डिप्टी गंज स्थित कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में मंगलवार को आयोजित यातायात सप्ताह का भव्य समापन उत्साह, जागरूकता और आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। पूरे सप्ताह चले कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं आमजन को ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना था। समापन समारोह में छात्राओं ने भाषण, नाटिका, पोस्टर प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दिया।कार्यक्रम की सबसे बड़ी आकर्षण रही यमराजख़चित्रगुप्त की प्रतीकात्मक झांकी, जिसमें छात्राओं ने हास्य और संवेदनशीलता का मिश्रण प्रस्तुत करते हुए ट्रैफिक नियम तोड़ने के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से दर्शाया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस प्रस्तुति का स्वागत किया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसपी सिटी रणविजय सिंह और सीओ कोतवाली सुनीता दहिया ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना की। एसपी सिटी ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे परिवार और समाज में भी ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने की भूमिका निभाएं।सीओ सुनीता दहिया ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और मोबाइल का सही उपयोग जैसी छोटी-छोटी सावधानियां बड़े हादसों को रोक सकती हैं। उन्होंने विद्यालय में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रबंधन को बधाई दी।प्रधानाचार्या डॉ. मधुबाला त्यागी ने यातायात सप्ताह की सफल मेजबानी पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं ने पूरे मनोयोग से भाग लिया और सीख को व्यवहार में लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

अस्पताल के बाहर गुंडागर्दी का लाइव वीडियो वायरल, दर्जनभर दबंगों ने गार्ड को पीटा

मुरादाबाद। थाना नागफनी क्षेत्र के डिप्टी गंज चौकी अंतर्गत तारा बिल्डिंग के पास स्थित अहमद अस्पताल के बाहर गुंडागर्दी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अस्पताल के गेट पर तैनात गार्ड पर करीब एक दर्जन दबंगों ने मिलकर हमला कर दिया। पूरी घटना अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार, अस्पताल के बाहर खड़े होने को लेकर मामूली कहा. सुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर दबंग अस्पताल के गार्ड सलीम पर टूट पड़े। वीडियो में साफ दिखता है कि आरोपियों ने गार्ड को कुर्सियों, बेल्टों और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। हमले में सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद अस्पताल स्टाफ ने किसी तरह घायल गार्ड को बचाया और तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अचानक हुए इस हमले से अस्पताल स्टाफ और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। थाना नागफनी पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और वीडियो में दिख रहे सभी दबंगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कानूनन कार्रवाई की जाएगी।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर हुआ एक सत्र का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एक्टिविटी क्लब की ओर से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ''महिला सशक्तिकरण'' विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि व मुरादाबाद के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री कुंवर आकाश सिंह एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर किया। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने सत्र के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए बुके और विश्वविद्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने की हम सभी एवं विशेष रूप से युवा विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है। युवा विद्यार्थियों को लड़कियों की

सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए और अपने कॅरियर पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि किसी भी आपात स्थिति में 112 डायल करके पुलिस की सहायता के अलावा महिलाएं 1090 पर भी त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने बताया सभी थानों में मिशन शक्ति की इकाई है। कोई भी थाने जाकर वहां से भी सहायता प्रात कर सकता है व किसी भी संदेहास्पद स्थिति की शिकायत भी की जा सकती है, ऐसे में शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जाएगा।

इस मौके पर प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह सत्र सभी विद्यार्थियों को ''महिला सशक्तिकरण के प्रति अवश्य जागरूक करेगा। सत्र की विशिष्ट अतिथि व आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका, समाज सेविका एवं नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद पुलिस लाइन की काउंसलर श्रीमती ऋतु नारंग ने बताया नारी को सशक्त बनाने में युवा विद्यार्थियों को आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र ये प्रतिज्ञा लें कि वे सभी छात्राओं की सुरक्षा के लिए सदैव सचेत रहेंगे और उन्हें अपने घर की बहनों की तरह मानकर उनके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे। सत्र के दौरान विद्यार्थियों द्वारा जिज्ञासावश पूछे गए प्रश्नों के भी अतिथियों ने संतोषजनक उत्तर दिए। वहीं स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की छात्रा ओजस्वी, आकृति सिंह और स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की छात्रा वैभवी दुबे ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। सत्र का संचालन एक्टिविटी क्लब की समन्वयिका डॉ. स्वाति राय ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई शिक्षक व भारी संख्या में छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

एक नजर

गढ़ी में भरवाए गए एसआईआर के फॉर्म

कांठ(शाह टाइम्स) गढ़ी गांव के बूथ पर समाजवादी पार्टी द्वारा एसआई आर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी अरशद फुरकान और नफीस शाका के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। आयोजित कैंप में जिन लोगों ने अभी तक फॉर्म नहीं भरे थे उनके फार्म भरवाए गए और उन्हें इसकी महत्ता के बारे में बताया गया। इस मौके पर महामंत्री फुरकान अली विक्रम सिंह यादव नाजिम सैफी अरशद फुरकान नफीस शाका शहजाद चौधरी समीम दानिश अमजद अली दानिश चौधरी मोनीष मुजाहिद आदी मौजूद रहे।

तहसीलदार न्यायिक कोर्ट अधिवक्ताओं ने किया बेमियादी बहिष्कार

बिलारी। तहसीलदार न्यायिक द्वारा अधिवक्ताओं के साथ अशोभनीय व्यवहार को लेकर भड़के अधिवक्ताओं ने कोर्ट का बेमियादी बहिष्कार शुरू कर दिया। वहीं भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। मांगों को लेकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन दिया गया। शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बार की आवश्यक बैठक बुलाई। जिसमें कहा कि तहसीलदार न्यायिक अधिवक्ताओं के प्रति अच्छा नहीं है, वह बिना कारण के ही मुकदमे आदि खारिज कर देते हैं। इसके साथ तहस. ीलदार न्यायिक पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया, कहा कि यदि उनके द्वारा व्यवहार को नहीं सुधारा जाता तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह, सचिव सुनील कुमार सिंह, सुमित कुमार, अतर सिंह, नाजिम हुसैन, प्रमोद कुमार शर्मा, नाजिम हुसैन, मनो. हर सिंह, परमजीत सिंह, भगवान सरन माथुर, कामिल पाशा, पप्पू राजपूत, जबर सिंह,विशन सिंह एडवोकेट, चौधरी विजय वीर सिंह के अलावा भारी तादात में अधिवक्ता मौजूद रहे।

600 ग्राम चरस के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान 600 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपों पर मादक पदार्थ अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा विनीत कुमार ने चेकिंग के दौरान बिलारी के गांव नगलिया जट के रहने वाले विमल पुत्र करन सिंह को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास 600 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

पुलिस गश्त के दौरान चरस के साथ युवक को दबोचा

कुन्दरकी। थाना कुन्दरकी क्षेत्र के ईमरतपुर सिरसी रोड पर शुक्रवार शाम पुलिस गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में खड़े एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार इमरतपुर रोड पर एक युवक पुलिस को देख मुंह फेरकर खड़ा हो गया। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिल रोककर उससे पूछताछ की तो वह बहाना बनाते हुए इधर-उधर जाने लगा। शक होने पर पुलिस ने युवक को मोके पर धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम साहिल उर्फ मुल्ला पुत्र फैरूम बताया। पुलिस के अनुसार युवक के पास प्लास्टिक के थैले से चरस बरामद हुयी। जिसपर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

जन सेवा केंद्र संचालक और बैंकर्स को कराया शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत

कांठ(शाह टाइम्स)। सुरक्षा और सतर्कता को ध्यान में रखते हुए आज क्षेत्र के जन सेवा केंद्र संचालक एवं बैंक अधिकारियों की थाने में बैठक बुलाई गई जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने शासन से मिले निर्देशों से बैंकर्स को अवगत कराया उन्होंने कहा कि सभी बैंक के अधिकारी अपनी अपनी शाखाओं में सीसीटीवी कैमरा को चालू रखें अपने स्तर से बैंक की सुरक्षा के लिए गार्ड की व्यवस्था करें। और बैंक में संचालित खातों में आने वाली धनराशि पर भी निगाह रखने का काम करें।

उन्होंने बताया कि किसी भी धनराशि के गलत माध्यम से खाते में आने की आशंका होते ही उच्च अधिकारियों को तुरंत अवगत कराए और जो निष्क्रिय खाते पड़े हैं उन्हें बंद करने का काम करें।

इसके साथ-साथ उन्होंने केंद्र संचलको से कहा कि साइबर ठगी के तहत लोगों को अनावश्यक फोन करके उनसे पैसों की मांग की जाती है और ऐसे लोग जन सेवा केंद्रों पर जाकर पैसे उनके खाते में डलवाने का काम करते हैं लेकिन इस तरह के मामले में जन सेवा केंद्र संचालक पुलिस को सूचित करेंगे उन्होंने सभी से शासन से आए निर्देशों का अनुपालन करने में सहयोग की अपेक्षा की और कहा कि यदि कहीं पर कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो निर्देशों के क्रम में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

एमबीए फाइनल ईयर छात्रों ने किया स्वच्छ गंगा परियोजना के तहत रामगंगा नदी तट की सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। टिमिट के एमबीए फाइनल ईयर के छात्रों ने आज स्वच्छ गंगा परियोजना के तहत एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए राम गंगा नदी के किनारों की सफाई की। इस अभियान में विद्यार्थियों ने नदी तट पर फैले प्लास्टिक, कचरे और अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर उचित तरीके से निस्तारित किया।

छात्रों की यह पहल न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने छात्रों की मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि, "हमारे छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट हैं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी बखूबी निभा रहे हैं। राम गंगा नदी की सफाई में उनका योगदान प्रेरणादायी है और अन्य युवाओं के लिए एक सकारात्मक संदेश देता है।"टिमिट द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम स्थानीय समाज में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और

जन-जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सफल पहल के रूप में देखा जा रहा है। संस्था भविष्य में भी ऐसे सामाजिक अभियानों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

विद्यालय मर्ज व स्थानांतरण आदेशों से बढ़ा भ्रम, शिक्षकों को मिली अंतरिम राहत

चन्दौसी। सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के अध्यापकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया में कई विद्यालयों पर असर पड़ा है। स्थानांतरण आवेदन के दौरान शिक्षकों से विकल्प मांगे गए थे। इसी बीच शासन ने उन विद्यालयों को मर्ज करने का आदेश जारी किया था, जहाँ छात्रों का नामांकन 50 से कम था। इन विद्यालयों को बंद करने का प्रस्ताव भी रखा गया था, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण यह निर्णय स्थगित कर दिया गया। स्थिति तब अधिक जटिल हुई जब कुछ विद्यालय केवल दो शिक्षकों पर निर्भर रह गए और यह स्पष्ट नहीं था कि उन्हें स्थानांतरित किया जाए या नहीं। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रारंभिक बयान में कहा था कि ऐसे विद्यालयों से स्थानांतरण नहीं होंगे, परंतु लगभग 15 दिन बाद उन्हीं अध्यापकों के स्थानांतरण आदेश जारी कर दिए गए। अन्य ब्लॉकों से आए शिक्षक एनओसी लेकर अपने चयनित विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर चुके थे। जहाँ से शिक्षक स्थानांतरित हुए और विद्यालय एकल शिक्षक की स्थिति में आ गए, वहाँ नए अध्यापक भेजे गए, लेकिन कई विद्यालयों में अध्यापक अब भी नहीं पहुँचे। इसी बीच बेसिक शिक्षा कार्यालय से नया आदेश जारी हुआ कि जहाँ एकल शिक्षक रह गए हैं।

वहाँ से स्थानांतरित शिक्षक वापस भेजे जाएँगे। इससे प्रभावित शिक्षक पुन: असमंजस की स्थिति में पहुँच गए। 15 दिनों की दौड़-धूप में उन्होंने नए विद्यालयों में कार्यभार संभाला था, और अब फिर से वापसी का आदेश जारी हो गया। जब यह समायोजन संबंधित विवाद उच्च न्यायालय पहुँचा, तो कई शिक्षक अपने समायोजन को बचाने के लिए कोर्ट गए, जहाँ उन्हें स्थगन आदेश (स्टे) मिल गया। न्यायालय ने माना कि शिक्षकों की कोई गलती नहीं है, क्योंकि उन्होंने केवल विभागीय आदेशों का पालन किया है। इस निर्णय से समायोजित होकर नए विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को राहत मिली। सरकार द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दाखिल काउंटर में समायोजन-3 की बात रखी गई है। ऐसे में संकेत मिल रहे हैं कि पूर्व में समायोजित हो चुके शिक्षकों को वापस नहीं भेजा जाएगा और जिन विद्यालयों में एकल शिक्षण व्यवस्था है, वहाँ नए अध्यापकों को स्थानांतरित किया जाएगा।

एसएम कॉलेज चन्दौसी में शोध पद्धति पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में शुक्रवार को पूर्व छात्र परिषद के तत्वावधान में विभिन्न विषयों में अनुसंधान पद्धति के उभरते आयाम विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. पवन कुमार यादव ने सभी अतिथियों का प्रतिभागियों से परिचय कराया। मुख्य वक्ता प्रो. पुष्कर मिश्र ने आधुनिक युग में बढ़ती तकनीकी दासता से बचने पर जोर देते हुए गौतम मुनि के न्याय सूत्र की विशेष व्याख्या की। उन्होंने समाजशास्त्र में शोध के विभिन्न आयामों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। प्रो. विकास शर्मा, अंग्रेजी विभाग, मेरठ कॉलेज, मेरठ ने भारत में शास्त्रार्थ परंपरा से शोध पद्धति के विकास पर चर्चा करते हुए शोधार्थियों को तटस्थ रहकर सत्य की खोज करने की प्रेरणा दी। प्रो. अरुण कुमार, डॉ. भीमराव

अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, दिल्ली ने शोध में प्रासंगिकता के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि शोध के मौलिक तत्वों को शोध पद्धति में सम्मिलित करना आवश्यक है। डॉ. साकेत बिहारी ने तकनीक-आधारित शोध की सीमाओं पर प्रकाश डालते हुए शोध को सामाजिक दृष्टिकोण और प्रयोगात्मक रूप से विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विभिन्न प्रकार की कुशलताओं को जोड़ने पर भी चर्चा की। प्रो. भगत सिंह, मनोविज्ञान विभाग, मेरठ कॉलेज ने शोध पद्धतियों में प्रयुक्त विभिन्न टूल्स का परिचय कराया। उन्होंने कई उपकरणों का प्रयोगात्मक प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को शोध की नई दिशाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए 60 से अधिक प्रतिभागियों कृजिनमें भानुप्रताप सिंह, डॉ. अजय कुमार सक्सेना, डॉ. धीरेंद्र सिंह, मीरा अग्रवाल, नबीला हमीद, राज. कुमार, उमेश कुमार आदि शामिल थेकृने अपने शोध पत्रों का वाचन किया। प्रतिभागियों ने शोध में आने वाली बाधाओं, उनके कारणों व निराकरण पर विस्तृत चर्चा की और समयानुकूल शोध पद्धति अपनाने पर बल दिया।

संगोष्ठी का संचालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय, संगोष्ठी सचिव ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सूरज शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, अमरजीत, डॉ. पंकज कुमार, लोक. `शचंद्र अग्रवाल, पंकज कुमार सिसोदिया, मनोज लखोटिया, अशोक शंकर पाराशरी, तरुण शंकर, अवनीश सहित अनेक शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 29 नवम्बर 2025

सांसों पर संकट

देश की राजधानी में सांसों पर संकट आ रहा है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। वे डाक्टरों के पास जाकर अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर रहे हैं, जिससे उनके पास रोटी तक के पैसे नहीं बचे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेता और सांसद भाग लेंगे। इससे पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर संसद में तुरंत और विस्तार से बहस कराने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, मोदी जी आप चुप कैसे रह सकते हैं। देश की हजारों माताएं अपने बच्चों की सेहत को लेकर डरी और परेशान हैं, क्योंकि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर न तो कोई जल्दी दिखाई जा रही है, न कोई ठोस प्लान और न ही जवाबदेही। दिल्ली-एनसीआर में सर्वे किए गए कुल लोगों में से 80 परसेंट से अधिक लोगों ने बताया कि उन्हें लगातार हेल्थ प्रॉब्लम हो रही हैं, जिसमें पुरानी खांसी, बहुत ज्यादा थकान और प्रदूषित हवा की वजह से सांस लेने में जलन शामिल है। सर्वे से पता चला है कि पिछले साल 68.3 परसेंट लोगों ने प्रदूषण से जुड़ी खास बीमारियों के लिए मेडिकल मदद ली थी। बता दें कि यह एक हेल्थकेयर संकट है जो बढ़ रहा है। इस समय दिल्ली की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित है, जिसे रोकने के लिए सरकार की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए गए है। पिछले दिनों दिल्ली सरकार ने कृत्रिम वर्षा कराने का फैसला लिया था, जो पूरी तरह फेल हो गया। अब सर्दी के यौवन पर आते ही धुंध ने दिल्ली को चारों तरफ से घेर रखा है, जिसका असर सीधा फेफड़ों पर पड़ रहा है। इस बात को लेकर दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी आपत्ति जताई थी, फिर भी इसकी रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं। वायु प्रदूषण से गंभीर बीमारियां हो जाती हैं, जिनमें फेफड़ों और हृदय संबंधी बीमारियां प्रमुख हैं, जैसे अस्थमा, सीओपीडी, फेफड़ों का कैंसर, दिल का दौरा, और स्ट्रोक। इसके अलावा, वायु प्रदूषण निचले श्वसन तंत्र के संक्रमण (जैसे निमोनिया), टाइप 2 मधुमेह, और गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का भी जोखिम बढ़ाता है। इसलिए इस पर रोक लगाना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि यह समस्या आज की नहीं है, हर साल इसी समस्या से जूझना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वह इसके लिए सार्थक कदम उठाए, ताकि लोग साफ हवा में सांस लेकर गंभीर बीमा. रियों से बच सकें। भारत को हवा के प्रदूषण पर तुरंत, विस्तृत संसद बहस की जरूरत है और इस स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए एक सख्त, लागू की जा सकने वाली कार्य योजना चाहिए। साफ हवा और साफ पानी हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है। दिल्ली सहित उत्तर भारत में हवा जानलेवा हो चुकी है और समाधान देने की बजाय सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है। लोग अपने परिवार को प्रदूषण से बचाने के लिए एयर प्यूरीफायर लेने जाते हैं, और वहां पता चलता है कि सरकार उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूल रही है। ये सरासर अन्याय है।

व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल

व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है, पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है, हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं, भारत अब विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर काम कर रहा है, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं।

-पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

भयावह होता जा रहा है दिल्ली का प्रदूषण

दिल्ली का वायु प्रदूषण आज केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवीय संकट बन चुका है। राजधानी की हवा में घुला जहर हर सांस में महसूस किया जा सकता है। नवंबर और दिसंबर के महीनों में स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि दिल्ली का आसमान धुंध से ढका रहता है और सूरज की रोशनी तक पूरी तरह से धरती पर नहीं पहुंच पाती। बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अस्थमा व हृदय रोग से पीड़ित लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। हवा में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 से भी ऊपर पहुंच जाता है, जो कि गंभीर स्तर से भी आगे की स्थिति है। इस जहरीली हवा का असर आंखों में जलन, गले में खराश, सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द और थकान जैसे लक्षणों के रूप में दिखाई देता है। दिल्ली के अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या हर साल सर्दियों में कई गुना बढ़ जाती है। दिल्ली में प्रदूषण के मुख्य कारणों की बात की जाए तो अनेक कारक इसके लिए जिम्मेदार हैं। पूरे वर्ष प्रदूषण बना रहता है, लेकिन सर्दियों में यह खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है। दिल्ली के आसपास के राज्यों पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है। किसान धान की फसल कटने के बाद उसके अवशेषों को खेतों में ही आग लगा कर खत्म करते हैं। इससे निकलने वाला धुआं हवा के साथ दिल्ली पहुंचता है और शहर को एक बड़े गैस चौंबर में बदल देता है। दूसरी तरफ दिल्ली में वाहनों की संख्या करोड़ों में पहुंच चुकी है और निजी वाहनों के बढ़ते उपयोग से निकलने वाली गैसें प्रदूषण को और खतरनाक बनाती हैं। डीजल और पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य विषैले कण फेफड़ों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाते हैं।

दिल्ली में औद्योगिक गतिविधियां भी प्रदूषण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कई औद्योगिक क्षेत्र ऐसे हैं जहां धुआं उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं किया जाता। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं हवा को जहरीला बना देता है और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा करता है। निर्माण स्थलों पर चलने वाली गतिविधियां भी धूल के बड़े स्रोत हैं। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के दौरान उड़ने वाली धूल महीन कणों के रूप में हवा में फैल जाती है, जो शरीर में प्रवेश कर कई बीमारियों को जन्म देती है। कूड़ा-कचरा जलाना, सड़क की धूल, थर्मल पावर प्लांट्स से निकलने वाला धुआं, और मौसम संबंधी स्थितियां यह सभी प्रदूषण को बढ़ाने में योगदान देते हैं। सर्दियों में तापमान गिरने के कारण हवा का दबाव बदल जाता है और प्रदूषक तत्व हवा में ऊपर नहीं उठते, बल्कि जमीन के करीब ही फंसे रहते हैं। हवा की गति कम हो जाने पर यह जहरीली परत दिल्ली की हवा को और ज्यादा दमघोंटू बना देती है। वैज्ञानिक इसे इन्वर्शन स्थिति कहते हैं जिसमें प्रदूषण इतना अधिक बढ़ जाता है कि स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार हो सकता है। इस मौसम में घरों के अंदर मौजूद लोग भी प्रदूषण से पूरी तरह सुरक्षित नहीं होते। छोटे बच्चों के फेफड़े अभी विकसित हो रहे होते हैं और इस जहरीली हवा के कारण उनमें आजीवन स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। दिल्ली के स्कूलों में प्रदूषण बढ़ने पर छुट्टियां घोषित की जाती हैं, लेकिन यह समाधान नहीं है, बल्कि एक मजबूरी है। बच्चों को बाहर खेलने की अनुमति नहीं मिलती, खेल मैदान खाली दिखाई देते हैं। कुछ स्कूल एयर प्यूरीफायर का उपयोग करते हैं, लेकिन यह समाधान केवल कुछ ही लोगों तक सीमित है। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य जैसा हो जाता है। प्रदूषण का असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। लगातार तनाव, चिंता और कमजोरी लोगों के सामान्य जीवन को प्रभावित करती है।

जिन लोगों की रोजी-रोटी सड़क पर चलने या मेहनत के कामों पर निर्भर है, जैसे रिक्शा चालक, मजदूर, डिलीवरी कर्मचारी और सफाई कर्मी, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी होती है क्योंकि वे पूरे दिन खुले वातावरण में रहते हैं। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं। निर्माण गति. विधियों पर रोक, डीजल जेनरेटर पर प्रतिबंध, पानी का छिड़काव, स्मॉग टावर, ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान), औद्योगिक क्षेत्रों की निगरानी और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे उपाय किए जाते हैं। ऑड-ईवन योजना भी कुछ समय के लिए लागू की गई थी जिससे सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हुई। इसके बावजूद स्थाई समाधान अब तक नहीं मिल पाया है। मुख्य चुनौती यह है कि प्रदूषण अनेक स्रोतों से पैदा होता है और प्रत्यक क्षेत्र में समान रूप से नियंत्रण लागू नहीं हो पाता। भारत में प्रदूषण का संकट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी है। किसानों के सामने पराली जलाने के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन मशीनों की कीमत और अतिरिक्त खर्च के कारण वे अपने खेतों में आग लगाना ही आसान समझते हैं। सरकार मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध कराती है, लेकिन उन्हें पर्याप्त रूप से फैलाने और उपयोग को सुगम बनाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन के विस्तार की आवश्यकता है ताकि लोग निजी वाहनों पर निर्भर न रहें। मेट्रो ने बड़ी भूमिका निभाई है, लेकिन यह अभी भी अधिक भीड़ और सीमित पहुंच के कारण पूरी तरह पर्याप्त नहीं है। प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव गहरा और दीर्घकालिक होता है। लगातार प्रदूषित हवा में सांस लेने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों में संक्रमण, निमोनिया, हृदय रोग और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि दिल्ली में रहने वाले लोगों की उम्र अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम हो सकती है क्योंकि प्रदूषण शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है। गर्भवती महिलाओं और अजन्मे शिशुओं पर इसका असर अधिक गंभीर हो सकता है। दिल्ली का वायु प्रदूषण केवल सरकारी या औद्योगिक स्तर का मुद्दा नहीं, बल्कि हर नागरिक से जुड़ा हुआ है। समाज के सभी हिस्सों को मिलकर काम करना होगा। व्यक्तिगत स्तर पर भी कुछ सावधानियां अपनाना जरूरी है जैसे मास्क पहनना, घर में पौधे लगाना, गाड़ियों का कम उपयोग करना, बाइक या कार शेयरिंग करना, बिजली की बचत करना और कूड़ा जलाने जैसी गतिविधियों से बचना। लोग यह मानकर चलते हैं कि अकेले व्यक्ति के बदलाव से कुछ नहीं होगा, लेकिन यही सोच समस्या को बढ़ाती है। यदि हर नागरिक अपने स्तर पर जागरूक हो जाए तो प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि प्रदूषण नियंत्रण पर केवल मौसमी कदम न उठाए जाएं बल्कि पूरे साल दीर्घकालिक योजनाएं लागू की जाएं। स्कूलों में पर्यावरण शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए। नई तकनीक को उद्योगों और कृषि क्षेत्रों में अनिवार्य किया जाना चाहिए। सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को पारदर्शी एवं कठोर बनाना आवश्यक है।

साथ ही हवा को स्वच्छ करने के लिए अधिक से अधिक पौधे और वृक्ष लगाने होंगे क्योंकि हरित क्षेत्र प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हवा मनुष्य का पहला अधिकार है। जिस शहर की हवा ही सांस लेने योग्य न हो, वह शहर कितना भी विकसित क्यों न दिखाई दे, जीवन के मूल आधार पर असफल माना जाएगा। दिल्ली भारत की राजधानी है और देश की पहचान। यहां स्वच्छ हवा सुनिश्चित करना केवल पर्यावरणीय लक्ष्य नहीं, बल्कि लोगों के स्वस्थ और सुरक्षित जीवन का आधार है। इसका समाधान कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। सरकार, समाज और नागरिक मिलकर यदि ईमानदारी से प्रयास करें तो एक ऐसा दिन जरूर आएगा जब दिल्ली फिर से नीला आसमान देखेगी और बच्चे बाहर खेलते हुए बिना मास्क के सांस ले सकेंगे। जब लोग सुबह की ठंडी हवा को महसूस कर सकेंगे और प्रदूषण का डर केवल इतिहास की बात बनकर रह जाएगा।

संग्रहण भी करते थे प्राचीन शिकारी

मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानव. रों (जैसे हिरण या मवेशियों) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।

उत्तरी यूरेशिया में मिले लगभग 8000 साल पुराने टूटे और जले हुए भोजन अवशेष लगे मिट्टी के बर्तन चीनी मिट्टी के बर्तनों जैसे तो नहीं लगते लेकिन मांस और तरकारी रखने और पकाने की यह टिकाऊ तकनीक इस क्षेत्र में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के लिए एक बड़ा कदम था और हालिया शोध बताता है कि यह तकनीक उन्होंने खुद विकसित की थी।

दरअसल वैज्ञानिक मानते आए थे कि यूरोप में मिट्टी के बर्तनों का आगमन लगभग 9000 साल पहले कृषि और जानव. रों के पालतूकरण के प्रसार के साथ हुआ था। उत्तरी युरोप में मिले लगभग इसी काल के बर्तनों के आधार पर माना जाता था कि यह तकनीक शिकारी-संग्रहकर्ताओं ने अपने अधिक प्रगतिशील किसान पड़ोसियों से सीखी था, लेकिन नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित एक अध्ययन बिल्कुल अलग कहानी कहता है। लगभग 20,000 साल पहले, सुदूर पूर्वी इलाकों में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के समूहों के बीच मिट्टी के बर्तन बनाने और उपयोग करने के ज्ञान का प्रसार हो चुका था। ये बर्तन तब उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले चमड़े के बर्तनों से अधिक टिकाऊ थे और पकाने में उपयोग किए जाने वाले लकड़ी के बर्तनों की तरह आग में जलते नहीं थे। लगभग 7900 साल पहले तक यूराल पर्वत से लेकर दक्षिणी स्कैंडिनेविया तक मिट्टी के बर्तनों का उपयोग आम हो चुका था। मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल-निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानवरों (जैसे हिरण या मवेशियों) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।

इसके अलावा, बर्तनों पर की गई कलाकारी और बर्तनों के आकार की तुलना करके शोधकर्ता पता लगा सके कि मिट्टी के बर्तनों का प्रसार एक से दूसरे समुदाय में कैसे हुआ। वैसे तो मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए कच्चा माल हर जगह उपलब्ध था, लेकिन उन्हें आकार देने और पकाने जैसा तकनीकी ज्ञान एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित हुआ होगा और साथ ही खाना पकाने की नई तकनीक भी सीखी गई होगी। सारे डैटा को एक साथ रखने पर टीम ने पाया कि उत्तरी यूरेशिया के कुछ हिस्सों में मिट्टी के बर्तन तेजी से फैले थे। कुछ ही शताब्दियों में यह तकनीक कैस्पियन सागर से उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में फैल गई थी। जिस तेजी से इस क्षेत्र में मिट्टी के बर्तन बनाने का ज्ञान फैला, उससे लगता है कि यह ज्ञान लोगों के प्रवास के साथ आगे नहीं बढ़ा बल्कि एक समूह से दूसरे समूह में हस्तांतरित हुआ। ऐसा लगता है एक जगह से दूसरी जगह तक सफर ज्ञान ने किया, लोगों ने नहीं। यदि ऐसा है, तो ये नतीजे हाल ही में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन से विपरीत हैं जो बताता है कि एनातोलिया में यह तकनीक किस तरह से फैली। हालिया जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं कि लगभग इसी समय एनातोलिया से दक्षिणी यूरोप आए किसान अपने साथ मिट्टी के बर्तन बनाने के तरीके और परंपराएं लाए थे। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस पर अधिक शोध यह जानने में मदद कर सकता है कि वास्तव में यह ज्ञान कैसे फैला। जैसे यदि शिकारी-संग्रहकर्ता समाज पितृस्थानिक थे (जहां महिलाएं शादी के बाद ससुराल चली जाती हैं) तो मिट्टी के बर्तन बनाना महिलाओं द्वारा किया जाने वाला कार्य हो सकता है जो विवाह सम्बंधों के माध्यम से एक गांव से दूसरे गांव तक फैला होगा। बहरहाल, अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि हम जितना समझते थे शिकारी-संग्रहकर्ता उससे कहीं अधिक नवाचारी थे। प्रागैतिहासिक जापान से बाल्टिक सागर के किनारों तक घूमने वाले शिकारी-संग्रहकर्ता लोगों ने अपनी घुमंतु जीवन शैली को छोड़े बिना नई तकनीकों को गढ़ा और अपनाया था वे किसानों का अनुसरण नहीं कर रहे थे बल्कि सर्वथा अलग रास्ते पर आगे बढ़ रहे थे। इस मायने में देखा जाए तो शिकारी-संग्रहकर्ता समाज आविष्कारी समाज था। हालांकि रूस के वैज्ञानिक इस बारे में पहले से जानते थे और इसके अधिकतर साक्ष्य रूसी भाषा में प्रकाशित हुए थे, लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप में खिंच गई अदृश्य दीवार के चलते इस जानकारी से बाकी लोग अनभिज्ञ रहे और बर्तनों का उपयोग किसानों और पशुपालकों की तकनीक माना जाता रहा। 1990 से यह अदृश्य दीवार ढहने लगी थी, पश्चिमी यूरोप और रूस, यूक्रेन व बाल्टिक क्षेत्र के शोधकर्ता संयुक्त अध्ययनों में शामिल होने लगे थे। हालिया अध्ययन भी इसी सहयोग की मिसाल है। यूक्रेन-रूस युद्ध ने इस दीवार को फिर ऊंचा कर दिया है।

(स्रोत फीचर्स)

जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम

कुछ दशकों पहले तक वन्यजीवों पर किया जाने वाला अधिकांश वैज्ञानिक अध्ययन प्राणी संग्रहालयों के कृत्रिम वातावरण में होता था। शोधकर्ता पिंजरों के भीतर पले-बढ़े जानवरो को देखकर जंगली जानवरों के व्यवहार पर निष्कर्ष निकालते। ऐसे समय में, 1960 में मात्र 26 वर्ष की एक युवा महिला अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर तंजानिया के गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व पहुंची। उन्होंने वहां रहकर कठिन परिस्थितियों में जंगल में पले-बढ़े चिम्पैंजियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण शुरू किया। किसी औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के बिना, वे एक ऐसे नए अध्याय की शुरुआत कर रही थीं जिसने आगे चलकर पूरी दुनिया को प्रेरित किया। वह युवती थी जेन गुडॉल, जिनका इस साल दुखद निधन हो गया।

बचपन से ही टारजन और डॉक्टर डूलिटल जैसी किताबें पढ़ने वाली जेन का सपना था अफ्रीका जाना और किताबों के जरिए परिचित हुए अपने पसंदीदा जानवरों के साथ काम करना। उन्हें जानवरों के जीवन को गहराई से समझने और उनके बारे में लिखने की तीव्र इच्छा थी। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए, पैसे बचाए और अथक मेहनत की जो उनके दृढ़ निश्चई होने का प्रमाण है।

शोध और अध्ययन

जेन के दीर्घकालीन निरीक्षणों से चिम्पैंजियों के जीवन, सामाजिक संरचना और व्यवहार के बारे में नई जानक. ारी मिली। गुडॉल ने यह सिद्ध किया कि चिम्पैंजियों में भावनाएं होती हैं, वे संवेदनशील होते हैं, जीवनभर टिकने वाले रिश्ते बनाते हैं, समूह में योजनाएं बनाते हैं और जो कुछ सीखते हैं, उसे अगली पीढ़ी को सिखाते हैं। उन्होंने देखा कि चिम्पैंजी केवल शाकाहारी नहीं हैं वे कभी-कभी छोटे बंदरों का शिकार कर मांस भी खाते हैं। उन्होंने यह भी देखा कि चिम्पैंजी औजार बनाकर उनका उपयोग करते हैं। यह मानव विकास को समझने में क्रांतिकारी खोज थी। उनके शोध से यह सिद्ध हुआ कि चिम्पैंजियों के भी मनुष्य की तरह व्यक्तित्व होते हैं। इससे यह धारणा गलत साबित हुई कि जानवर केवल आदत के अनुसार व्यवहार करते हैं। उस समय कई वैज्ञानिक उनके निष्कर्षों से असहमत थे, क्योंकि तब यह विश्वास दृढ़ था कि मनुष्य अन्य प्रजातियों से बिल्कुल अलग है। जेन ने जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया, उन्हें पहचान के लिए संख्या नहीं बल्कि नाम दिए। उस समय यह अवैज्ञानिक माना जाता था, लेकिन शायद इससे उनके निरीक्षण में भावनात्मक गहराई आई। उनमें से एक चिम्पैंजी, डेविड ग्रेबियर्ड, ने सबसे पहले जेन पर भरोसा किया और पास आने दिया। वह अपने समूह का प्रमुख था, जिससे अन्य चिम्पैंजियों ने भी जेन को स्वीकार किया। उसी डेविड ग्रेबियर्ड को जेन ने घास की डंडी की मदद से दीमक निकालते हुए देखा पहली बार यह साबित हुआ कि मनुष्य के अलावा अन्य प्रजातियां भी औजार का उपयोग करती हैं। इस खोज ने मनुष्य और जानवरों के बीच की सीमा रेखा धुंधली कर दी। नेशनल जियॉग्राफिक में प्रकाशित इस खोज ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाई। जेन के अध्ययन ने चिकित्सा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। गॉम्बे के कुछ चिम्पैंजियों में एक खास वायरस

पाया गया, जो मनुष्यों में एड्स उत्पन्न करने वाले वायरस HIV-1 का निकट सम्बंधी है। अध्ययनों में यह भी पाया गया कि SIVcpz से संक्रमित चिम्पैंजियों में CD4+ टी कोशिकाओं की संख्या घटती है, एड्स जैसे लक्षण दिखाई देते हैं और मृत्यु का खतरा 10 से 16 गुना बढ़ जाता है। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि एड्स का उद्भव संभवत: चिम्पैंजी या गोरिल्ला जैसे ऐप में होकर मानव में हस्तातंरण हुआ संभवत: शिकार या मांस काटने के दौरान। इन खोजों की वजह से जेन को आगे के अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता मिली, जिससे उनका प्रारंभिक पांच महीने का प्रोजेक्ट आगे बढ़कर दुनिया का सबसे लंबा वन्यजीव अध्ययन बन गया जो आज भी 60 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है। चिम्पैंजियों के दीर्घ जीवनकाल को देखते हुए, उनका दीर्घकालीन अध्ययन आवश्यक भी था। अब तक इस पर लगभग 300 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। जेन की यात्रा में डॉ. लुईस लीकी का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने जेन की जिज्ञासा और प्रकृति-प्रेम को पहचाना और उन्हें तंजानिया में शोध का अवसर दिया। आगे चलकर, उन्होंने ही जेन को कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी करने का अवसर दिलाया, भले ही उनके पास स्नातक की डिग्री नहीं थी। 1966 में जेन ने गॉम्बे नदी के किनारे संरक्षित क्षेत्र में मुक्त रूप से रहने वाले चिम्पैंजियों के व्यवहार विषय पर पीएचडी पूरी की। उनकी शोध पद्धति, नैतिकता और अनुशासन आज भी आदर्श माने जाते हैं।

पीएचडी के बाद भी जेन का कार्य रुका नहीं। वे गॉम्बे वापस आ गई लेकिन अब उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण था। दुनिया भर में वनों की कटाई और वन्यजीवों के आवासों का विनाश तेजी से बढ़ रहा था। गॉम्बे नेशनल पार्क भी इन चुनौतियों से अछूता नहीं था। मानव हस्तक्षेप और चराई के कारण जानवरों में रोगों का संक्रमण बढ़ रहा था। विशेष रूप से चिम्पैंजियों में, जो अलग-थलग समूहों में रहते हैं और समूह के बाहर जाकर बिरले ही प्रजनन करते हैं। ऐसी स्थिति में जेन के संरक्षण कार्यों का महत्व और बढ़ गया। जेन के इस कार्य व प्रयासों के चलते 1968 में गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया। 1977 में उन्होंने जेन गुडॉल इंस्टिट्यूट की स्थापना की। प्रारंभ में इसका उद्देश्य गॉम्बे प्रोजेक्ट को सहायता देना था, लेकिन आगे चलकर यह संस्था वन्यजीव संरक्षण हेतु 25 देशों में सक्रिय हो गई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

इमरान जिंदा हैं या नहीं, बेटे ने सबूत मांगा

पाकिस्तान में चार दिन से प्रदर्शन, पुलिस ने खैबर सीएम को पीटा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे कासिम खान ने गुरुवार को जेल में बंद अपने पिता के जिंदा होने का सबूत मांगा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नहीं पता है कि इमरान जिंदा हैं या नहीं। कासिम ने एक्स पर लिखा कि उनके पिता को 845 दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पिछले 6 हफ्तों से उन्हें अकेले एक 'डेथ सेल' में रखा गया है।

न तो किसी को उनसे मिलने दिया गया है, न ही कोई फोन काल या मैसेज दिया गया। कासिम ने कहा कि उनकी बुआओं को भी अपने भाई से मिलने नहीं दिया जा रहा है। यह सब किसी सुरक्षा नियम की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर की जा रही कार्रवाई है। सरकार उनके पिता की असली हालत छिपा रही है। वहीं, इमरान खान का समर्थन करने रावलपिंडी की अडियाला जेल पहुंचे खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) राज्य के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को पुलिस ने गुरुवार को सड़क पर गिराकर पीटा। कासिम

दावा: सेना के आदेश पर किया गया हमला

ने अपने पिता की रिहाई को लेकर यह पोस्टर गुरुवार को एक्स पर शेयर किया, जिसमें कहा गया है कि इमरान खान को 845 दिन से अवैध हिरासत में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम सोहेल अफरीदी पर हमले की कार्रवाई सेना के आदेश पर की गई। अफरीदी गुरुवार को जिस समय जेल पहुंचे थे वहां भारी सुरक्षा तैनात थी और पीटीआई समर्थकों की भीड़ लगातार बढ़ रही थी। उनके पहुंचने से हालात और बिगड़ गए। पुलिस ने उन्हें और उनके साथ आए नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। धक्का-मुक्की के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीएम को लात-घूंसे भी मारे और जमीन पर गिरा दिया। पीटीआई ने इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया है। सुहैल अफरीदी का कहना है कि सरकार को इमरान खान की सेहत और सुरक्षा को लेकर उठे सभी सवालों के सही जवाब देने होंगे। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे जनता के साथ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अफरीदी ने आरोप लगाया कि सरकार इमरान खान की हालत की सही जानकारी नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इमरान खान को कुछ हुआ तो इसके नतीजे की जिम्मेदारी पूरी तरह मौजूदा सरकार पर होगी। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर तंज कसते हुए कहा कि देश के बिगड़ते हालात के लिए वही जिम्मेदार हैं।

इमरान की बहन ने किया अदालत का रुख

लाहौर। इमरान खान की बहन अलीमा खान ने शुक्रवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) में अडियाला जेल सुपरिटेंडेंट और अन्य के खिलाफ कोर्ट की अवमानना की याचिका दायर की है। अलीमा का कहना है कि उन्हें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलने की इजाजत नहीं दी गई। अलीमा खान ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दूसरे नेताओं की मौजूदगी में याचिका दायर की। याचिका में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के 24 मार्च के आदेश का जिक्र किया गया है, जिसमें कोर्ट ने 73 साल के अलीमा को हफ्ते में दो बार जेल में बंद इमरान खान से मिलने का शेड्यूल शुरू किया था। याचिका में अलीमा ने कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की मांग की है।

नई दिल्ली। महिलाओं से बातचीत के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

अमेरिका के शांति प्रयासों को लेकर आशावान हूं: पॉल कागामे

किगाली। रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे ने गुरुवार को कहा कि वह अफ्रीकी महाद्वीप के मध्य स्थित कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका की ओर से कराए जा रहे शांति समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर आशान्वित हैं। डीआरसी के राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्टों में संकेत दिया गया है कि कागामे और उनके कांगो के समकक्ष फेलिक्स त्सेसीकेदी के बीच यह शांति समझौता दिसम्बर की शुरुआत में वाशिंगटन में हस्ताक्षरित हो सकता है। कागामे ने रवांडा की राजधानी किगाली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते में देरी के लिए रवांडा ज़िम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम तो यहां इंतज़ार कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

भारत ने श्रीलंका के लिए मदद की पहली खेप भेजी

नई दिल्ली। भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका में जान-माल के नुकसान की भरपाई के लिए ऑपरेशन 'सागर बन्धु शुरू' कर तत्काल राहत सामग्री की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका को मदद की पहली खेप भेजी है। डॉ. जयशंकर ने श्रीलंका को राहत सामग्री सौंपे जाने की तस्वीरें साझा करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सागर बन्धु शुरू। आईएनएस विक्रांत और आईएनएस उदयगिरि ने कोलंबो में राहत सामग्री सौंपी।

बेड़ा निरीक्षण में विक्रांत कर रहा भारत का प्रतिनिधित्व

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत देश में ही निर्मित फ्रिगेट आईएनएस उदयगिरि के साथ अपनीपहली विदेश यात्रा पर श्रीलंका नौसना द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा निरीक्षण में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा है। श्रीलंका नौसेना ने अपनी 75 वीं वर्षगांठ पर 27 से 29 नवम्बर तक इस समुद्री समारोह का आयोजन किया है। इसमें कई देशों के नौसैनिक पोत, प्रतिनिधिमंडल और पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं।

रूस-वेनेजुएला ने 19 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

मॉस्को। रूस और वेनेजुएला के प्रतिनिधिमंडलों ने शिक्षा, अनुसंधान, युवा नीति, तेल उत्पादन, शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों को कवर करने वाले तीन समझौतों सहित कुल 19 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक खबर के अनुसार, दोनों देशों ने उच्च स्तरीय अंतर-सरकारी रूसी-वेनेजुएला आयोग की बैठक के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं।

अमेरिका में अब इंडियन शब्द इस्तेमाल पर रोक!

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दिया फिर विवादित बयान, नेटिव अमेरिकन समूहों ने जताया कड़ा विरोध

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ऐसा बयान दे दिया है जिसने नेटिव अमेरिकन समुदायों में नई बहस शुरू कर दी है। ट्रम्प ने दावा किया कि अब इंडियन शब्द का इस्तेमाल करना मानो प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसे इस्तेमान नहीं कर सकते। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। ट्रम्प ने बातचीत में कहा कि आप 'इंडियन' शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकते। सिर्फ इंडियंस ही चाहते हैं कि आप इसका इस्तेमाल करें।

मैं कभी आपको इसे बदलने के लिए नहीं कहूंगा। यह शब्द ऐतिहासिक गलती से जुड़ा है, जब क्रिस्टोफर कोलं. बस ने सोचा था कि वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा। कुछ जनजातीय सदस्य आज भी इसे अपनाए रखते हैं, जबकि कई इसे नस्लीय और गलत मानकर छोड़ देना चाहते हैं। ट्रम्प पहले भी नेटिव अमेरि. कन समुदायों से जुड़े मुद्दों पर विवादों में रहे हैं। वाशिंगटन की एनएफएल टीम के पुराने नाम रेडस्किन्स को लेकर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया था। 2020 में विरोध और आलोचनाओं के चलते यह

ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं
जब क्रिस्टोफर कोलंबस ने सोचा था, वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा: डोनाल्ड ट्रम्प

नाम हटाकर वाशिंगटन कमांडर्स कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि वह नए स्टेडियम की मंजूरी तभी देंगे जब टीम अपना पुराना नाम वापस ले।

उन्होंने यह भी कहा था कि पुराना नाम टीम के लिए ज्यादा मूल्यवान और ज्यादा रोमांचक होगा। अमेरिकन इंडियन अफेयर्स एसोसिएशन सहित कई समूहों ने ट्रम्प के दावों को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसी टीम मास्काट परंपराओं से नेटिव संस्कृतियों को कार्टून की तरह पेश किया जाता है। समूह का कहना है कि ये नाम और मास्काट हमें सम्मान नहीं देते, बल्कि हमें मजाक बना देते हैं। हम जीवित संस्कृतियाँ हैं, मनोरंजन के साधन नहीं।

कई जनजातीय सदस्यों ने कहा कि ट्रम्प नेटिव पहचान को अपनी राजनी. तिक भाषा में मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जहां अधिकतर समूह उनके बयान का विरोध कर रहे हैं, वहीं नेटिव अमेरि. कन गार्जियन्स एसोसिएशन ने ट्रम्प का समर्थन किया है। इस संगठन ने कहा कि राष्ट्रपति की बात में कामन सेंस है और कुछ नाम व शब्द वापस लाने चाहिए। यह समूह पहले भी टीम नामों को वापस लाने या उसके उपयोग जारी रखने की मांग करता रहा है। ट्रम्प का नेटिव अमे. रिकन समुदायों के साथ विवाद नया नहीं है। 1993 में कांग्रेस के सामने दिए एक बयान में उन्होंने कहा था कि कुछ जनजातियां उन्हें इंडियन जैसी नहीं दिखतीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दावा किया था कि उनके अंदर कई कथित इंडियंस से ज्यादा इंडियन ब्लड हो सकता है। यह बयान तब आया था जब वे नेटिव अमेरिकन गेमिंग लाइसेंस को लेकर चल रही सुनवाई में शामिल थे।

गरीब देशों के शरणार्थियों को घुसने नहीं दूंगा: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, ताकि अमेरिका फिर से मजबूत हो सके। थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज का कोई कानूनी मतलब नहीं है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट के उन देशों के लिए होता है जो लो इनकम या फिर लोअर मिडिल इनकम कैटेगरी में आते हैं। ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में 2 नेशनल गार्ड्स की मौत के बाद गुरुवार को यह ऐलान किया। उन्होंने इस हमले को शरणार्थियों से जोड़कर बताया। ट्रम्प ने कहा कि इमिग्रेशन पालिसी की वजह से देश के लोगों की जिंदगी बदतर हो चुकी है। ट्रम्प ने कहा: जो लोग अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं हैं या जो हमारे देश से सच्चा प्यार नहीं करते, उन्हें भी हटाया जाएगा। ट्रम्प ने इमिग्रेशन पालिसी को और सख्त करने का वादा किया। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने गुरुवार को ऐलान किया था कि अब 19 देशों से आए प्रवासियों की सख्त जांच की जाएगी। ट्रम्प के थर्ड वर्ल्ड देशों के शरणार्थियों को देश में एंट्री बंद करने का ऐलान यूएससीआईएस से भी बड़ा है। यह एजेंसी अमेरिका में प्रवासियों से जुड़े काम देखती है। यूएससीआईएस के डायरेक्टर जोसेफ एडलो ने गुरुवार को कहा था कि यूएससीआईएस अब अफगानिस्तान समेत 19 देशों के उन लोगों की जांच करने जा रही है जिन्हें पहले अमेरिका में परमानेंट रेजिडेंसी (ग्रीन कार्ड) मिल चुकी है। एडलो ने बताया कि इन 19 देशों की सूची ट्रम्प के जून 2025 के एक आदेश में जारी की गई थी, जिसमें इन्हें 'चिंता वाले देश' कहा गया था। यह नई गाइडलाइन 27 नवम्बर से लागू हो गई है।

यूक्रेन के दूसरे सबसे ताकतवर शख्स के घर छापेमारी

कीव। यूक्रेन की एंटी-करप्शन एजेंसियों ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के चीफ आफ स्टाफ एंड्री येरमाक के घर की तलाशी की है। 2025 की शुरुआत में यूक्रेन में जांच एजेंसियों ने 800 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा किया था, जिसमें जेलेंस्की के कई करीबी घिर गए हैं। जेलेंस्की पहले ही दो मंत्रियों को बर्खास्त कर चुके हैं। कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रपति के एक पुराने बिजनेस पार्टनर तिमूर मिनडिच देश छोड़कर भाग चुके हैं। येरमाक को जेलेंस्की का सबसे करीबी सलाहकार हैं। इसलिए उन्हें देश का दूसरे सबसे ताकतवर शख्स कहा जाता है। वे अमेरिका और रूस के बीच पीस डील में यूक्रेन की तरह से बात. चीत कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामले में घिरने के बाद येरमाक पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ता जा रहा है। हालांकि आज तलाशी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि उनकी तरफ से पूरी मदद की जा रही है और वे किसी केस में आरोपी नहीं हैं। जांच एजेंसियों ने देश की परमाणु ऊर्जा फर्म एनर्जोएटम में टेंडर देने के बदले रिश्वत लेने और सरकारी पैसे की हेराफेरी करने के नेटवर्क को पकड़ा है।

नेपाल ने भारत के 3 इलाकों को अपना बताया

काठमांडू। नेपाल ने भारत के साथ पहले से चल रहे सीमा विवाद को और बढ़ा दिया है। उसने अपने नए 100-रुपये के नोट पर जो नक्शा छापा है, उसमें लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है, जबकि ये तीनों इलाके भारत की सीमा के भीतर आते हैं।

भारत ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है और इसे एकतरफा कार्रवाई बताया, जिसमें ऐतिहासिक तथ्यों को नजरअंदाज किया गया है। विद. `श मंत्रालय ने कहा कि ऐसे दावों सच्चाई नहीं बदलती है। नेपाल को भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। ऐसे दावे

100 रुपये के नोट पर विवादित मैप छापा, भारत बोला: ऐसे दावों से सच्चाई नहीं बदलती

द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करते हैं। ये नोट पर नेपाल राष्ट्र बैंक के पूर्व गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी के साइन हैं और नोट जारी करने का साल 2081 बीएस (2024) लिखा गया है। यह नक्शा नोट के बीच में हल्के हरे रंग में बना है। यह नक्शा सिर्फ 100 के नोट पर है। 10, 50, 500 और 1000 के नोटों पर नहीं। बैंक का कहना है कि पुराने 100 के नोट पर भी नक्शा था, अब उसे सिर्फ सरकारी फैसले के मुताबिक संशोधित किया गया है।

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत गंभीर

सीने में इन्फेक्शन से जूझ रहीं, बांग्लादेश के पीएम यूनुस बोले: सलामती के लिए लोग प्रार्थना करें

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद गंभीर है। यह जानकारी उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा इस्लाम आलमगीर ने शुक्रवार को दी। 80 साल की खालिदा जिया बीएनपी की अध्यक्ष हैं। वे पिछले कई साल से लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रही हैं।

आलमगीर ने कहा कि कल रात डाक्टरों ने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति बेहद गंभीर है। 23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सीने में इन्फेक्शन हो गया था, जिसका असर उनके दिल और फेफड़ों पर पड़ा। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने खालिदा जिया की बिगड़ती सेहत पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने लोगों से जिया के जल्द ठीक होने के

23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था
खालिदा के बेटे तारिक और अन्य पांच आरोपियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी

लिए दुआ करने की अपील भी की है। फिलहाल वे ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती हैं, जहां स्थानीय और विदेशी डाक्टरों की एक टीम उनकी देखरेख कर रही है। खालिदा जिया को लिवर सिरोसिस, हार्ट डिजीज और किडनी की बीमारी है। खालिदा जिया को 8 फरवरी 2018 को ढाका की स्पेशल कोर्ट ने जिया अनाथालय ट्रस्ट के नाम पर सरकारी पैसे का गबन करने के आरोप में 5 साल की सुनाई थी। खालिदा के बेटे तारिक और अन्य 5 आरो. पियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी। इन पर 2.1 करोड़ बांग्लादेशी टका का जुर्माना भी लगा था। तारिक और अन्य 2 आरोपी फरार हो गए थे। जिया ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। इस पर कोर्ट ने 30 अक्टूबर 2018 को सुनवाई करते हुए सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया था। इसके बाद खालिदा ने सजा के खिलाफ लीव-टू-अपील यानी सीधे सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने की अपील की थी। 5 साल तक कानूनी प्रक्रियाओं के चलते इसमें देरी होती रही। शेख हसीना के तख्तापलट के 1 दिन बाद खालिदा जिया को 6 अगस्त 2024 को रिहा किया गया था। इसके बाद वह बेहतर इलाज के लिए लंदन चली गई थीं। 4 महीने वहां रहने के बाद वे 6 मई को देश लौटीं। खालिदा जिया दो बार 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। वह पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान की पत्नी हैं। उनके बड़े बेटे और बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारीक रहमान 2008 से लंदन में रह रहे हैं। वहीं, उनके छोटे बेटे अराफात रहमान का 2025 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

यूएई ने पाकिस्तानियों को वीजा देना बंद किया

70-80 प्रतिशत आवदेन रिजेक्ट हो रहे, अपराध और भीख मांगने की घटनाओं के चलते सख्ती

इस्लामाबाद। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया है। यह जानकारी पाक गृह मंत्रालय के अधिकारी सलमान चौधरी ने दी है।

हालांकि जिन लोगों के पास ब्लू और डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है, उन्हें अभी वीजा जारी किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डीएडब्ल्यूएन ने ट्रैवल एजेंटों के हवाले से बताया है कि पहली बार और सिंगल-एंट्री वीजा के 70-80 प्रतिशत आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। हालांकि जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है। डीएडब्लयूएन की रिपोर्ट के

जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है

मुताबिक लाहौर के रहने वाले 28 साल के नदीम पहली बार घूमने के लिए दुबई जाना चाहते थे, लेकिन उनका वीजा दो बार रिजेक्ट हो गया। ट्रैवल एजेंसी ने वजह बताई कि 40 साल से कम उम्र वाले लोगों की जांच ज्यादा हो रही है। फुल-टाइम नौकरी और बैंक स्टेटमेंट देने के बावजूद वीजा मंजूर नहीं हो रहा। इसके कई युवा परेशान हैं। यूएई और पाकिस्तान के बीच मजबूत राजनीतिक और आर्थिक संबंध हैं, फिर भी वीजा रिजेक्शन का मुद्दा महीनों से चल रहा है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक यूएई ने आधिकारिक तौर पर कोई बैन नहीं लगाया है। लेकिन पिछले कुछ वक्त से यूएई में अपराध और भीख मांगने की घटनाओं में पाकिस्तानी लोगों का नाम सामने आया है। इसके चलते नए लोगों को वीजा मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यूएई अधिक. ारियों को कई आवेदकों के दस्तावेज संदिग्ध मिले। एआई आधारित सिस्टम में गड़बड़ी पकड़ में आती है तो वीजा तुरंत रिजेक्ट हो जाता है। पाकिस्तानी पासपोर्ट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट में गिना जाता है। अब कई देशों की सख्त वीजा नीतियों और एंट्री बैन ने पाकिस्तानी यात्रियों की दिक्कतें और बढ़ा दी हैं।

श्रीलंका में दितवा का कहर 56 लोगों की मौत, 21 लापता

कोलंबो। चक्रवाती तूफान 'दितवा' ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई है तथा अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 21 लोग लापता और 14 घायल हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार चक्रवाती तूफान से करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए हैं।

श्रीलंका के स्थानीय मीडिया 'डेली मिरर' की रिपोर्ट के मुताबिक लगातार भारी बारिश और तेज हवाओं से कई जिलों में नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने केलानी नदी घाटी के कई निचले इलाकों में अगले 48 घंटे के भीतर बाढ़ की आशंका जताते हुए राजधानी कोलंबो सहित कई क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा है। देश के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में अत्यधिक बारिश हुई है। कई इलाकों में बारिश की मात्रा 200 से 300 मिलीमीटर दर्ज की गई

चक्रवाती तूफान ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई, करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए

है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान का केंद्र त्रिकोमाली से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है और इसके उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की आशंका है। तेज मौसम के चलते रेल विभाग ने शुक्रवार सुबह सभी रेल सेवाएं निलंबित कर दीं। कई क्षेत्रों में सड़कें पेड़ गिरने और जलभराव के कारण अवरुद्ध हैं। तेज बारिश और पेड़ों के गिरने से बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई इलाके पूरी तरह अंधेरे में डूबे हुए हैं। कोलंबो के कई मुख्य मार्गों में आवागमन बाधित है। सेना की 20,500 से अधिक टुकड़ियां राहत और बचाव कार्यों में लगा दी गई हैं।